रांची, शनिवार
18.01.2025
वर्ष : 10, अंक : 49 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988



## संक्षिप्त खबरें

### अभिनेता सैफ अली पर हमला मामले में एक व्यक्ति हिरासत में



मुंबई। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को सुबह वडाला इलाके में से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। बांद्रा पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार बांद्रा में बुधवार रात करीब 2 बजे फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के बाद हमलावर फरार हो गया था। इसके बाद मुंबई पुलिस हमलावर को ढूंढ रही है। सैफ के आवास से फरार होते समय हमलावर की फोटो सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इसी तरह हमलावर की तस्वीर बांद्रा स्टेशन के पास भी सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इसी आधार पर आज सुबह पुलिस ने संदिग्ध हमलावर को चर्चगेट इलाके से पकड़ा है। संदिग्ध को बांद्रा में लाकर संयुक्त पुलिस आयुक्त दत्ता नलावणे, पुलिस उपायुक्त दीक्षित गेडाम उससे गहन पूछताछ कर रहे हैं। अभी तक हमले का उद्देश्य स्पष्ट नहीं हो सका है। इस मामले की जानकारी पुलिस ने गोपनीय रखा है। मुंबई पुलिस इस मामले में आज करीना और सैफ के बयान दर्ज करेगी।

### पुणे में दो वाहनों की टक्कर में 9 लोगों की मौत, 6 घायल

मुंबई। पुणे-नासिक हाईवे पर नारायण गांव इलाके में मुक्ताई ढाबे के पास शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे दो वाहनों की जोरदार टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं, चार पुरुष और एक बच्चा है। इस घटना में छह लोग घायल हो गए, जिनका इलाज नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस दुर्घटना पर शोक जताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाएगी। मैंने पुणे के पुलिस अधीक्षक को घायलों के इलाज का उचित ध्यान रखने को कहा है। साथ ही इस घटना की छानबीन का आदेश दिया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही विधायक शरद सोनवणे घटनास्थल पर पहुंचे और मीडिया से बात करते हुए कहा कि नारायणगांव में हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना की छानबीन करके टैम्पो चालक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को राष्ट्रपति ने दिया अर्जुन पुरस्कार

बिभा संवाददाता

रांची : झारखंड की बेटी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया है. उनको पुरस्कार मिलने से राज्य के कई खिलाड़ियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है. प्रदेश का सभी खेल प्रेमी सलीमा को यह पुरस्कार मिलने से गौरवान्वित हैं. हॉकी झारखंड ने सलीमा को बधाई दी है. शुक्रवार को दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में 2024 में विभिन्न खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश के खिलाड़ियों को खेल सम्मान से सम्मानित किया गया.

आपको बता दें कि सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा के छापर गांव की रहने वाली हैं। वो भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं। सलीमा टेटे के अलावा 31 अन्य खिलाड़ियों को भी अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया है। साल 2016 में सलीमा टेटे जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिये चुनी गयीं थी। उसके बाद से वो लगातार बुलंदियों का झंडा गाड़ती चली गयी। मई 2024 में उन्हें भारतीय महिला टीम का कप्तान बनाया गया। सलीमा के पिता भी स्थानीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं।

उनकी प्रतिभा को सबसे पहली बार देखकर मार्गदर्शन देने वाले हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलना राज्य के समस्त खिलाड़ियों में नई ऊर्जा लेकर आएगी. झारखंड सरकार के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी बधाई देते हुए कहा कि 2018 में जब वह अपनी कप्तानी में यूथ ओलंपिक में रजत पदक जीतकर आई थीं तब उनसे मिला था और बधाई दी थी. आज उन्हें अर्जुन पुरस्कार मिलने पर फिर से बधाई देना चाहता हूं. यह समस्त खेल जगत और खिलाड़ियों का सम्मान है.

### अर्जुन पुरस्कार पाने वाली सिमडेगा की पहली खिलाड़ी बनीं सलीमा

झारखंड के सिमडेगा जिले की बेटी भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया. सलीमा टेटे जिला की प्रथम महिला खिलाड़ी हैं जिन्हे अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया है. उनकी इस उपलब्धि पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को इस तरह का सम्मान मिलने से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है साथ ही अन्य युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है.

### झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई

रांची। झारखंड की बेटी और राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित होने पर बधाई व शुभकामनाएं। आपने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से देश को गौरवान्वित किया है। मेरी कामना है कि आप भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करती रहें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सलीमा टेटे को टैग करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूं। आज पुरस्कार पाने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों को भी अनेक-अनेक बधाई और जोहार। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड की बेटी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी इस शानदार उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है।

मुख्यमंत्री से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु गठित संसदीय समिति के सदस्यों ने की भेंट

# एससी-एसटी के उत्थान और विकास के लिए मिलकर कार्य करना होगा:हेमंत

बिभा संवाददाता

रांची :मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रांची के अध्ययन भ्रमण पर आए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए गठित सात सदस्यीय संसदीय समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले इस संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ सदस्य डॉ मल्लू रवि (लोकसभा सांसद), वीडी राम (लोकसभा सांसद), प्रतिमा मंडल (लोकसभा सांसद), रवांग्वरा नारजारी (राज्यसभा सांसद), फूलो देवी नेताम (राज्यसभा सांसद) और देवेन्द्र प्रताप सिंह (राज्यसभा सांसद) शामिल थे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री और संसदीय समिति के बीच अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं समेत कई विषयों/मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को मिलकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की एक बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन प्रगति के रास्ते पर उन्हें जितना आगे आना चाहिए, उसमें कहीं ना कहीं पीछे रह गए हैं। ऐसे मे विकास में उनकी भागीदारी मजबूत करने के लिए ठोस नीति बनाकर उसे योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना होगा ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य करती आ रही है और उसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और विजन डाक्यूमेंट तथा रोड मैप तैयार कर आगे कई और ठोस कदम उठाने जा रही है।

मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने वाले संसदीय समिति के सचिव एवं एडिशनल सेक्रेटरी डी आर शेखर, डिप्टी सेक्रेटरी मोहन अरुमाला, अंडर सेक्रेटरी एन टूथांग,जॉइंट डायरेक्टर टीआरएस गोस्वामी तथा कमिटी अफसर पूजा किर्थवाल भी शामिल थे।

# तिरु फॉल में पिकनिक मनाने गए 3 भाईयों की डूबने से मौत

बिभा संवाददाता

रांची : बुढ़मू प्रखंड के तिरु फॉल में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां डूबने से 3 युवकों की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार 11 बजे की है। बताया जा रहा है कि तीनों तीरु फॉल में पिकनिक मनाने गए थे। इसी दौरान सभी नहाने के लिए पानी में गए और निकल नहीं पाए, जिस कारण तीनों की मौत हो गयी।

स्थानीय लोगों को जानकारी मिलने के बाद गोताखोरों को बुलाया गया। इसके बाद सभी के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार तीनों भाई थे। इनमें आशीष कुमार, अंकुर कुमार और दीपक गिरी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी लोग चान्हो के करकट गांव निवाली थे। सभी की उम्र 20 से



25 साल के लगभग बताई जा रही है।

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पहले आशीष पानी में डूब रहा था। उसे बचाने के लिए अंकुर और दीपक भी पानी में उतर गए। आशीष को बचाने के दौरान तीनों की ही डूबकर मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि आशीष इंजीनियर था और दिल्ली में रह कर नौकरी कर रहा था। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक

एजेंसी

नई दिल्ली : संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से प्रारंभ होगा और यह चार अप्रैल तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार की सिफारिश पर संसद के दोनों सदनों को बजट सत्र 2025 के लिए 31 जनवरी, 2025 से 4 अप्रैल, 2025 तक (संसदीय कार्य की अनिवार्यता के अधीन) बुलाने की मंजूरी दी है।

परंपरा के अनुरूप सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक से होगी, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित



करेंगी। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। इसके बाद एक फरवरी को निर्मला सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और इसके 4 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। बजट सत्र में कुल 27 बैठकें प्रस्तावित है।

रीजीजू ने कहा कि दोनों सदन 13 फरवरी को अवकाश के लिए स्थगित हो सकते हैं और विभिन्न मंत्रालयों व विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा के लिए 10 मार्च को फिर से मिलेंगे। सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दोनों सदनों में बहस होती है और संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री के जवाब के साथ यह संपन्न होता है।

### मध्य प्रदेश में नये आपराधिक कानूनों को जल्द लागू करने का निर्देश

नई दिल्ली : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और इन कानूनों को जल्द से जल्द पूरी तरह अमल में लाने को कहा। बैठक में मध्य प्रदेश में पुलिस, जेल, न्यायालय, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान ब्यूरो के महानिदेशक, अपराध रिकार्ड ब्यूरो के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रोजगार के नाम पर युवाओं को गुमराह कर रही है मोदी सरकार : मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी

नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर रोजगार के आंकड़ों में फजीर्वाड़ा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जो तस्वीर पेश की जा रही है वह झूठ है और सच्चाई पर पर्दा डालने का काम किया जा रहा है।

श्री खरगे ने कहा कि झूठे दावों, आंकड़ों के फर्जीवाड़े और घटती नौकरियों की सच्चाई पर पर्दा डालना मोदी सरकार की आदत बन चुकी है। इस साल 82 प्रतिशत युवा नौकरी की तलाश में, 55 प्रतिशत बोले पिछले साल नौकरी ढूंढ़ना हुआ कठिन और 37 प्रतिशत का कहना है कि उन्होंने 2025 में नयी नौकरी तलाशने की उम्मीद ही छोड़ दी है। एक अलग सर्वे से पता चला है कि 69 प्रतिशत मानव संसाधनए-एचआर से जुड़े पेशेवरों को लगता है कि किसी भूमिका के लिए योग्य प्रतिभा ढूंढना अब अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है।

उन्होंने कहा सरकारी आंकड़ों द्वारा बिना सर्वेक्षण किए, पुराने सर्वे के अनुमान जे आधार पर मोदी सरकार करोड़ों युवाओं को रोजगार पैदा करने के नाम पर गुमराह कर रही है। बिना भुगतान के श्रमिक को नौकरियाँ बनाकर, 'ओन ऑवर वर्क पर वीक' को भी नौकरियों की तरह गिनकर देश को धोखा दे रही है। मोदी सरकार ने युवाओं को - माफि याराज द्वारा पेपर लीक, चंद नौकरियों के लिए भगदड़, नोटबंदी और गलत जीएसटी जैसी कुनीतियों द्वारा एमएसएमई ठप्प कर नौकरी छीनने, आरक्षण का अधिकार हथियाने, सरकारी नौकरियों के पद सालों तक खाली रखने और सालाना दो करोड़ नौकरी देने जैसे झूठ से ठगा है।

# देश की डिजिटल भुगतान क्रांति में सबसे आगे यूपीआई

एजेंसी

नई दिल्ली। हाल के वर्षों में भारत ने डिजिटल लेन-देन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है, जो कैशलेस समाज बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति में सबसे आगे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) है, जिसने दिसंबर 2024 में 16.73 बिलियन लेन-देन का रिकॉर्ड हिट बनाया है। इसके अलावा तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) और एनईटीसी फास्टैग वित्तीय लेन-देन को तेज, अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाने वाले प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं।

वित्त मंत्रालय के अनुसार नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया

### दिसंबर में 16.73 बिलियन लेनदेन का रिकॉर्ड हिट




(एनपीसीआई) के हालिया डेटा के अनुसार यूपीआई ने 16.73 बिलियन से अधिक लेन-देन संसाधित करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें 23.25 लाख करोड़ रुपये का चौंका देने वाला लेनदेन मूल्य है। यह नवंबर में 21.55 लाख करोड़ रुपये से उल्लेखनीय उछाल है। 2024 में यूपीआई ने लगभग 172 बिलियन लेन-देन संसाधित किए, जो 2023 में 117.64 बिलियन से 46 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। यह वृद्धि वित्तीय समावेशन की ओर एक व्यापक सांस्कृतिक बदलाव को रेखांकित करती है, जिसमें यूपीआई एक केंद्रीय स्तंभ है।

यूपीआई ने मोबाइल लेन-देन के क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा है। आईएमपीएस लंबे समय से खातों के बीच तत्काल भुगतान के लिए एक विश्वसनीय सेवा रही है। 2010 में लॉन्च की गई तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) एक वास्तविक समय, 24७7 इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सेवा है, जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों में त्वरित लेनदेन की सुविधा प्रदान करती है। मोबाइल, एटीएम, एसएमएस और इंटरनेट सहित कई चैनलों के माध्यम से लेन-देन का समर्थन करने में इसकी बहुमुखी प्रतिभा ने इसे व्यवसायों और व्यक्तियों दोनों के लिए एक आवश्यक उपकरण बना दिया है। हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि आईएमपीएस लेन-देन में उछाल आया है, दिसंबर 2024 में 441 मिलियन लेन-देन दर्ज किए गए, जबकि नवंबर 2024 में 407.92 मिलियन लेन-देन दर्ज किए गए थे। लेन-देन मूल्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो दिसंबर में 6.01 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले महीने 5.58 लाख करोड़ रुपये था।

एक अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल भुगतान विधि, जिसका महत्व बढ़ गया है, वह है एनईटीसी फास्टैग। नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (एनईटीसी) फास्टैग राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल का भुगतान करने का एक सहज कैशलेस तरीका प्रदान करता है, जिससे वाहनों को टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। फास्टैग को बैंक खाते (चाहे वह बचत, चालू या प्रीपेड हो) से जोड़कर चालक चलते-फिरते अपने टोल का भुगतान कर सकते हैं, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होती है। नवंबर में 358.84 मिलियन के मुकाबले दिसंबर में फास्टैग लेन-देन की मात्रा बढ़कर 381.98 मिलियन हो गई। नवंबर में 6,070 करोड़ रुपये के मुकाबले इसका मूल्य भी बढ़कर 6,642 करोड़ रुपये हो गया।

यूपीआई, आईएमपीएस और एनईटीसी फास्टैग के माध्यम से डिजिटल लेन-देन में वृद्धि भारत की डिजिटल-फर्स्ट अर्थव्यवस्था के बढ़ते चलन का प्रमाण है। इन तकनीकों ने न केवल वित्तीय लेन-देन को आसान बनाया है बल्कि अधिक सुरक्षित भी बनाया है।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में सत्रह नक्सली ढेर

एजेंसी

छत्तीसगढ़ : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले और तेलंगाना के संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हो गए है।

बीजापुर में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे से शुरू हुई मुठभेड़ आज खत्म हो गई। घटना स्थल से जवानों की टीम वापसी कर रही है।

पुजारी कांकेर और मारुडबाका के जंगलो में हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हुए हैं जिसमें से 12 के शव बरामद भी कर लिए गए हैं। वहीं डीआरजी का एक जवान घायल भी हुआ है। 1100 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के डीआरजी के जवान भी शामिल हैं इस अभियान का हिस्सा थे। इसके अलावा, कोबारा बटालियन के सीआरपीएफ जवानों का भी इस ऑपरेशन में सहयोग रहा।

मुठभेड़ का यह इलाका तेलंगाना राज्य की सीमा से सटा हुआ है। दरअसल, बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

# संक्षिप्त खबरें

## शिक्षा मंत्री से आदिवासी छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, सौंपा मांग पत्र



**रांची(बिभा):** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात कर राज्य के 5वीं अनुसूचित क्षेत्रों में जनजातीय भाषाओं के संरक्षण, शिक्षण और भाषा शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर महत्वपूर्ण माँगें रखीं। झारखंड की मूल भाषाएँ–कुड़ुख, मुण्डारी, संथाली, खड़िया, हो और मलतो–आज बाहरी भाषाओं के बढ़ते प्रभाव से संकट में हैं। इन भाषाओं को शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य करने और उनकी पढ़ाई सुनिश्चित करने की माँग की गई। शिक्षा मंत्री ने सभी माँगों को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति और भाषाओं के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। आदिवासी छात्र संघ ने सरकार से माँग की है कि इन माँगों को जल्द से जल्द लागू किया जाए, ताकि झारखंड की मूल भाषाएँ और संस्कृति सुरक्षित रह सकें। इस प्रतिनिधिमंडल में सुशील उराँव, केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उराँव, अध्यक्ष विवेक तिर्की, उपसचिव पायल बांड़ो, सचिव अमित तिग्गा, नितेश टोप्पो और अन्य सदस्य शामिल थे।

## मारवाड़ी कॉलेज के विद्यार्थी भौगोलिक यात्रा के लिए रवाना




**रांची(बिभा) :** मारवाड़ी कॉलेज के भूगोल विभाग के तत्वावधान में यूजी 4 के 73 विद्यार्थीगण, लघु भौगोलिक यात्रा के लिए राँची रेलवे स्टेशन से दिल्ली - मनाली के लिए रवाना हुए . विभागाध्यक्ष डॉ .निवेदिता पॉल ने वीडियो कॉल के माध्यम से सभी को खुशहाल, स्वास्थपूर्ण, शैक्षणिक यात्रा हेतु शुभकामना दिए । साथ ही कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने भी विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामना देकर विदा किया। भौगोलिक यात्रा की अध्यक्षता डॉ .रीना कुमारी, राजेश डांग एवं विभाग सहकर्मी प्रदीप प्रजापति के द्वारा की जा रही है. यात्रा का सम्पूर्ण कार्यभार स्टार ट्रेवल एंड हॉलिडे के माध्यम से की गई है।

## एकदिवसीय कराटे ट्रेनिंग व कलर बेल्ट्स ग्रेडेशन का आयोजन



**रांची(बिभा) :** शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय कराटे ट्रेनिंग और कलर बेल्ट्स ग्रेडेशन यूनियन क्लब कराटे सेन्टर, रांची में किया गया। उपस्थित कराटे को खेल कराटे के तकनीको और वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमों की जानकारी हांसी मानस सिन्हा, चीफ इंस्ट्रक्टर, शोतोकन कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा दी गई। जिसमे यूनियन क्लब के 35 कराटेकारो ने भाग लिया। हंसी मानस सिन्हा का सहयोग शोकफ के कराटे प्रशिक्षक सेंसाई नंदकिशोर माहतो ने किया। बेल्ट ग्रेडेशन में शानदार प्रदर्शन करने वाले को हांशी मानस सिन्हा, यूनियन क्लब के सेक्रेटरी सेतंका सेन , राम प्रसाद चटर्जी ने मेडल दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तनीषा राठौर, समृद्धि राज लक्ष्मी, अर्णव चौधरी और मानसी वर्मा को मेडल्स प्रदान किया गया।

## हटिया विधानसभा स्तरीय वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन



**रांची(बिभा) :** धुर्वा डैम के समीप हटिया विधायक नवीन जायसवाल के सौजन्य से हटिया विधानसभा स्तरीय वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी पंचायतों एवं वार्ड क्षेत्र से 2000 से भी अधिक पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा, झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने वहां मौजूद सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए हटिया विधानसभा में चौथी बार परचम लहराने के लिए सभी कार्यकताओं को बधाई दिया । हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने अपनी ओर से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आदरणीय कर्मवीर सिंह, आदित्य साहू, शिवपूजन पाठक, वरुण साहू आदि विधानसभा के अन्य वरीय नेताओं व हजारों की संख्या में आये अपने कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट करते यह कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ता ही सर्वश्रेष्ठ होता है, और कार्यकताओं के बिना नेता की कल्पना हो ही नहीं सकती। हटिया के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को मैं सादर प्रणाम करता हूं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से कर्मवीर सिंह ,आदित्य साहू, शिवपूजन पाठक, वरुण साहू बलराम सिंह, जैम्स बॉण्ड खालको, रूपेश गोप, सुबोध साहू,देवेंद्र सिंह, राहुल सिंह , अनिता वर्मा, पूनम जायसवाल के साथ हटिया विधानसभा से हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# महुआ शराब का प्लांट लगाकर राजस्व बढ़ाने पर जोर: वित्त मंत्री

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड में देशी महुआ शराब की खपत और इसकी व्यापक उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार अब महुआ शराब बनाने की फैक्टरी लगाकर महुआ शराब बेचने की शुरूआत करेगी। इसके लिए मद्य निषेध और उत्पात विभाग बकायदा वृहद प्लांट लगाने पर विचार कर रहा है।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में बजट पूर्व गोष्ठी के दूसरे दिन बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्पात विभाग केएक्सपर्टकी ओर सेविचार आए हैं। इस पर सरकार विचार करेगी।

मंत्री ने कहा कि चूंकि 'महुआ' का सेवन स्थानीय स्तर पर बड़ी मात्रा में किया जाता है, इसलिए गोवा की तर्ज पर विभाग विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर सकता है ताकि लोगों को अधिक परिष्कृत महुआ पेय उपलब्ध कराया जा सके। इससे राज्य सरकार को राजस्व बढ़ोतरी में मदद भी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि गोष्ठी में कई एक्सपर्ट ने झारखंड में जल्द कोयला की उपलब्धता समाप्त होने का अनदेशा जाहिर किया। ऐसी स्थिति में झारखंड सरकार राज्य में मौजूदा यूरेनियम का उपयोग बिजली उत्पादन में करने पर सहमति जताई है। राज्य में यूरेनियम प्लांट लगाने पर भी सहमति बनी है।

मंत्री ने कहा कि अब तक जो विभिन्न सुझाव आए हैं उनमें यह भी शामिल है कि डीजल की कीमतों को कम किया जा सकता है। और उत्तर प्रदेश के बराबर लाया जा सकता है जिससे मांग बढ़ेगी और राजस्व में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य के आंतरिक संसाधनों के माध्यम से बिजली संयंत्र स्थापित करने के विकल्प पर भी चर्चा की गई क्योंकि ऊर्जा विभाग राज्य में पिक लोड मांगों को पूरा करने के लिए औसतन 600 करोड़ रुपये प्रति माह का भुगतान कर रहा है जो कि 2900 मेगावाट है। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को उत्पाद शुल्क विभाग के तहत लक्ष्यों पर फिर से विचार करने के लिए भी कहा गया, जो वर्तमान में इस वित्तीय वर्ष के लिए 2700 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य सालाना 8,000 रुपये कमा रहे हैं जबकि हरियाणा उत्पाद शुल्क से सालाना 5,000 करोड़ रुपये से अधिक कमाता है, जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में मंत्री राधा कृष्ण किशोर के अलावे खास तौर पर ऊर्जा विभाग, शिक्षा विभाग पथ निर्माण विभाग, भू राजस्व विभाग समेत अन्य विभाग के प्रधान सचिव और अन्य अधिकारी पदाधिकारी

### 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत साइकिलिंग एवं टेनिस प्रतियोगिता का हुआ उदघाटन

# राज्य सरकार उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दे रही है सीधी नियुक्ति : विधायक

बिभा संवाददाता



**रांची :** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 14/17/19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग (ट्रैक) एवं अंडर 19 टेनिस प्रतियोगिता का आज भव्य उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह में खिजरी के विधायक राजेश कच्छप बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि के अलावा रांची के सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन सोरेंग, झारखंड टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, जे.टी.ए के निदेशक सह कोषाध्यक्ष संजेश मोहन ठाकुर, झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेन्द्र कुमार पाठक, झारखंड टेनिस एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गुप्ता, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र लांबा, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह शामिल हुए।

उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि यह आयोजन आने वाले दिनों में छिपी हुई प्रतिभाओ को सामने लाने और उसे निखारने का बेहतरीन और सुंदर मंच है। खिलाड़ी भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड में हो रहे इस आयोजन को सदैव याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की रीति रिवाज, परम्पराएं, संस्कृति और खानपान प्रकृति से जुडी हुई है। हम प्राकृतिक औषधियों का सेवन करते है, ऐसे फल, सब्जियों का इस्तेमाल करते है जो प्रकृति की गोद से मिलती है। हमारी पहचान प्रकृति और खेल से है। क्रिकेट और हॉकी में हमने कई बार देश का प्रतिनिधित्व किया है। अन्य खेलो में भी हम निरंतर आगे बढ़ रहे है। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नौकरियों में सीधी नियुक्ति देने की नीति बनाई है। इसमें कुछ और संशोधन करने पर हम विचार कर रहे है, जिससे खेल से जुड़े सभी नौनिहालों को भी प्रोत्साहित किया जा सके।

### देशभर की 46 टीमें, 524 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 14/17/19 बालक बालिका वर्ग साइकिलिंग (ट्रैक) एवं अंडर 19 टेनिस प्रतियोगिता में देश की कुल 46 टीमें भाग ले रही है। साइकिलिंग अंडर 14 में 41 बालक एवं 40 बालिकाएं, अंडर 17 के दोनों वर्गों में 52-52 बालक/बालिकाएं, और अंडर 19 में 55 बालक और 49 बालिकाएं शामिल है। टेनिस अंडर 19 प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 122 खिलाडी और बालिका वर्ग में 113 खिलाडी भाग ले रहे है। दोनों प्रतियोगिताओ में सर्वाधिक 36-36 खिलाड़ी आंध्र प्रदेश और दिल्ली की टीम के है। झारखंड से दोनों प्रतियोगिताओ में 33 खिलाडी भाग ले रहे है। दोनों प्रतियोगिताओ को मिलाकर कुल 524 खिलाड़ी पदको के लिए जोर आजमाएंगे। खिलाड़ियों के अलावा प्रतियोगिता में 26 राज्यों एवं संघो से 182 कोच और टीम प्रबंधक शामिल हो रहे है।

### नागपुरी लोकनृत्य एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों की धुन ने सबका मन मोहा

उदघाटन समारोह की शुरूआत नागपुरी लोकनृत्य एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनियों से हुई। स्वागत गीत के रूप में प्रस्तुत इन धुनों को सुनकर आये हुए अतिथि और खिलाड़ी भी मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद पारम्परिक नगाड़ा बजाकर खेल आयोजन की विधिवत शुरूआत की गयी। देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। उदघाटन समारोह के अंत में विधायक राजेश कच्छप ने फ्लैग ऑफ करके साइकिलिंग (ट्रैक) प्रतियोगिता की शुरूआत की।

## टीवीएस स्कूल में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन



बिभा संवाददाता



**रांची :** उपायुक्त रांची के निदेर्शानुसार शुक्रवार को टीवीएस स्कूल जगन्नाथपुर धुर्वा में बोर्ड परीक्षार्थियों हेतु इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया गया।

जिसमें Crack The Code: Managing Exam Stress: Interactive Session इस विशेष इंटरैक्टिव सत्र में सहायक समाहर्ता रांची, आदित्य पांडे, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, डीएसई रांची और सीबीएसई समन्वयक मनोहर लाल ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को खोए बिना परीक्षा की तैयारी के टिप्स साझा किए।

साथ ही कुछ महत्वपूर्ण और उपयोगी टिप्स पर भी चर्चा की जैसे परीक्षा के समय प्रबंधन, सभी मुख्य पत्रों का संतुलित अध्ययन, सैंपल प्रश्न पत्रों का लगातार प्रैक्टिस, प्रश्न पत्रों के सभी प्रश्नों को हल करने का प्रयास करना, परीक्षा में तनाव मुक्त और चिंता मुक्त होना और इत्यादि। विद्यार्थियों ने बेबाकी से अपनी सभी समस्याओं को सामने रखा। प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुषमा किंडो, स्कूल मैनेजर एस एम ओमैर और सभी शिक्षकों की उपस्थिति में लगभग 150 छात्र इस जानकारीपूर्ण इंटरैक्टिव सत्र में उपस्थित हुए। डॉ. सरिता सिन्हा ने इस कार्यक्रम का संचालन किया और डॉक्टर ज्योति मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

इस सत्र से छात्रों में काफी उत्साह और संतोष दिखाई दे रहा था। निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए यह सत्र फलदायी होगा। अधिकारियों ने शिक्षकों से अपने विषय पर फोकस करते हुए 100% परीक्षा परिणाम देने हेतु निर्देश दिया।

## द हंस फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

बिभा संवाददाता

**रांची :** द हंस फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 17 - 19 जनवरी तक चलने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ होटल एवीएम ग्रांड में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य देखभाल के महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा और जागरूकता के साथ शुरूआत की। इस कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय उपनिदेशक ने दीप प्रज्वलित कर किया और फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए वरदान बताया।

डॉ. प्रवीण ने अपने संबोधन में बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बताया कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु के मुख्य कारण निमोनिया और डायरिया हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन बीमारियों से बचने के लिए उचित इलाज और सावधानी जरूरी है। डॉ. नवीन वर्णवाल ने किडनी स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर न केवल किडनी की बीमारियों को रोका जा सकता है, बल्कि पहले से प्रभावित किडनी की स्थिति को भी बिगड़ने से बचाया जा सकता है। उन्होंने पोषण और व्यायाम के महत्व को रेखांकित किया।

डॉ. राजेश, जो जयपुर के आईआईएम प्रोफेसर हैं, ने गंभीर कुपोषण के मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों की मृत्यु का खतरा सामान्य बच्चों से कई गुना अधिक होता है। उन्होंने ऐसे बच्चों के लक्षण पहचानने और समय पर पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने की आवश्यकता पर बल दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हंस फाउंडेशन के चिकित्सकों को समाज के कमजोर वर्ग, विशेषकर बच्चों, के लिए और अधिक प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार करने का प्रयास है। कार्यक्रम ने स्वास्थ्य देखभाल की व्यापक समझ और समाधान को बढ़ावा देने का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा किया।

# रांची विश्वविद्यालय और इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन मिल कर उद्यमशीलता को बढायेंगे

### रांची विश्वविद्यालय कुलपति इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन झारखंड के सलाहकार बने

### कुलपति ने कहा रांची विश्वविद्यालय के पास नवाचार के ढेरो मौके

बिभा संवाददाता



**रांचीः** इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन (इसुआ) की टीम ने रथिन भद्रा के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की और झारखंड में स्टार्ट-अप तथ उद्यमशीलता को गति देने के लिये कुलपति से सहयोग मांगा। इसुआ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्रा ने कुलपति डॉ. सिन्हा से झारखंड में इसुआ के एडवाइजर बनने का आग्रह किया ताकि राज्य में उनका अमूल्य सहयोग प्राप्त हो। इस आग्रह को कुलपति ने स्वीकार कर लिया है। अब रांची विश्वविद्यालय और इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन (इसुआ) झारखंड में उद्यमशीलता तथा रोजगारपरक नये आयडियाज पर मिल कर काम करेंगे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे पास स्टार्ट-अप के बहुत सारे नवाचार हैं जिसे हम इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन के साथ मिल कर बेहतर और प्रभावी ढंग से करते हुए अच्छा परिणाम हासिल कर सकते हैं। इससे हमारे राज्य के युवा बाहर रोजगार खोजने के बजाय रोजगार देने वाले बन सकते हैं। रांची विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में एक कमिटी बना कर इस दिशा में शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा। वहीं रथिन भद्रा ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि रांची विश्वविद्यालय तथा कुलपति के अनुभवों और नेतृत्व से हम झारखंड में एक रोजगारपरक इकोस्टिम बना सकेंगे जो उद्यमशीलता और नये विचारों को गति देंगे। ऐसा होने से झारखंड ही नहीं बल्कि देश भर के युवाओं को लिये नये अवसर प्राप्त होंगे।

इस बैठक में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, डीन साइंस डॉ अरूण कुमार, डॉ ऐके डेल्टा, डॉ वन्दना, डॉ सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, डॉ रणधीर कुमार,विभिन्न विभागों के हेड तथ प्राध्यापक वहीं इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रथिन भद्रा, राजा बागची, तथा अन्य उपस्थित थे।

# किताबें सुख-दुख की साथी हैं: महुआ माजी

बिभा संवाददाता




**रांची।** पुस्तकों से व्यक्ति को सदा जुड़ा रहना चाहिए। क्योंकि, किताबें सच्चा मित्र ही नहीं सुखझ्दुख की साथी भी हैं। ये बातें शुक्रवार को समय इंडिया, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्कूल मैदान में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेले का विधिवत शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार सह राज्यसभा सदस्य डॉ. महुआ माजी ने कही।

माजी ने पुस्तकों की महत्ता को खासतौर पर रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि यदि पुस्तकें नहीं होतीं तो हम अपनी परम्परा, संस्कृति और ज्ञान संपदा को नहीं जान पाते।

रांची विधायक सीपी सिंह ने भी पुस्तकों को व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पुस्तक लिखना आसान नहीं। बहुत साधना और संयम की जरूरत होती है। मुझे कोई किताब लिखने को कहे तो मेरे लिए मुश्किल होगी। उन्होंने पुस्तक पठनीयता पर कहा कि आज के दौर में पुस्तकें पढ़ने वाले कम हो रहे हैं लेकिन इस तरह के आयोजन से पठनीयता बढ़ती है। लोग किताबों के करीब आते हैं और उनकी रुचि में परिवर्तन आता है।

आगत अतिथियों ने पुस्तक मेला परिसर का भ्रमण कर विभिन्न स्टॉल्स पर प्रदर्शित पुस्तकों का अवलोकन किया और आयोजन को सराहा। अतिथियों का स्वागत समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने किया। स्वागत वक्तव्य में उन्होंने कहा कि रांची में जारी पुस्तक मेला की परम्परा पुस्तक आन्दोलन का हिस्सा है। भूषण ने पुस्तक प्रेमियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में आकर पुस्तकें खरीदें और उपहार में भेंट करें।

### तीन पुस्तकों का विमोचन

पुस्तक मेले में स्थानीय वरिष्ठ कथाकार उर्मिला सिन्हा की दो नवीनतम कथाकृतियां एक जोड़ीआंखें और यादों की पोटली का विमोचन मुख्य अतिथि सांसद महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह ने किया। इसके अतिरिक्त अशोक बंका के कहानी संग्रह सरहुल का भी विमोचन हुआ। इस अवसर पर डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय, डॉ. गोवर्धनपुरी, डॉ. ममता, मनीष सिन्हा, डॉ. कुसुमलता, वीणा श्रीवास्तव सहित नगर के बुद्धिजीवी, संस्कृति प्रेमी, पत्रकार और पुस्तक प्रेमी उपस्थित रहे।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत करेगा भविष्य की मोबिलिटी

बिभा संवाददाता

**रांची :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई ) बहुप्रतीक्षित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में मोबिलिटी के भविष्य को फिर से परिभाषित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। HMSI इस एक्सपो में कई नवाचारपूर्ण और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पाद प्रदर्शित करेगा, जो 17-22 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यह कंपनी की नवाचार और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।होंडा पैवेलियन की अगुवाई करेगी बिल्कुल नई एक्टिवा ई : और QC1 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स, जिनकी प्रारंभिक कीमतों की आज घोषणा की गई है। बिल्कुल नई एक्टिवा ई : और QC1 की शुरूआती कीमत क्रमशः 1,17,000 और 90,000 (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु) रखी गई है।कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए केयर पैकेज भी पेश किए हैं, जो उनके समग्र मूल्य को बनाए रखने और वाहन की दीघार्यु को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं।इस अवसर पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहाःर होंडा में, हम निरंतर नवाचार और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने में विश्वास रखते हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 हमारे कार्बन न्यूट्रैलिटी और सतत मोबिलिटी समाधानों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित करने का आदर्श मंच है।

## संक्षिप्त खबरें



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, (विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त) जीओसी- 23 इन्फेंट्री डिवीजन, दीपाटोली कैंट, रांची ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तबीयत बिगड़ी, जमशेदपुर के टीएमएच में भर्ती




**रांची(बिभा):** सरायकेला से बीजेपी विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्हें टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच), जमशेदपुर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, उन्हें ब्लड प्रेशर और लूज मोशन की शिकायत थी। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। चंपाई सोरेन ने इसकी जानकारी खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा कर दी। उन्होंने कहा, "स्वास्थ्य संबंधित जटिलताओं की वजह से आज सुबह मुझे टाटा मेन हॉस्पिटल (जमशेदपुर) में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार चिंता की कोई बात नहीं है। अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं और बहुत जल्द, पूर्णतः स्वस्थ होकर, आप सभी के बीच वापस आऊंगा।

### एचईसी कर्मचारियों को जल्द मिल सकती है खुशखबरी, भेल में हो सकता है मर्जर या एलएंडटी करेगी अधिग्रहण



**रांची(बिभा) :** एचईसी के कर्मचारियों के लिए खुशखबरी की संभावना बढ़ गई है। उद्योग मंत्रालय के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मंत्रालय ल्हएउ के भविष्य को लेकर गंभीर है और इसके लिए महत्वपूर्ण बातचीत शुरू हो गई है। पिछले एक महीने में देश की दो बड़ी कंपनियों भेल और एलएंडटी के साथ एचईसी के विलय और अधिग्रहण को लेकर बातचीत हुई है. इसमें कंपनी की उपयोगिता, संसाधन, कार्यक्षेत्र और देनदारी पर गहन चर्चा हुई है। मालूम हो कि एचईसी के कर्मचारियों का 29 महीने का वेतन लंबित हो गया है, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो गई है। कंपनी की देनदारी करीब 3,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है और कार्यशील पूंजी के अभाव में उत्पादन में भारी गिरावट आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एचईसी का उत्पादन 100 करोड़ रुपये से भी कम रहने की उम्मीद है। एचईसी के सीएमडी केएस मूर्ति ने हाल ही में दिल्ली में हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महासचिव लीलाधर सिंह से मुलाकात की और कर्मचारियों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर तीन महीने तक शांतिपूर्ण माहौल बना रहे तो एचईसी का उत्पादन बढ़ सकता है और कंपनी फिर से विकास की ओर अग्रसर हो सकती है।

### झारखंड के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 22 को



**रांची(बिभा) :** झारखंड के सभी 24 जिलों में 22 जनवरी को एक बार फिर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन होगा. इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता के द्वारा सभी जिलों के एसएसपी, एसपी को आदेश जारी किया गया है.आदेश में कहा गया है,कि जिन स्थानो पर पूर्व में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, उसी स्थान पर यह कार्यक्रम करें. इससे पहले 18 दिसंबर 2024 और 10 सितंबर 2024 को शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है.

### दलादली एवं तुपुदाना क्षेत्र से 26 वाहनों से वसूला गया 730500 रुपये का जुर्माना

**रांची(बिभा) :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी अखलेश कुमार द्वारा दलादली एवं तुपुदाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना परमिट, प्रदूषण प्रमाण, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जाँच जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची श्री अखलेश कुमार द्वारा की गई की गई। वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 138 वाहनों की जाँच की गई। कार्यालय कर्मियों द्वारा बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जाँच की गई। कुल 26 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा आदि) से 07 लाख 30 हजार 500 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सभी वाहन स्वामियों/चालकों से अनुरोध किया गया है कि वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं एवं वाहन संबंधित सभी कागजात अद्यतन रखें। साथ ही वाहनों में लदान क्षमता के अनुसार ही परिवहन करें।

### राज्य में 23 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में बदलाव नहीं

**रांची(बिभा)।** राज्य में ठंड का असर कम नहीं हो रहा है। फिलहाल, 23 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, शुक्रवार को राजधानी रांची में सुबह में कोहरे और धुंध एवं बादलों की लुका-छिपी बनी रही। मौसम विभाग ने 18 से 23 जनवरी तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में तीन डिग्री सेल्सियस तापमान गिरा। रांची के सटे कांके का तापमान पिछले 24 घंटे में 3.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। रांची का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस जगन्नाथपुर में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा जबकि कहीं-कहीं हल्का कोहरा भी देखा गया।

# दो लाख का इनामी पीएलएफआई का जोनल कमांडर कृष्णा गिरफ्तार

**51 मामलों में चल रहा था फरार, हथियार बरामद**

बिभा संवाददाता



**रांची ।** झारखंड की रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी के दो लाख के इनामी सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर एक कारबाईन, एक पिस्टल मैगजीन सहित, 11 गोलियां, एक मोबाइल और तीन कंबल बरामद किया गया है।

डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो लाख के इनामी और पीएलएफआई के जोनल कमांडर कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कृष्ण यादव के ऊपर रामगढ़, लातेहार, चतरा, रांची और लोहरदगा जिले के अलग-अलग थानों में कुल 51 मामले दर्ज हैं। इससे पहले साल 2021 में भी रांची पुलिस ने कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद लातेहार पुलिस ने एक मामले में पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लेकर बालूमाथ थाना के हाजत में रखा था। वह 23 मार्च, 2021 की सुबह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर था। साथ ही एक के बाद एक हत्या, गोलीबारी और आगजनी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती देते आ रहा था।

डीआईजी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णा यादव अपने दस्ता सदस्यों के साथ लोहदगा जिले के कुडू के धोबीघाट गया हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम वहां छापेमारी करने गई थी लेकिन कुछ देर पूर्व ही वहां से कृष्णा यादव जा चुका था। आगे सूचना मिली कि वह अपने सदस्यों के साथ मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटा पहाड़ से हरहु बसरिया जाने वाली कच्ची सड़क के पास जंगल में दो अन्य दस्ता सदस्यों के साथ छुपा है और किसी नक्सल घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा है।

सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने जंगली क्षेत्र का घेराबंदी कर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी को अवैध हथियार, गोली एवं मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर नकटा पहाड़ क्षेत्र के अम्बाटांड़ जंगल में स्थित क्षतिग्रस्त मकान में काले रंग के बैग में छिपाकर रखा हुआ हथियार सहित अन्य सामान बरामद किया।

डीआईजी के मुताबिक, कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि यह प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन से वर्ष 2014 से जुड़ा है तथा वर्तमान में जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी का सदस्य है। वह क्षेत्र के जमीन कारोबारियों, क्रसर मालिकों, ईंट-भट्ठा मालिकों तथा विकास कार्य में लगे ठेकेदारों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम की मांग करता था। साथ ही रकम नहीं देने पर कार्य स्थल पर दस्ता सदस्यों के साथ जाकर आगजनी, तोड़फोड़ एवं फायरिंग तथा हत्या तक की घटना को अंजाम देता है।

नक्सली ने बताया कि कुछ और हथियार नकटा पहाड़ और चंदवा थाना क्षेत्र के सीमा के बीच जंगल में बने नाले के पास छिपाकर रखा है। इसी क्षेत्र में उसके दस्ता सदस्य भी रहते हैं। उसके बताए अनुसार इस क्षेत्र में पुलिस बल उसे साथ लेकर पैदल तलाशी एवं छापेमारी अभियान चला रही थी कि इस बीच में पुलिस को धक्का देते हुए रस्सा छुड़ाकर भागने लगा। इस दौरान वह गिरकर घायल हो गया। पुलिस उसे पकड़कर रिम्स रांची में भर्ती कराया है, जहां पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज चल रहा है।

## महाधिवेशन की तैयारी में झामुमो, कल्पना सोरेन को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

बिभा संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजनीति में तेजी से उभर रही झामुमो विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, उन्हें केंद्रीय महासचिव या महिला मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

**झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी**

कल्पना सोरेन को पार्टी में अहम पद मिलने की खबर से कार्यकताओं में उत्साह है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने उन्हें झारखंड की राजनीति का धूमकेतु बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजा, लेकिन इस मुश्किल समय में कल्पना सोरेन ने पार्टी के लिए जो काम किया, वह झामुमो के लिए अमूल्य संपत्ति की तरह है।

**महाधिवेशन में हो सकती है घोषणा**

सूत्रों के अनुसार, झामुमो का केंद्रीय महाधिवेशन फरवरी या मार्च में होने की संभावना है, जहां कल्पना सोरेन की नई जिम्मेदारी की औपचारिक घोषणा की जा सकती है। इस मुद्दे पर भाजपा ने झामुमो पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि जब हेमंत सोरेन जेल गए थे, तभी से कल्पना सोरेन को आगे बढ़ाने की कोशिश हो रही थी। उन्होंने कहा कि झामुमो में योग्य नेताओं की कमी नहीं है, लेकिन पार्टी की कमान हमेशा सोरेन परिवार के हाथों में ही रखी जाती है।

## झामुमो ने तीन जिलों को छोड़कर बूथ स्तर की सभी कमेटियों को किया भंग

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने तीन जिलों दुमका, धनबाद और हजारीबाग को छोड़कर सभी जिलों की बूथ स्तर तक की सभी समितियों को भंग कर दिया है। साथ ही संयोजक मंडली का गठन किया गया है।

यह जानकारी झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से शुक्रवार को जारी आदेश में दी गयी है। संयोजक मंडली के सदस्यों की नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी। मनोनीत संयोजकों को निर्देश दिया गया है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 18 जनवरी से 28 फरवरी तक युद्धस्तर पर चलाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सदस्यता अभियान के सफल संचालन के लिए पार्टी के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा वरिष्ठ नेताओं से सहयोग तथा मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए सभी स्तर के नेता एवं कार्यकताओं को शामिल करेंगे।

जारी आदेश में कहा गया है कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर पार्टी हित में सदस्यता अभियान को सफल बनाने का कार्य करेंगे। केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए अगामी 45 दिनों के अन्दर सभी पंचायत एवं वार्ड समितियों का गठन-पुनर्गठन करने के बाद प्रखंड, नगर और महानगर समितियों के गठन के लिए नामों की अनुसंशा (संपर्क संख्या एवं वाट्सएप संख्या सहित) अनिवार्य रूप से करते हुए केंद्रीय कार्यालय को समर्पित करेंगे।

**कांग्रेस ने अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की मनाई जयंती, दी श्रद्धांजलि**

## गणपत राय के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : केशव

बिभा संवाददाता



**रांचीः** झारखड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, में मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पाण्डेय गणपत राय को झारखंड का गौरव बताया। देश को आजाद कराने में इनकी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बचपन से ही कुषाग्र बुद्धि के थे तथा देश के प्रति उनके अंदर भक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि अमर शहीद पाण्डेंय गणपत राय कुषल रणनीतिकार थे। उनकी कुषाग्र बुद्धि ने 1857 की राज्य क्रांति को छोटानागपुर पठार में एक उंचाई प्रदान की। गणपत राय को 21 अप्रैल 1858 को फांसी दी गयी। अंग्रेजों ने जब छल-बल से छोटानागपुर पर कब्जा करने की कोषिष की तो गणपत राय ने विरोध की पृष्ठभूमि तैयार की।

उन्होंने पाण्डेय गणपत राय की जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि बाल्यावस्था से हीं तलवार चलाना, शिकार खेलना इनका प्रिय शौक था। अंग्रेजों से देश को आजाद कराने में फिरंगियों से इन्होंनें जमकर लोहा लिया, इनके कार्यो से हर युवा को प्रेरणा लेनी चाहिए। एक साजिस के तहत फिरंगियों ने इन्हें गिरफ्तार करवाया था।

इस अवसर पर मुख्य रूप से केएन त्रिपाठी, प्रदीप तुलस्यान, सुलतान अहमद, भीम कुमार, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, गजेन्द्र सिंह, रियाज अंसारी, राजन वर्मा, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, शान्तनू मिश्रा, अजहर पप्पु, सुरेन राम, महेन्द्र मिश्रा, शमशेर आलम, मदन कुमार महतो, हुसैन खान, प्रभात कुमार, योगेन्द्र सिंह बेनी, जितेन्द्र त्रिवेदी, राजू राम, राजीव नारायण प्रसाद, दामोदर बाल्मिकी, समुदर गुप्ता, जगरन्नाथ साहु, शहजादा, रामानंद केशरी आदि कंाग्रेसजन शामिल थे।

## कांग्रेस ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर की बैठक

बिभा संवाददाता



**रांची :** नगर निकाय चुनाव की महत्ता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस पूरी संजीदगी के साथ निकाय चुनाव की तैयारी में लग गई है। इसे लेकर शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक नगर निकाय चुनाव को लेकर सम्पन्न हुई। केशव महतो ने कहा कि नगर निकाय चुनाव राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए सार्थक होती है जहां गांव की सरकार, गांवों में विकासोन्मुख होकर काम करती है।

झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि आज की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उक्त नगर निकाय चुनाव की सफलतापूर्वक संचालन हेतु प्रदेश कांग्रेस द्वारा 11 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति एवं नगर निगम क्षेत्र के लिए 09 सदस्यीय समिति एवं नगर परिषद के लिए 05 और नगर पंचायत के लिए 05 सदस्यीय समिति का गठन अवलिंब किया जाएगा और इसके दो-दो पर्यवेक्षक प्रत्येक नगर निगम, प्रत्येक नगर परिषद् और प्रत्येक नगर पंचायत के लिए बनाया जायेगा, जो उक्त क्षेत्रों में जाकर प्रत्याशी चयन, बूथ कमिटी, वार्ड कमिटी, पंचायत कमिटी की महत्ता को देखकर वहां के स्थानीय लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का काम करेंगे ताकि उक्त चुनाव में कांग्रेस अधिक से अधिक अपनी जीत की भागीदारी सुनिश्चित करे।

आज की बैठक में सर्वश्री के0 एन0 त्रिपाठी, रवीन्द्र सिंह, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, शमशेर आलम, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, बिनय सिन्हा दीपू, राजन वर्मा, आलोक दूबे, शांतनु मिश्रा, डॉ0 राजेश गुप्ता छोटू, गजेन्द्र सिंह, जगदीश साहू, शमशेर आलम धनबाद, मो. रियाज, महेन्द्र मिश्रा, पप्पू अजहर, जमील अख्तर, नगेन्द्र प्रसाद, कुशवाहा राकेश महतो सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने उत्तराखंड के युवाओं के साथ किया संवाद

बिभा संवाददाता



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज उत्तराखंड से युवा संगम कार्यक्रम के तहत झारखंड की यात्रा पर आए युवाओं के साथ राज भवन में संवाद करते हुए कहा कि भारत पूरे विश्व में विविधता में एकता का अद्वितीय और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

राज्यपाल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल को प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी संस्कृति, आर्थिक समृद्धि और नवाचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है।

राज्यपाल ने झारखंड और उत्तराखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों का गठन वर्ष 2000 में हुआ था और लोकसभा सदस्य के रूप में इनके गठन के पक्ष में उन्होंने अपना मत दिया था। उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता है, अपने पवित्र तीर्थस्थलों और हिमालय की छटा के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, झारखंड अपनी खनिज संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटन के क्षेत्र में यहाँ अपार संभावनाएँ हैं, विश्वप्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा वैद्यनाथ समेत कई मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र हैं।

राज्यपाल ने आईआईटी (आईएसएम), धनबाद द्वारा इस कार्यक्रम की मेजबानी और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तराखंड की यात्रा कर वहाँ की संस्कृति और शिक्षा का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस कार्यक्रम का नोडल संस्थान आईआईटी रुड़की है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित संस्थान का व्यक्तिगत रूप से उनका जुड़ाव भी है।

राज्यपाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और नवाचार भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभाएँ।

उक्त अवसर पर उत्तराखंड से आए हुए युवाओं ने राज्य के संदर्भ में अपना विचार रखा। विदित हो कि उत्तराखंड से युवा पाँच दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं और आज उनका राज्य में दूसरा दिन है।

## सीएमपीडीआई व आईसीए फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

बिभा संवाददाता





**रांचीः** सीएमपीडीआई, रांची ने निगमित समाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत रांची और इसके आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित एवं जरूरतमंद अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के 90 छात्र-छात्राओं को सीनियर एसोसिएट-ट्रांजेक्शनल फाइनेंशियल एंड एकाउंटिंग के क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु फाउंडेशन, कोलकाता के साथ एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। सीएमपीडीआई की ओर से महाप्रबंधक आर0के0 महापात्रा तथा इंस्टीच्यूट ऑफ कम्प्यूटर एकाउंटेंट्स फाउंडेशन, कोलकाता के श्री रजनीश पांडे ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

ज्ञात हो कि एक वर्ष के प्रासंगिक अनुभव के साथ वाणिज्य/लेखा/वित्त में स्नातक डिग्री की योग्यता रखने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के युवा या चार साल के प्रासंगिक अनुभव के साथ 12वीं कक्षा में वाणिज्य संकाय धारक इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पात्र हैं।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चार महीने का एक अल्पकालिक गैर-आवासीय पाठ्यक्रम होगा। प्रशिक्षण आईसीए फाउंडेशन, मेन रोड, रांची, झारखंड में दिया जाना है। पात्रता मानदंड, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण मॉड्यूल और प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) स्तर में निर्दिष्ट मानकों और रोजगार की भूमिका के लिए सेक्टर कौशल परिषद (एसएससी) के दिशानिर्देशों के अनुसार मान्य होंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य रांची के एससी और एसटी युवाओं को वित्तीय और लेखा लेनदेन में कौशल से लैस करने और उनकी रोजगार क्षमता और आर्थिक संभावनाओं में बढ़ोत्तरी करना है।

संक्षिप्त खबरें

## मैया योजना का राशि कैलाश के खाते में क्रेडिट, राशि वितरण में गड़बड़ी

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** कसमार प्रखंड के खैराचातर निवासी लखी देवी के नाम से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की पांच किस्तों की राशि 6500 रुपए कैलाश महतो के खाते में क्रेडिट हो गया है। विगत 4 माह के लखी देवी पति विकास हजाम परेशान है। जब इसकी जानकारी खैराचातर के एक सामाजिक कार्यकर्ता कुमार गौरव को हुआ। तब तहकीकात में यह मामला प्रकाश में आया। इस मामले में जब बैंक ऑफ़ इंडिया से संपर्क किया गया तो पता चला कि लखी देवी का अकाउंट नंबर 488310510001965 के स्थान पर कैलाश महतो मुदूलसुदी निवासी के बैंक अकाउंट नंबर 488310510001695 में मैया योजना का राशि क्रेडिट हो रहा है। इस मामले में लखी देवी के द्वारा संबंधित पंचायत तथा आंगनबाड़ी में शिकायत की गई , कि उसका पैसा क्रेडिट नहीं हो रहा है। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में खैराचातर पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनके पास आज शिकायत मिला है। जल्द ही इसका समाधान कर लिया जाएगा।



## डीएवी 6 में आपदा प्रबंधन विभाग ने किया आपदाओं से बचने की मॉक ड्रिल

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में विद्यालय के आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से मॉक ड्रिल का रिहर्सल किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा एल के जी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। भूकंप, बिजली की गड़गड़ाहट से सुरक्षा, आग लगने से बचाव के लिए सुरक्षित स्थान पर सावधानी से पहुँचने के अनेक उपाय को बताए गया। इस अवसर पर आकस्मिक प्रवेश व निकासी के लिए संकटकालीन अलार्म द्वारा विद्यार्थियों को सावधान करने के लिए विद्यालय के मुख्य गेट नंबर 1 से प्रवेश करने के लिए कहा गया, गेट नंबर 2 एवं गेट नंबर 3 से प्रवेश एवं निकासी के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई। आपदा से निपटने के अनेक उपाय बताए गए। इस अवसर पर आपातकालीन अलार्म बजाकर बच्चों को संकट का आभास कराया गया। जिससे निकलने के लिए बालवाटिका प्रथम द्वितीय व तृतीय तथा कक्षा पहली और दूसरी के बच्चे को क्रमशः पंक्तिबद्ध होकर अपने वर्ग शिक्षक व शिक्षकेतर तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी दीदी, भैया के सहयोग से मैदान में एकत्रित कराया गया। कक्षा तीसरी से कक्षा छठी के विद्यार्थी सीढ़ी नंबर एक से कक्षा सातवीं से आठवीं के बच्चे सीढ़ी नंबर 3 से कक्षा नौवीं और बारहवीं के बच्चे सीढ़ी नंबर 2 से मैदान में अपने वर्ग शिक्षक के साथ मैदान में एकत्रित हुए। मॉक ड्रिल कार्यक्रम 3 मिनट का था। जिसमें सभी विद्यार्थियों को अपनी कक्षा से निकलकर खेल मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी थी। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि आपदाएं कहकर नहीं आती हैं इसके बचाव हेतु उपाय को जानने की आवश्यकता है।



## एमजीएम स्कूल के राजवीर, जयंत व प्रियांशु राष्ट्रीय जूडो में दिखाएंगे दम

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ के राजवीर सिंह, जयंत कुमार व प्रियांशु राज छत्रपति शिवाजी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बालेवाडी पुणे महाराष्ट्र में 22 से 25 जनवरी तक होने वाले कैडेट राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में दम दिखाएंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने दी। उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर को वाईबीएन पब्लिक स्कूल रांची में हुए झारखंड राज्य कैडेट जूडो चयन परीक्षण शिविर में राजवीर, जयंत व प्रियांशु ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को बिहार में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024-25 में जूडो स्पर्द्धा के लिए चयनित किया जाएगा। कहा कि विद्यालय में खेलकूद के लिए बेहतर आधारभूत संरचना तैयार की गई है। प्रशिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थी नियमित रुप से खेलकूद का प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं। इसका बेहतर नतीजा सामने आ रहा है। स्कूल के विद्यार्थी राज्य व राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहरा रहे हैं।



## बोकारो में फर्जी हेलमेट की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** महाराणा प्रताप मंगल पांडे विचार मंच के अध्यक्ष कुंज बिहारी पाठक ने जिला परिवहन पदाधिकारी से उनके कैंप-2 स्थित कार्यालय में मिलकर सर्वप्रथम नव वर्ष की शुभकामना दी साथ ही जिले के सभी पेट्रोल पंप को नो हेलमेट नो पेट्रोल के विषय में निर्देशित करने पर क्षेत्र की जनता की तरफ से साधुवाद दिया तत्पश्चात् जनहित में एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से श्री पाठक ने बताया कि पूरे जिले में एक तरफ जहां जनता अपनी सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के पालन करने हेतु विभिन्न दुकानों से हेलमेट की खरीदारी करती हैं लेकिन ऐसा लगातार देखा जा रहा है कि बहुत स्थानों पर बिना आई एस आई और बी आई एस मार्क के हेलमेटो की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है जानकारी के अभाव में जनता को फर्जी हेलमेट बेंच कर संबंधित कारोबारी मोटा मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं।




### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले बोकारो विधायक श्वेता सिंह

# क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं के निष्पादन करने हेतु किया आग्रह

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने रांची स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर पुष्पगुच्छ देकर नववर्ष की शुभकामना दी। मौके पर श्वेता सिंह ने कहा कि यह मुलाकात मुख्य रूप से बोकारो विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्या जो कि लंबे समय से चल रही है उसका निष्पादन करने हेतु हैं। श्वेता सिंह ने कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र में विस्थापित लोगों की समस्या काफी पुरानी है इस क्षेत्र में निवास करने वाली जनता की संख्या करीब एक लाख है लेकिन इन्हें कोई भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकता है यह लोग अपना सांसद और विधायक तो चुन सकते हैं लेकिन अपनी गांव की सरकार नहीं बना सकते हैं क्यों कि विस्थापित गांव को



पंचायत का दर्जा प्राप्त नहीं है अतः आग्रह करती हूं कि जल्द से जल्द मामले को निष्पादित करने की कृपा करें। बोकारो विधानसभा क्षेत्र में इंडी गठबन्धन की 2019-2024 के कार्यकाल वाली झारखंड सरकार के बदौलत बोकारो में वृहद मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है इस कार्य को तीव्र गति से करने की आवश्यकता है अतः आग्रह करती हूं कि जल्द से जल्द मामले को निष्पादित करने की कृपा करें। पिंडराजोड़ाक्षेत्र सुदूर देहात क्षेत्र है जहां की आबादी दिन पर दिन बढ़ रही है वहा की जनता को अपने मूलभुत कार्यों के लिए चास ब्लॉक आना पड़ता है जो कि बहुत दूर है इसलिए पेंड्राजोड़ा को जल्द से जल्द प्रखंड बनाया जाए। बोकारो हवाई अड्डा आम जनता के लिए सुचारू रूप से जल्द शुरू कर जनता के हवाले कर दिया जाए लंबे समय से यह मामला लंबित है अतः जनहित में पहल कर इसकी शुरूआत होनी चाहिए। पूरे विधानसभा क्षेत्र में पेयजल को लेकर दयनीय स्थिति है चाहे वह ग्रामीण, शहरी, निगम या विस्थापित क्षेत्र हो अतः पेयजल की स्थिति को जल्द से जल्द सुदृढ़ करने हेतु आग्रह करती हूं। श्वेता सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कार्यप्रणाली हमेशा से ही जनता के हित में रही है विकास के मुद्दे पर सरकार के मुखिया होने के नाते इनकी पहल हमेशा सराहनीय रही है। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यों को प्राथमिकता में लेकर निष्पादन करने का आश्वासन दिया।

## तम्बाकू के प्रति जागरूकता लाने में मीडिया की भूमिका अहम है: मो असलम



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** ज्ञानदर्शन पब्लिक स्कूल चन्दनकियारी रोड बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य सुधीर कुंवर के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कैसे किया जाये और इसमें बच्चों की क्या जवाबदेही है इसके बारे में बताया विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला परामर्शी ने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिकतम स्कूल के प्राचार्य कोटपा-2003 की बारे में जानकारी रखते है। सभी स्कूल प्राचार्य से अनुरोध है कि स्कूल स्तर पर प्रत्येक 6 माह में कम से कम एक बार तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए साथ ही सप्ताह में किसी एक दिन सभी बच्चों की जांच की जाये कि कही कोई बच्चा तम्बाकू उत्पाद अपने साथ न रखता हो। और सभी बच्चों से अनुरोध किया गया कि यदि कोई आपका साथी आपको तम्बाकू उत्पाद उपयोग करने हेतु आफर/प्रेरित करता है तो आप सभी लोग तम्बाकू को ना कहना सीखें और उसकी जानकारी स्कूल के किसी शिक्षक को साझा जरूर करें। बच्चों को तम्बाकू छोडने हेतु तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व उसमें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही तम्बाकू छोडने हेतु टाल फ्री नं0 1800-11-2356 को भी साझा किया गया। (GYTS 2019) के सर्वे के अनुसार झारखण्ड में 48 प्रतिशत बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी मीडीया के माध्यम से होती है।

## चैंबर का प्रतिनिधिमंडल बोकारो इस्पात संयंत्र प्रभारी निदेशक से मिल कर की चर्चा

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल वीरेंद्र कुमार तिवारी प्रभारी निदेशक बोकारो इस्पात संयंत्र एवं माननीय सांसद ढुलू महतो सांसद धनबाद लोकसभा क्षेत्र के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष मनोज चौधरी महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने भाग लिया। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने प्रभारी निदेशक बीके तिवारी से मांग किया की बोकारो इस्पात संयंत्र के पीएलसी मीटिंग हेतु चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधित्व होना चाहिए जिससे बोकारो इस्पात संयंत्र एवं उद्यमियों के बीच सामंजस्य स्थापित होगा। बोकारो औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बियाडा की इकाइयां उचित विकल्प बस्तुए बनाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन बोकारो इस्पात को बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अनुरोध है बीएसएल एक अधिकारी को नियुक्त करें जो बियाडा इकाइयों के आवेदन स्वीकार करें और इन वस्तुओं के आपूर्ति के लिए उनका मूल्यांकन करें। आयात विकल्प वस्तुओं के



लिए बियाडा इकाइयों को ट्रायल आर्डर दिए जाएं। यदि सफल होते हैं तो आगे और ऑर्डर आबंटीत किए जाएं ताकि स्थानीय भी निर्माण को प्रोत्साहन मिल सके। पूर्व में 70% आर्डर इकाइयों को एल 1 मूल्य पर और 30% अन्य एल 1 इकाइयों को आवंटित किए जाते थे अब इसे बदलकर एमएससी नीति लागू कर दी गई है। जिससे इकाइयों को मिलने वाले विशेष लाभ समाप्त हो गए हैं अनुरोध है कि पिछली नीति को बहाल किया जाए ताकि बियाडा की इकाइयों को उचित अवसर मिल सके। रिफैक्टरीज इकाई बड़े संकट के दौर से गुजर रहे हैं। फिर भी भारी निवेश के द्वारा नवीनतम तकनीक और मशीनों का अपडेट कर रहे हैं बोकारो इस्पात संयंत्र के द्वारा ऐसे यूनिटी को ट्रायल ऑर्डर देकर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए संतोषजनक पाए जाने पर संचित मात्रा में कार्यदेश दिया जाना चाहिए। इन कदमों से बायदा उद्योग मजबूत होंगे स्थानीय वीर निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और मेक इन इंडिया पहला को सशक्त किया जा सकेगा। सांसद ढुल्लू महतो ने डायरेक्टर इंचार्ज से कहा कि उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का विलंब निराकरण किया जाना चाहिए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा की बोकारो इस्पात नगर के शहरी क्षेत्र एवम सिटी सेंटर में स्थित वाणिज्यिक सह आवासीय भूखंड के लीज नवीकरण के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का पालन किया जाना चाहिए। बोकारो इस्पात नगर के हृदय स्थली सिटी सेंटर में बिजली आपूर्ति अत्यंत देनी हो गई है।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स के विकास और प्रमोशन के मुद्दों पर यूनियन की महत्वपूर्ण निर्णय

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात डिप्लोमा धारी कामगार यूनियन बीआईडीयू के सेक्टर 4 जी स्थित यूनियन कार्यालय में यूनियन के सभी विभागीय प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत डिप्लोमा इंजिनीर्स से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि वर्तमान समय मे बी एस एल के विभिन्न विभागों के उत्पादन एवम लक्ष्य प्राप्ति में डिप्लोमा इंजिनीर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व में जब डिप्लोमा इंजीनियर्स की बहाली एस 6 ग्रेड में होती थी उस समय डिप्लोमा इंजीनियर को एस 8 ग्रेड के बाद 5 वर्ष का अनुभव होने पर यानी कि परमानेंट होने के तेरह वर्षों के बाद जूनियर ऑफिसर में प्रोमोशन के लिए ई जीरो परीक्षा की पात्रता दी जाती थी लेकिन वर्तमान में डिप्लोमा इंजीनियर्स को एस 3 ग्रेड में ज्वाइन कराया जा रहा है उसके बाद उनको एस 6 ग्रेड में 5 वर्ष का अनुभव होने पर ई जीरो परीक्षा की पात्रता दी जा रही है यानी कि वर्तमान में डिप्लोमा इंजिनीर्स को जोइनिंग के 16 वर्षों के बाद ऑफिसर परीक्षा की पात्रता दी जा रही है।



इसलिए डिप्लोमा इंजिनीर्स के फ्यूचर ग्रोथ को देखते हुए इसमें जल्द से जल्द बदलाव करते हुए डिप्लोमा इंजिनीर्स को एस 6 ग्रेड में पहुंचते ही ई जीरो परीक्षा की पात्रता दी जानी चाहिये। यूनियन अध्यक्ष रविशंकर ने कहा कि वर्तमान की ई जीरो प्रोमोशन पालिसी के अनुसार जिस प्रकार से अनुभव के अंको की गिनती की जाती है वो डिप्लोमा इंजिनीर्स के लिए बहुत ही नुकसान दायक है। इसलिए ई जीरो परीक्षा में डिप्लोमा इंजिनीर्स के अनुभव के अंको की गिनती जोइनिंग डेट से की जानी चाहिये। इसके साथ ही कर्मचारियों को अपनी आगे की पढ़ाई को पूरा करने के लिए एजुकेशन इंसेंटिव के रूप में 10000 रु देने का प्रावधान है। इसको बढ़ाकर कम से कम 50000 रु किया जाना चाहिए। बैठक में संयुक्त महामंत्री रत्नेश मिश्र एवम प्रेमनाथ राम, सहायक मंत्री पप्पू यादव, कोषाध्यक्ष सोनू साह,संगठन मंत्री संजय कुमार, अमन बास्की, नितेश कुमार, सिद्धार्थ सेन, नरेन्द्र, चन्दन, अमरजीत उपस्थित रहे।

## जेएलकेएम की जनता दरबार में जन समस्याओं पर चर्चा



**बोकारो।** चन्दनकियारी विधानसभा क्षेत्र के दुबेकाटा मोड़ पर जेएलकेएम की और से जनता दरबार लगाया गया, विभिन्न जन समस्याओं को लेकर लगभग दर्जनों लिखित शिकायतें मिली, समस्या के निराकरण हेतु प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र जमा किए गए। निरंतर जनता की समस्यायों के निराकरण हेतु जेएलकेएम समर्पित है, इस अवसर पर पुर्व प्रत्याशी अर्जुन रजवार, सुभाष चंद्र महतो,बिरू महतो, राजाराम महतो, दुख हरन मुखर्जी,हराधन महतो,नित्य गोपाल मुखर्जी, बब्लू मुखर्जी,समर महतो,शिव प्रसाद महतो, युधिष्ठिर मुखर्जी, रंजीत महतो, बिनोद बिहारी महतो, आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## 1 करोड़ के इनामी समेत 7 नक्सली झारखंड पुलिस के रडार पर

**बोकारो।** बोकारो पुलिस के रडार पर फिलहाल सात नक्सली हैं. जिस पर सबसे अधिक फोकस है उसका नाम विवेक है, उस पर एक करोड़ की राशि का इनाम है. विवेक सहित अन्य छह नक्सलियों का दस्ता पारसनाथ पहाड़ से झुमरा पहाड़ लगातार तक भ्रमण करता रहता है. इन सभी छह नक्सलियों पर पांच लाख से 15 लाख तक का इनाम है. जल्द ही सभी पुलिस के गिरफ्त में होंगे. यह बातें शुक्रवार को बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने कैंप दो कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही. बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि एसपीओ में शामिल पुलिस अधिकारी सप्ताह में दो से तीन बार नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अभियान चला रहे हैं. स्थानीय लोगों का साथ भी पुलिस अधिकारियों को मिल रहा है. पिछले दिनों चतरोचट्टी में पुलिया निर्माण में लगी एक कंपनी के मुंशी का अपहरण कर लिया गया था।

## सेवानिवृत कर्मियों को बेवजह परेशान कर रहा बोकारो प्रबंधन : रणधीर सिंह

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ की बैठक आवासीय कार्यालय सेक्टर 9 में हुई बैठक को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री रणधीर सिंह ने कहा कि कुछ दलाल यूनियन के लोग बोकारो प्रबंधन की चापलूसता कर रहे हैं लाइसेंस धारी को बेवजह गुमराह कर रहे हैं 1000 किराया की मांग बिल्कुल नाजायज है अगर उनकी मनसा साफ है तो रिम्स की जो मांग है सभी लाइसेंस के आवासों को लीज किया जाए इस मांग पर अपनी एक जूटता प्रदर्शित करें अन्यथा सेवानिवृत्त कर्मियों को गुमराह करने की प्रयास न करें बोकारो प्रबंधन ऐसे ही सेवानिवृत्त कर्मियों को शोषण कर रही है ऐसे में प्रबंधन की दलालता करते हुए सेवानिवृत कर्मी लाइसेंस धारी को परेशान ना करें अगर मनसा साफ है तो लीज की मांग रखें अन्यथा उनको गुमराह करके वसूली करने का काम ना करें राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ शीघ्र ही बोकारो प्रबंधन की काली मानसिकता के खिलाफ बिजली काटने के खिलाफ उग्र आंदोलन की आगाज करती है आने वाले समय में बोकारो प्रबंधन के लिए लीज की मांग को लेकर आंदोलन के लिए रिम्स तैयार करेगी सेवानिवृत्त कर्मियों से आग्रह है लाइसेंस धारी से आग्रह है कि दलालों के साथ जो बीएसएल की चापलूसी करते हैं उनके साथ अपनी सामर्थ्यता और एकता ना रखें इस बैठक में मुख्य रूप से केपी सिंह, ओलेटली, रामेश्वर बैठा, कामेश्वर बैठा, दिन दलाल उपाध्याय, रामनारायण शाह रामनारायण शर्मा, जय तिवारी आदि के अलावे सैकड़ो की संख्या में सेवानिवृत कर्मी और लाइसेंस धारी उपस्थित थे।



## एडीएम बिल्डिंग पर सेवानिवृत्त क्वार्टर लाइसेंस धारियों ने किया प्रदर्शन

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** क्वार्टर लाइसेंस स्कीम के अंतर्गत अनुचित ढंग से प्रति 11 माह में 10% की बढ़ोतरी वर्ष 2017 से वापस लेकर 1000 क्वार्टर रेंट के आधार पर लंबित क्वार्टर लाइसेंस का नवीकरण किया जाए । साथ-साथ सभी प्रकार का क्वार्टर लाइसेंस स्कीम के अंतर्गत लाने के लिए सेल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन करियों को संबोधित करते हुए बोकारो इस्पात कामगार यूनियन एटक के महामंत्री कामरेड रामाश्रय प्रसाद सिंह ने कहा कि क्वार्टर लाइसेंस स्कीम 30.11.2016 से अनुचित ढंग से प्रति 11 माह मे 10% की बढ़ोतरी कर दी गई थी। विडंबना है की सर्कुलर के विपरीत 2017 से ही क्वार्टर रेंट 1300 कर दिया गया। नगर सेवा क्वार्टर लाइसेंस सर्कुलर अपने आप में त्रुटि पूर्ण था। जिसका क्वार्टर लाइसेंस धारियो द्वारा काफी



विरोध के कारण कई बार द्विपक्षीय वार्ता के पश्चात 10% बढ़ोतरी हटाने पर सहमति 2017 से हुआ था। लेकिन नगर सेवा क्वार्टर लाइसेंसिंग सर्कुलर 17.10.2019 द्वारा 10 % की बढ़ोतरी रोक दिया. लेकिन क्वार्टर लाइसेंसिंग रेंट रुपऐ 1300 ही रह गया जो बिल्कुल अनुचित है। सेल के किसी इकाई में रेंट की बढ़ोतरी नहीं की गई है क्वार्टर लाइसेंस मद में लिया गया सिक्योरिटी रकम पर कोई ब्याज नहीं देते हैं। दुर्गापुर स्टील प्लांट में 25 % रिबेट देकर सेवानिवृत्ति लाइसेंस धारी का लाइसेंस रिन्यूअल पीछे से वर्तमान रेंट में किया गया है. इसके साथ-साथ दुर्गापुर स्टील प्लांट में 400 स्क्वायर फीट प्लिंथ एरिया पर 1000 प्रति माह के रेंट पर ई एफ टाईप क्वार्टर एवं 612 स्क्वायर फीट प्लिंथ एरिया पर सीडी टाईप क्वार्टर भी लाइसेंस के अंतर्गत लाया गया जो बिल्कुल सफल हुआ है। भिलाई स्टील प्लांट में2 प्रति स्क्वायर फीट रेंट लिया जा रहा है सिक्योरिटी रकम सभी स्टील प्लांट में भिन्न है लेकिन रेंट की बढ़ोतरी सिर्फ बोकारो में किया गया है जो अनुचित व्यवहार है इसे अविलंब 1000 करने की आवश्यकता है।

# पर्यावरण विभाग के सहयोग से 4000 फलदार पौधे वितरित किए गए

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** अग्रणी इस्पात निर्माता वेदांता ई एस एल ने गुरुवार को अपने संयंत्र के आस-पास के गांवों में बड़े पैमाने पर पौधा वितरण अभियान चलाया। पर्यावरण स्थिरता और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत सीएसआर संचालित गांवों में स्थानीय निवासियों को 4000 से अधिक फलदार पेड़ वितरित किया। यह पहल पर्यावरण विभाग के साथ साझेदारी में आयोजित की गई, जिसने तकनीकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन प्रदान किया। वितरित किए गए पौधों में पांच प्रकार के फलदार पेड़ के पौधे शामिल थे,जिसमें आम, केला, अमरूद, आंवला और कटहल शामिल थे। ये सारे फलों के पौधे स्थानीय जलवायु के अनुकूल होने, उच्च पोषण मूल्य और आर्थिक लाभ उत्पन्न करने की क्षमता के निमित




चयन किए गए। इस पहल का उद्देश्य वनीकरण को प्रोत्साहित करना, वायु गुणवत्ता में सुधार करना और क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ाना है। इसके माध्यम से, अभियान का उद्देश्य हरित आवरण में सुधार और जैव विविधता का समर्थन करके पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह ग्रामीणों के लिए पोषण और संभावित आजीविका के अवसरों का एक स्थायी स्रोत प्रदान करना चाहता है, जो उनके समग्र कल्याण और आर्थिक स्थिरता में योगदान देता है। इस पहल में स्थानीय निवासियों, सामुदायिक नेताओं और फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ-साथ पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) की उत्साही भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर बोलते हुए, वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, हमारा मिशन स्टील उत्पादन से आगे तक फैला हुआ है। हम पर्यावरण और उन समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं, जिनमें हम काम करते हैं। वेदांता स्थिरता और सामुदायिक कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक और एक विश्वसनीय पड़ोसी बनने का प्रयास करता है और यह पौधा वितरण अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित भविष्य बनाने की दिशा में एक छोटा लेकिन सार्थक कदम है।₹ हम इस तरह के सार्थक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के अवसर के लिए आभारी हैं और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए इन पेड़ों को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" जीतुन अंसारी, मुखिया, चंदाहा ने कहा ₹यह पौधा वितरण अभियान सीएसआर टीम द्वारा एक अद्भुत पहल है। आम और अमरूद जैसे फलों के पेड़ों को वितरित करने का मतलब है कि हमारे पास जल्द ही खाने के लिए फल होंगे और अगर अतिरिक्त होंगे तो हम उन्हें बेच भी सकेंगे। यह हमारे जीवन को बेहतर बनाने और साथ ही प्रकृति की रक्षा करने में हमारी मदद करने का एक विचारशील तरीका है।" शीतल सिंह, मुखिया, पूर्वी मोहल ने कहा कि यह पौधा वितरण अभियान वेदांता ईएसएल की व्यापक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों का हिस्सा है, जो अपने परिचालन के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता, सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। फलदार पेड़ों का रोपण कार्बन अवशोषण में योगदान देता है, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करता है और स्थानीय जैव विविधता का समर्थन करता है, जो वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों के साथ संरेखित होता है।

## रॉयल पब्लिक स्कूल में साइंस ओलंपियाड के सफल बच्चे सम्मानित

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** रॉयल पब्लिक स्कूल में साइंस ओलंपियाड का आयोजन किया गया । इसमें कक्षा 1 से 5 तक के 40 बच्चों ने भाग लिया और सभी बच्चे अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 1के निखिल, प्रियांशु, विजिट को1,667 मिला हैं और कक्षा 2 की एंजेल आर्या को 2500, रुपए मिले आरुषि,अभी वर्मा, आर्या, लाडली, आर्यन, मानव, मीरा, राहुल सिंह को 1000 रुपए एवं युवराज को500 रुपए मिले। कक्षा 3 के शिशिर, अक्षत, पूजा, अनंतारा, तनुश्री, हिमांशु, प्रिंस, शौर्य राज, अंशु, पलक को गोल्ड मेडल एवं जोनल लेवल, रीजनल लेवल, इंटरनेशनल लेवल, स्कूल लेवल पर फर्स्ट रैंक मिला है। क्लास 4 वं क्लास 5 की




गुंजन उरांव और रुद्र प्रताप सिंह, रुद्रप्रताप, अर्पित, अमय, आयशा, प्रिया कुमारी, प्रिया यादव, सरस्वती सिंह, वंशराज वीर सिंह, आराध्या, श्याम सुंदर, यशराज ने गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं।

प्राचार्या रूपम गुप्ता ने बच्चों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया वं बच्चों को भविष्य में इसी तरह सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### 50 दिवसीय मांदर वादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत ग्राम चमरू में पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर के निर्माण और कौशल विकास के लिए 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में 20 कारीगर भाग ले रहे हैं, जिन्हें उन्नत टूल किट प्रदान की गई। टूल किट वितरण समारोह में जिला उद्यमी समन्वयक ने कारीगरों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मांदर हमारा सांस्कृतिक धरोहर है, और इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने वाद्य यंत्र के उन्नत निर्माण और इसके विक्रय को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को उनकी परंपरागत कला में निपुण बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, रवि कुमार ने बताया कि उन्नत टूल किट के उपयोग से कारीगर मांदर निर्माण की गुणवत्ता और उत्पादन को बेहतर बना सकते हैं। इस पहल से कारीगर अपनी आय बढ़ाकर अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकेंगे। मांदर झारखण्ड की सांस्कृतिक पहचान देने का प्रयास किया जा रहा है। लघु कुटीर विभाग के द्वारा उत्पादन और बाजार की व्यवस्था में मदद किया जाएगा। कार्यक्रम के रानी कुमारी, प्रखंड समनवयक रवि कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### जिप सदस्य ने गरीब असाय लोगो के बीच पचास कंबल का वितरण किया

**मांडर/बिभा संवाददाता।** प्रखंड स्थित शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य बिनोदित तिग्गा ने अपने आवास मे बड़ते ठंड को देखते हुवे गरीब असाय बुड़ा बुड़ी के बीच लगभग पचास कंबल का वितरण मांडर जिला परिषद सदस्य बिनोदित तिग्गा ने किया गया इस दौरान जिला परिषद सदस्य ने कहा की हमेसा मेरा प्रयास रहता है की गरीब असहाय लोगो के बीच बड़ते ठंड को देखते हुवे जरूरतमंदो की मदत करना हीं सबसे बड़ा धर्म है और सभी गरीब असहायो को अस्वस्त किया की आगे भी इसी तरह मदत करते रहेंगे। मौक़े पर जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अन्सारी, साबिर अन्सारी, रफीक अन्सारी, पप्पू गोप,अलीम अन्सारी सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।



### प्रखंड चंदवा में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**चंदवा/बिभा संवाददाता।** ग्राम पंचायत विकास योजना 2024 के अन्तर्गत प्रखंड के सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया जाने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ. तीसरे दिन में मास्टर प्रशिक्षक रितेश कुमार केदार गंझू एवं अमित कुमार बारला के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कई निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर द्वारा सबकी योजना सबका विकास विषय पर पूरी जानकारी दी गई. इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए 9 विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में GPDP प्रक्रिया, Natural resource management, सामाजिक एवं संसाधन मानचित्र, PDI, महिला/बाल सभा आयोजन, SBM 15वें वित्त आयोग, मनरेगा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



### जिप सदस्य ने किया कंबल वितरण

**चान्हों/बिभा संवाददाता।** प्रखंड स्थितशुक्रवार को चोरेया गांव में बढ़ते ठंड को देखते हुए जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने लगातार अपने क्षेत्र में कंबल वितरण किया गया। आशुतोष तिवारी ने कहा की बढ़ते ठंड को देखते हुए। गातार मेरा प्रयास रहता है, की कोई गरीब असहाय बूढ़ा बुजुर्ग को ठंड किसी प्रकार की कोई परेशानियों की सामना करना ना पड़े, कंबल देखते हुए, बूढ़ा बुजुर्ग में खुशियों की लहर देखी गई, और आशुतोष तिवारी ने कहा हम आपके साथ 24 घंटा खड़ा है, किसी भी चीज का दिक्कत हो या परेशानी हो हमसे संपर्क करें मौके पर बिजय सोनी, मुकेश सोनी,आशिष गुप्ता तनु गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### प्रखंड चंदवा में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची ने शुक्रवार को लोहरदगा जिला भ्रमण के दौरान किस्को प्रखण्ड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का निरीक्षण किया। इस मौके पर केवीके में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी माननीय मंत्री द्वारा ली गई। इसमें मृदा परीक्षण व परिसर में मौजूद कृषि संयंत्रों व उपकरण की स्थिति से अवगत हुईं। साथ ही निर्देश दिया कि 15 दिनों के अंतर्गत इसे ठीक कर लिया जाए। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक हेमंत कुमार पाण्डेय समेत कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य वैज्ञानिक उपस्थित थे।



# स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा कर उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिए निर्देश

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने, अस्पतालों में साफ सफाई को प्राथमिकता देने, वीएचएसएनडी डे का सफल आयोजन करने, मरीजों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिए जाने, एमटीसी बेड का शत प्रतिशत ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने समेत अन्य विषयों पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे अस्पताल में मरीजों के जांच को लेकर मशीनों का शतप्रतिशत इस्तेमाल, रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठक, ओपीडी/आईपीडी का संचालन, एएनसी रजिस्ट्रेशन, सिकल सेल, लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं मरीजों को इसका लाभ समेत अन्य विषयों पर उपायुक्त ने गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सदर अस्पताल में हो रहे मोतियाबिंद के ऑपरेशन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया, जिससे अधिक से अधिक मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन सुनिश्चित कराई जा सके। वहीं जिले के दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मूल्यांकन के तहत प्रमाणीकरण के लिए सभी मानकों पर मूल्यांकन करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। शत प्रतिशत अहर्ता धारक लाभुकों को पूरक पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित एमओआईसी यह सुनिश्चित करें कि उनके स्वास्थ्य केंद्रों में अनिवार्य रूप से चिकित्सक एवं नर्स उपस्थित रहे, एवं नियमानुसार प्रतिदिन के रोस्टर का निर्धारण किया जाए। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों को इलाज कराने में समस्या ना हो। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जिला अंतर्गत सभी अल्ट्रा साउण्ड औषधालयों का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। निर्देशित किया गया कि लिंग निर्धारण करने वाले औषधालयों पर कार्रवाई किया जाना चाहिए। निबंधित अल्ट्रा साउण्ड क्लिनिक तथा नवीकरण हेतु औषधालय पर चर्चा के दरम्यान उपायुक्त द्वारा उक्त औषधालयों का प्रखंड स्तरीय टीम का गठन कर नियमित रूप से जाँच करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं बिना निबंधन के संचालित औषधालय के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अवैध रूप से संचालित औषधालय को बंद करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन, डीएसपी मुख्यालय, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, खूँटी, डीडीएम समेत अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित थे।



### निःशुल्क कोचिंग युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए प्रभावी पहल : उपायुक्त

**खूँटी।** कन्या मध्य विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला खनिज संस्थान न्यास योजना से संचालित नि :शुल्क कोचिंग कार्यक्रम में सफल 45 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। इन अभ्यर्थियों ने चौकीदार प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सरकारी नौकरी हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। सभी अतिथियों का जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों संग संयुक्त रूप से सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता सभी विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। जिला प्रशासन का उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। उपायुक्त ने कहा कि नि :शुल्क कोचिंग कार्यक्रम युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए एक प्रभावी पहल है। आने वाले समय में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस संस्थान से जोड़ा जाएगा।

## डीसी और एसपी ने किया राज्य स्तरीय एथलेटिक मीट का उद्घाटन

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 1951 से चला आ रहा खेलकूद प्रतियोगिता इस वर्ष 67वीं राज्य स्तरीय मीट का आयोजन ललित नारायण मिश्रा स्टेडियम लोहरदगा में किया गया सुभारम्भ । इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि एसपी हारिस बीन जमाँ ने झाँडोतोलान और दीप प्रज्वालित कर किया उद्धघाटन । इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त लोहरदगा डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा की लोहरदगा में एथलेटिक मीट का आयोजन भव्य और शानदार आगाज किया गया है झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों से आये खिलाड़ियों से लोहरदगा एथलेटिक को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होंगी और जिला के छिपे प्रतिभा को निखारने का मौका प्राप्त होगा,सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को सुभकामनाएं है और खेल को खेल की भावना से खेलने की जरुरत है, खेलकूद जीवन का अंग बनाने की आवस्यकता है खेल से आपसी सौहार्द और सद्धावना को बढ़ावा मिलता है । इस अवसर पर विशिष्ट अथिति पुलिस अधीक्षक हारिस बीन जमाँ ने लोहरदगा जिला एथलेटिक मीट आयोजक को धन्यवाद देते हुए कहा की झारखण्ड में खेल में बहुत प्रतिभा है उसे आगे मंच देने का यह आयोजन माध्यम बनेगा । आयोजन सचिव संजय कुमार साहू ने कहा की विगत कई वर्षो से यह आयोजन नहीं कराया जा सका था इसलिए थोड़ी परेशानी हुए लेकिन चारो एसोसिएट सचिव एवं अन्य आयोजन में सार्थक भूमिका निभा रहे है और लगभग 600खिलाड़ियों का लोहरदगा की धरती में आना ही सफलता प्रदर्शित करता है, प्रतियोगिता को रोचक और आकर्षक बनाने के निमित्त वेश भूषा, जलेबी रेस और बोरा दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि जिला के सभी नागरिकों की सहभागिता बनाया जा सके । इस अवसर पर मदन मोहन पांडेय, संजय बर्मन, प्रोफ़ेसर लोहरा उरांव, प्रोफ़ेसर परमानन्द अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, ज्ञानचंद अग्रवाल, अफसर कुरैसी, शैयद अशरफ अहमद, राजकिशोर महतो, अलोक रॉय, विनय उरांव, चंद्रशेखर अग्रवाल, देवाशिश कार, ओह्म प्रकाश सिंह, उमेश्वर नाथ तिवारी, डॉ. गणेश प्रसाद, असफाक मुन्ना लातेहार, अनवर हुसैन राज्य टेक्निकल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



### राहे में सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**राहे।** थाना क्षेत्र के राहे -सिल्ली सड़क के कोटांगदाग मिडिल स्कूल के सामने बाइक से गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है।सड़क से गुजर रहे भाजपा के वरीय नेता जैलेंद्र कुमार के प्रयास से एंबुलेंस मंगवा कर इलाज के लिए बुंडू रेफरल अस्पताल भेजा गया।स्थिति बिगड़ते देख तीनों को बेहतर ईलाज के लिए रांची रेफर किया गया। घटना के संबध में ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार शाम पांच बजे के आसपास टीवीएस आपाची बाइक से एक किशोर एक महिला ओर एक पुरुष सिल्ली की ओर से आ रहे थे। कोटांगदाग स्कूल के समीप अचानक एक गाय दौड़ कर बाइक के सामने आ गई जिससे बाइक का टक्कर गाय से हो गया और तीनों सवार गिर गए। इसी सड़क से भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार गुजर रहे थे। दुर्घटना देखकर तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था करवाये।ग्रामीणों के अनुसार तीनों सोनाहातू थाना क्षेत्र के तेतला पंचायत के बढ़ाईटांड़ गांव के पंकज महतो, प्रियांशु कुमार और ममता देवी हैं। घटना की सूचना पर तत्काल राहे पुलिस घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस में घायलों को सवार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## शिशु घर के गुणवत्ता पूर्ण संचालन एवं विस्तार पर हुई सकारात्मक चर्चा




बिभा संवाददाता

**खूँटी।** डीआरडीए सभागार में शुक्रवार को मोबाइल क्रैशिज संस्था के द्वारा विभागीय अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय बैठक हुआ। इस बैठक में मोबाइल क्रैशिज द्वारा 7 माह से 3 वर्ष के बच्चे हेतु चलाए जा रहे शिशु घर के गुणवत्ता पूर्ण संचालन एवं विस्तार पर सकारात्मक चर्चा पर जानकारी साझा किया गया। इस बैठक में मुख्यतः शिशु घर के परिचालन में आ रही समस्याओं पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों का ध्यान केंद्रित किया गया। संबंधित समस्याओं पर सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए एवं हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में उपायुक्त के प्रतिनिधि ने कार्यक्रम की खूब सराहना करते हुए कहा कि बाल विकास एवं वंचित समाज के बच्चों हेतु यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मो अल्ताफ खान, मनरेगा लोकपाल शमीम अख्तर, जिला शिक्षा विभाग से बीपीओ अजय कुमार राम, जिला अग्निशामक पदाधिकारी रामाशीष सिंह यादव, स्वास्थ्य विभाग मुरहू से डॉक्टर राज कुमार शर्मा, जिला परिषद् सदस्य दयामनी मुन्डू, मुरहू प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया, मुरहू प्रखंड के मुखियागण, मोबाइल क्रैशिज दिल्ली से स्नेहलता, सोनिया, अजीत एवं झारखण्ड टीम के सदस्य शामिल रहे।

### अफीम की खेती के विरुद्ध किया गया प्रखंड स्तरीय बैठक

**खूँटी।** जिले के अड़की प्रखण्ड परिसर में जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक कर नशे की खेती पर पर गहन विचार विमर्श तथा निष्पादन को लेकर चर्चा किया गया । वहीं अफीम के विरुद्ध अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी अड़की, शिक्षा अधिकारी खूंटी नेतृत्व में अड़की ब्लॉक में पढ़ने वाले सभी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक कर जनजागरण चलाने के लिए आवाहन किया गया। मौके पर बताया गया कि अफीम की खेती की आदत नशे की ओर अग्रसरित करने लगी है। जिसका कुप्रभाव का असर है कि लोग कुपोषित होने लगे हैं। वहीं लोगों को अफीम खेती से होनेवाले शारीरिक मानसिक व आर्थिक हानियों पर चर्चा कर जानकारी दिया जाना चाहिए। ताकि इसके शिकंजे से निकालने की आवश्यकता है। उक्त बैठक में अवैध अफीम खेती का विनष्टीकरण के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

## खरतंगा गाँव में जन समस्या को लेकर विशेष सभा का आयोजन

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले के कर्रा प्रखंड के ग्राम सभा समिति खरतंगा में शुक्रवार को विकास योजनाओं के मुद्दे व जन समस्या को लेकर विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खूँटी विधायक राम सूर्या मुंडा एवं विशिष्ठ अतिथि बीडीओ स्मिता नगेशिया व सीओ वंदना भारती उपस्थित रही। विधायक राम सूर्या मुंडा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आप सभी लोगों कि समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। मैं चुनाव से पहले भी आपका गाँव आया था और आप लोगों को एम्बुलैंस देने का वादा भी किया हूँ जिसे भी पूरा करना है।

बीडीओ स्मिता नगेशिया व सीओ वंदना भारती ने डुमरगड़ी के टाना भगत से मिलकर उनकी समस्या से रूबरु हुई और आवास, जमीन का दाखिल खारिज, ऑन लाईन जैसे काम कराने कि बात कही। जहां ग्रामीणों बिजली, सड़क, पानी, स्वस्थ्य व रोजगार के मुद्दों से अवगत कराया। जिसमें ग्रामीणों बताया कि सीएचसी कर्रा में अधिकतर डॉक्टरों कि कमी रहती है दूर-दराज गांव से पहुँचाने वाले मरीजों को काफी समस्या होती है। सीएचसी के कर्मी मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया गया। गाँव तक पहुँचने वाली जर्जर सड़क के कारण लोगों को कठिनाई होती है। कार्यक्रम के दौरान 20 असहाय व वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेख श गोप व अनूप लकड़ा ने किया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, बमरजा मुखिया अनूप कुजूर, मेहा मुखिया अजय खलखो, के अलावे अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## गितिलबेड़ा कडरूडीह के नदियों से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले के अड़की थाना क्षेत्र अन्तर्गत नारदा, तथा करकरी नदी स्थित बालू घाटों से शुक्रवार को अवैध रूप से खनन करते हुए बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व चलाए गए निरीक्षण अभियान के क्रम में रंगेहाथ पकड़ा है। हालांकि ट्रैक्टर का चालक व अवैध खनन कर रहे लिए गए भाग निकलने में सफल रहे। जिला खनन पदाधिकारी राम नरेश सिंह ने बताया कि बालू का अवैध खनन तथा परिवहन की रोकथाम हेतु लगातार औचक जाँच एवं नियमित कारवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को खान निरीक्षक पिंटू कुमार के साथ जाकर अड़की थाना अंतर्गत नारदा, तथा करकरी नदी स्थित बालू घाटों का औचक निरीक्षण किये। गितिलबेड़ा कडरुडीह से बालू लोड कर बालू परिवहन कर रहे दो बालू ट्रैक्टर जब्त किया गया। दोनों ज़ब्त ट्रैक्टर को अड़की थाना में बालू सहित सुरक्षित अभिरक्षण में दिया गया। जबकि उसके चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकले।

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के किसी भी क्षेत्र में अवैध बालू खनन तथा परिवहन होने नहीं दिया जाएगा। इसको लेकर नियमित रूप से विभिन्न बालू घाटों में छापेमारी की जा रही है। ज़िला खनन टास्क फोर्स के बैठक में उपायुक्त महोदय के दिये गए मार्गदर्शन एवं निर्देश स्वरूप सभी सदस्यों के प्रयास एवं आपसी समन्वय स्थापित करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 160 बालू लदा वाहन जब्त किया गया है एवं 201अवैधकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिसमें 19 वाहनों के विरुद्ध वन अधिनियम के अन्तर्गत वनवाद भी दर्ज किया गया है। वन अधिनियम के अन्तर्गत कारवाई से बालू का अवैध खनन तथा परिवहन पर अंकुश लगा है।



## नागपुरी महाकवि घासीराम महली की 166वी जयंती सह मेला का आयोजन

बिभा संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड करकट शुक्रवार को महान नागपुरी कवि घासीराम महली की 166वीं जयंती के अवसर पर उनके जन्मस्थान करकट (बीजुपाड़ा) में भव्य सांस्कृतिक मेला ₹जन्म उत्सव₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय जनजाति महली कर्मचारी संघ,रांची और केंद्रीय स्मारक समिति, करकट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस वार्षिक समारोह में झारखंड और पड़ोसी राज्यों असम, बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, अंडमान निकोबार के प्रतिनिधियों और कलाकारों की भारी भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद महाकवि घासीराम महली को श्रद्धांजलि दी गई।

मुख्य अतिथियों में रातु महाराजा परिवार विशिष्ट अतिथि- जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, डॉ उमेशनद तिवारी, पद्मश्री मधुमंसुरी हंसमुख, डॉ परमेश्वर भगत, प्रखंड प्रमुख, महावीर नायक, महावीर साहू, बेड़ों कॉलेज से डॉ विकास सिंहा, कयूम अब्बास, मनोज महतो, सवारियां म्यूजिकल ग्रुप लोहरदगा, डॉ उमेशनंद तिवारी ने नागपुरी साहित्य में घासीराम महली के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला, उनके जीवन, दर्शन और साहित्यिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विभिन्न जिलों से आए महली जनजाति के प्रतिनिधियों व नागपुरी गीत-संगीत, भाषा-साहित्यप्रेमियों ने उनके कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की, तथा नागपुरी भाषी समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में उनके योगदान पर जोर दिया। सांस्कृतिक मेला नागपुरी प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन बन गया, क्योंकि नर्तकों और संगीतकारों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शनों के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। पारंपरिक नृत्य रूपों और लोक संगीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे यह कार्यक्रम नागपुरी कला और संस्कृति का सच्चा उत्सव बन गया। झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने अपनी अनूठी शैली पेश की, जिसमें शिवप्रसाद महली एवं टीम के द्वारा पैका नृत्य और सवारियां स्टूडियो के दुर्गा महली व म्यूज़िकल टिम ने पूरे जोश जुनून के साथ सकारात्मक सहयोग किया तथा नागपुरी भाषा प्रेमियों के द्वारा अपनी विरासत को संरक्षित करने के प्रति अपनी ऊर्जा और समर्पण से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में केंद्रीय स्मारक समिति, करकट के मकेश्वर राम महली (अध्यक्ष),अशोक महली (कोषाध्यक्ष), संतोष महली (सचिव) के साथ महत्वपूर्ण भूमिका डॉ शकुन्तला मिश्र, आशीष महली, रंजीत लकड़ा, भूपेंद्रनाथ महली, निरंजन बाघवार, दुर्गा महली, रविशंकर महली, सरोज महली, कलिंदर महली, भोला महली, मनोज, सुखदेव, धनपत बाघवार, परमेशर, सोनाराम,अकलू व हजारों की संख्या में नागपुरी भाषा प्रेमियों का गरिमामई उपस्थिति रही।




## बेड़ो में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 को लेकर हुई बैठक

बिभा संवाददाता

**बेड़ो।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 को सफल बनाने के लिए बेड़ो प्रखंड स्थित जामटोली डैम के समीप शुक्रवार को सीओ प्रताप मिंज की अध्यक्षता में बीएलओ,पर्यवेक्षकों व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें आगामी 25 जनवरी को होनेवाली राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीओ प्रताप मिंज ने सभी बीएलओ को आगामी 25 जनवरी को अपने मतदान केंद्रों पर तैनात रहने व 18 साल के मतदाताओं का नाम प्रपत्र 6 में जोड़ने व मृत मतदाताओं का नाम डिलिट करने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ,पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र,कप देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव,भाजपा कार्यकर्ता धनंजय कुमार राय व झामुमो कार्यकर्ता सत्येन्द्र साहु आदि ने अपने विचार रखे। इधर इस दौरान लोगों ने वनभोज में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। वहीं मौके पर दर्जनों बीएलओ, पर्यवेक्षकों, कर्मचारियों व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने सराहनीय योगदान दिया।



संपादकीय

## भारत के लिए चेतावनी कैलिफोर्निया की आग

पिछले हफ़्ते से लॉस एंजिल्स में अग्निशामक दल विनाशकारी जंगल की आग को बुझाने के लिए हताशा से भरी मुहिम में जुटे हुए हैं। इस दावानल ने कई लोगों की जान ले ली और दो लाख से ज़्यादा निवासियों को विस्थापन के लिए मजबूर कर दिया है। आग ने प्रशांत पैलिसेड्स और अल्ताडेना जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कहर बरपाया है। इस आपदा ने घरों, पूजास्थलों और महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को बर्बाद कर दिया है, जिससे कई लोगों को आश्रयों में रहना पड़ा है और हजारों लोग बिना बिजली के रह गए हैं। आग से हुए आर्थिक नुकसान की स्थिति चौंकाने वाली है। अनुमान के मुताबिक $135 बिलियन से $150 बिलियन के बीच यह नुकसान है। यह अमेरिका के इतिहास में दावानल से होने वाला सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान है। इस विनाशकारी आग से मिट्टी की उर्वरता, जल प्रणालियों, वन्य जीवों के नुकसान और वायु पर पड़े खराब गुणवत्ता का असर लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। कैलिफ़ोर्निया में शहरी प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं। बढ़ते वैश्विक तापमान और लंबे समय तक सूखे ने जंगल की आग के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा की। वन क्षेत्रों में अतिक्रमण ने जानमाल के लिए जोखिम बढ़ा दिया। पुराने विद्युत ग्रिड और खराब तरीके से प्रबंधित बुनियादी ढांचे ने अक्सर जंगल में आग लगने की घटनाओं को बढ़ावा दिया, जैसा कि 2018 के कैंप फायर में देखा गया था। जंगल में आग लगने की घटनाओं का पैमाना अक्सर अग्निशमन संसाधनों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को प्रभावित करता है। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में उपनगरीय क्षेत्रों में आग को रोकने के लिए डिजाइन और जोनिंग नियमों का अभाव है। जंगल की आग से वायु की गुणवत्ता में काफी गिरावट आती है, जिससे शहरी आबादी प्रभावित होती है और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि होती है। पुनर्निर्माण की उच्च लागत और अपर्याप्त बीमा कवरेज ने कई निवासियों को आर्थिक रूप से तनाव में डाल दिया है। कैलिफोर्निया में जंगल की आग, भारत के लिए कड़ी चेतावनी है। भारत के लिए सबक जलवायु परिवर्तन शमन है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए महत्त्वाकांक्षी जलवायु कार्यवाही को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसमें अधिक लगातार और तीव्र चरम मौसम की घटनाएँ शामिल हैं। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण को रोके जाने की जरूरत है। शहरी गर्मी के प्रभावों को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरी छतों, शहरी जंगलों और हरित स्थानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के लिए सख्त बिल्डिंग कोड लागू करें। समय पर अलर्ट प्रदान करने और निकासी की सुविधा के लिए उन्नत चेतावनी प्रणालियों में निवेश करें।

# अफ़ग़ानिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव और तालिबान

लेखक



प्रियंका सौरभ

(लेखक, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

"अफ़ग़ानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। भारत ने अब तक केवल तालिबान को अलग-थलग करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालाँकि, एक सीमा के बाद, यह विकल्प कम लाभ देगा, क्योंकि कई अन्य देश अब तालिबान से जुड़ना शुरू कर रहे हैं और भारत अफ़ग़ानिस्तान में एक महत्त्वपूर्ण हितधारक है। तालिबान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ सम्बंध हैं। तालिबान के साथ बातचीत से भारत में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में भारतीय चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।"

तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद-रोधी और संपर्क जैसे राष्ट्रीय हितों को सहायता, शिक्षा और लैंगिक समानता जैसे मानवीय मूल्यों के साथ संतुलित करने वाले एक सूक्ष्म दृष्टिकोण को उजागर करता है। रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए, भारत की अफ़ग़ानिस्तान नीति विकसित वास्तविकताओं के अनुकूल है, जो संयुक्त राष्ट्र के मानवीय आवश्यकताओं के अवलोकन (2023) में उल्लिखित विकासात्मक सहायता प्रदान करते हुए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव राष्ट्रीय हितों और मानवीय मूल्यों जैसे संकट के दौरान मानवीय सहायता के बीच संतुलन को दर्शाता है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान 50, 000 मीट्रिक टन गेहूँ और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान की, जो संकट के बीच अफ़गान लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अफ़गान धरती का इस्तेमाल उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के ख़िलाफ़ नहीं किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि जुड़ाव मानवीय सहायता और आतंकवाद-रोधी प्रयासों दोनों को प्राथमिकता देता है। बुनियादी ढाँचे, शिक्षा और स्वास्थ्य परियोजनाओं में भारत के निवेश ने क्षेत्रीय स्थिरता और अफ़गान नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने के उसके दोहरे उद्देश्य को उजागर किया। सलमा बाँध और इंदिरा गांधी बाल स्वास्थ्य संस्थान अफगान पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। भारत लगातार अफगानिस्तान को स्थिर करने और सद्भावना बनाए रखने के लिए संवाद को बढ़ावा देते हुए अपने भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित करने के लिए तालिबान नेतृत्व से जुड़ता है। भारत अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से अफगान छात्रों का समर्थन करता है और चिकित्सा पर्यटन की सुविधा देता है, जो दीर्घकालिक सांस्कृतिक और मानवीय सम्बंधों को दर्शाता है। हजारों अफगान छात्र भारत में शिक्षित होते हैं, जो लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देते हैं। अफगानिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव का आगे का रास्ता क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। भारत को अफगान स्थिरता सुनिश्चित करने और पाकिस्तान या चीन जैसे विरोधी देशों पर निर्भरता कम करने के लिए मध्य एशिया, ईरान और रूस को शामिल करते हुए बहुपक्षीय प्रयासों का नेतृत्व करना चाहिए। काबुल में राजनयिक मिशनों को मज़बूत करना और उदारवादी तालिबान गुटों के साथ संवाद बढ़ाना सम्बंधों और मानवीय सहायता वितरण को संतुलित कर सकता है।



अफगानिस्तान में भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों को फिर से खोलना आपसी समझ के केंद्र के रूप में काम कर सकता है। स्थिरता में आर्थिक निवेशः अक्षय ऊर्जा, कृषि और छोटे उद्यमों में निवेश का विस्तार भारत के क्षेत्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था को स्थिर कर सकता है। अफगान सौर ऊर्जा परियोजनाओं का समर्थन करने से रोजगार पैदा हो सकते हैं और विदेशी सहायता पर निर्भरता कम हो सकती है। भारत को स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहायता बढ़ानी चाहिए, ताकि अफ़ग़ानिस्तान की स्थिरता और विकास सुनिश्चित हो सके। भारत को तालिबान पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि आतंकवादी संगठनों को बेअसर किया जा सके और उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सके। सीमा पार आतंकवाद को रोकने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने पर सहयोग करने से भारत के सुरक्षा उद्देश्यों को बढ़ावा मिल सकता है।


भारत-अफगानिस्तान सम्बंधों में कई बाधाएँ हैं, जिनमें पाकिस्तान की भूमिका शामिल हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान में भारत की बढ़ती उपस्थिति को अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए ख़तरा मानता है, तथा उसने अफगानिस्तान के साथ अपने सम्बंधों को गहरा करने के भारत के प्रयासों को अवरुद्ध करने का प्रयास किया है। भारत और अफगानिस्तान दोनों ही आतंकवाद के निशाने पर हैं और अफगानिस्तान में अल-कायदा जैसे आतंकवादी समूहों की निरंतर उपस्थिति भारत के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे गरीब और कम विकसित देशों में से एक है और सलमा बाँध और संसद भवन जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और देश में निवेश करने के भारत के प्रयास सुरक्षा मुद्दों, भ्रष्टाचार और अन्य चुनौतियों के कारण बाधित हुए हैं। हाल के वर्षों में चीन अफगानिस्तान में तेजी से सक्रिय हो गया है और इससे क्षेत्र में तालिबान के साथ चीन के बढ़ते प्रभाव और जुड़ाव को लेकर भारत में चिंताएँ पैदा हो गई हैं। अफगानिस्तान विश्व में अफीम का सबसे बड़ा उत्पादक है और मादक पदार्थों के व्यापार ने इस क्षेत्र में अस्थिरता और हिंसा को बढ़ावा दिया है, जिससे भारत और अफगानिस्तान दोनों प्रभावित हुए हैं। अफ़ग़ानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। भारत ने अब तक केवल तालिबान को अलग-थलग करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालाँकि, एक सीमा के बाद, यह विकल्प कम लाभ देगा, क्योंकि कई अन्य देश अब तालिबान से जुड़ना शुरू कर रहे हैं और भारत अफ़ग़ानिस्तान में एक महत्त्वपूर्ण हितधारक है।

# उद्यमियों की अगली पीढ़ी को आकार दे रही स्टार्टअप इंडिया

लेखक



पंकज जयस्वाल




जब युवा मानसिकता और सरकारी नीतियाँ नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी देने वालों को प्राथमिकता देती है तो राष्ट्र समृद्ध होता है। मोदी सरकार पिछले दस वर्षों से विभिन्न कार्यक्रमों और नीतियों के माध्यम से यही कर रही है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और इसी तरह की अन्य नीतियाँ युवाओं के शोध और नवोन्मेषी प्रतिभा, ज्ञान, कौशल और उद्यमिता को बेहतर बनाने के लिए स्थापित की जा रही हैं। आइए देखें कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया पहल कैसे विकसित हुई।

भारत स्टार्टअप इंडिया के नौ साल पूरे होने का जश्न मना रहा है, जो 2016 में शुरू हुई परिवर्तनकारी यात्रा है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस स्वस्थ और समावेशी व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रगति में राष्ट्र की प्रगति का जश्न मनाता है। भारत सरकार की प्रमुख पहल के रूप में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया का उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना और देशभर में उद्यमियों के विकास में तेजी लाना है।

15 जनवरी, 2025 तक उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा मान्यता प्राप्त 1.59 लाख से अधिक फर्मों के साथ भारत ने दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। 100 से अधिक यूनिकॉर्न के नेतृत्व में यह मजबूत इकोसिस्टम वैश्विक स्तर पर नवाचार और उद्यमिता को फिर से परिभाषित कर रहा है। बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख केंद्रों ने इस बदलाव की अगुआई की है, जबकि छोटे शहरों ने देश के उद्यमशीलता अभियान में तेजी से योगदान दिया है। फिनटेक, एडटेक, हेल्थ-टेक और ई-कॉमर्स स्टार्टअप ने स्थानीय बाधाओं को पार करते हुए दुनिया भर में प्रमुखता हासिल की है। जोमैटो, नाइका और ओला जैसी कंपनियाँ भारत के नौकरी चाहने वालों से रोजगार उत्पादकों की ओर बदलाव को दर्शाती हैं, जो आर्थिक विकास को गति देता है।

पिछले नौ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया पहल ने देश के मजबूत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने नवाचार और समावेशिता को प्रोत्साहित कर जबरदस्त उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज पर इसके प्रभाव को दर्शाता है। डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़ कर 15 जनवरी, 2025 तक 1,59,157 हो गई है। 31 अक्टूबर, 2024 तक, 73,151 मान्यता प्राप्त व्यवसायों में कम से कम एक महिला निदेशक थीं, जो भारत में महिला उद्यमियों की संख्या में वृद्धि को दर्शाता है। 2016 से 31 अक्टूबर, 2024 तक, मान्यता प्राप्त स्टार्टअप ने कथित तौर पर 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियाँ पैदा कीं, जिसने रोज़गार सृजन में बड़ा योगदान दिया।

व्यापार में आसानीः सरलीकृत अनुपालन, स्व-प्रमाणन और एकल-खिड़की मंजूरी उद्यमियों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाती है।

कर लाभः पात्र स्टार्टअप को लगातार तीन वित्तीय वर्षों के लिए करों का भुगतान करने से छूट दी जाती है। स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड (FFS) शुरुआती चरण में स्टार्टअप के लिए वित्त प्रदान करता है।

क्षेत्र-विशिष्ट नीतियाँः जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में केंद्रित नीतियाँ लक्षित विकास को बढ़ावा देती हैं।

स्टार्टअप विशिष्ट उद्योगों में नौकरियाँ प्रदान करते हैं। आईटी सेवा उद्योग 2.04 लाख नौकरियों के साथ सबसे आगे है, उसके बाद हेल्थकेयर और लाइफसाइंसेज 1.47 लाख नौकरियाँ, प्रोफेशनल व कमर्शियल सेवाएँ 94,000 नौकरियाँ प्रदान की हैं। ये योगदान आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और उद्योगों में विविध रोजगार के अवसर प्रदान करने में स्टार्टअप के महत्व पर जोर देते हैं।

स्टार्टअप इंडिया परियोजना क्षमता बढ़ाने, आउटरीच को बढ़ावा देने और पारिस्थितिकी तंत्र की भागीदारी में सुधार लाने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों के माध्यम से व्यवसायों को सहायता प्रदान करती है। ये पहल पूरे भारत में मजबूत और समावेशी उद्यमशीलता माहौल का निर्माण सुनिश्चित करती हैं।

भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी ने वैश्विक आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना की। देशभर में आयोजित बैठकों में भारत के क्षेत्रीय स्टार्टअप इकोसिस्टम पर प्रकाश डाला गया, जिससे दुनिया भर में संपर्क बढ़ा। सरकार-से-सरकार के बीच संबंध, वैश्विक मंचों में भागीदारी, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी और अन्य देशों के साथ पुल विकसित करने से सीमा पार सहयोग में मदद मिली है।

स्टार्टअप इंडिया हब पोर्टल उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों के लिए पूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। यह पहल द्वारा प्रदान किए जाने वाले संसाधनों, सूचनाओं और लाभों तक पहुँच प्रदान करता है, स्टार्टअप और उद्यमियों, विशेष कर महानगरीय क्षेत्रों से बाहर रहने वालों के लिए पहुँच बढ़ाकर समावेशिता सुनिश्चित करता है।

उपर्युक्त उपायों के अलावा उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) ने सितंबर 2024 में भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री (BHASKAR) प्लेटफ़ॉर्म बनाया। स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा यह अत्याधुनिक पहल भारत के उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र में बातचीत को मजबूत और सुव्यवस्थित करने का प्रयास करती है। भास्कर का उद्देश्य उद्यमिता में वैश्विक नेता बनने के भारत के उद्देश्य के अनुरूप स्टार्टअप, निवेशकों, सलाहकारों, सेवा प्रदाताओं और सरकारी संगठनों को जोड़कर नवाचार, सहयोग और विकास को प्रोत्साहित करना है।

स्टार्टअप महाकुंभ प्रमुख कार्यक्रम है जो स्टार्टअप, यूनिकॉर्न, सूनिकॉर्न, निवेशकों, उद्योग के नेताओं और पारिस्थितिकी तंत्र के अभ्यास को एक स्थान पर एक साथ लाता है। यह भारत की उद्यमशीलता की भावना और तकनीकी क्षमताओं पर प्रकाश डालता है, साथ ही देश के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए संवाद को प्रोत्साहित करता है। 2024 में उद्घाटन संस्करण ने एक शानदार मिसाल कायम की, जिसमें दस विषयगत मंडपों में 1,300 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए। इसने 48,000 से अधिक कॉर्पोरेट आगंतुकों को आकर्षित किया और अभिनव विचारों और सार्थक सहयोग के लिए एक गतिशील चुंबक बन गया।

## राशिफल

**मेष** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष** — परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुनर्स्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन** — विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क** — पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**सिंह** — दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला** — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**वृश्चिक** — कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**धनु** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

**मकर** — शनैःशनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कुंभ** — विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं।

**मीन** — क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

# परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती

लेखक



डॉ सत्यवान सौरभ

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

"परिणाम संचालित समाज में प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है। परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दर्शाता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर ज़ोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए।"

सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग साथ छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घर-परिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेगी। यह भी मायने रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपके भविष्य निर्माण में सहायक हो सकता है।



परिणाम संचालित समाज में प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है। परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दर्शाता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर ज़ोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापे जाने वाले परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है।

रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा लेने का खतरा रहता है। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरुआत में अस्थिर प्रदर्शन के लिए आलोचना की गई थी, उन्होंने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। बॉल-टैम्परिंग जैसे मामले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की मानसिकता को दर्शाते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है।

निष्पक्षता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रयास को महत्व देना सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त हो, एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। पैरालिंपिक खेल दृढ़ता और प्रयास को उजागर करते हैं, पदकों पर भागीदारी पर जोर देते हैं। प्रयास को प्राथमिकता देने से व्यक्तियों को दृढ़ता, विनम्रता और भावनात्मक शक्ति का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नीरज चोपड़ा की विनम्रता और प्रतियोगियों के प्रति सम्मान सिर्फ उनके भाला फेंक रिकॉर्ड से कहीं ज्यादा मनाया जाता है। प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने से कौशल वृद्धि और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में स्थायी उपलब्धियाँ मिलती हैं। विराट कोहली की अनुशासित प्रशिक्षण दिनचर्या स्थायी सफलता प्राप्त करने में प्रयास के महत्त्व को दर्शाती है। परिणामों से ज़्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक व्यवहार और नियमों के प्रति सम्मान को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में निष्पक्षता सुनिश्चित होती है।

उदाहरण के लिए सचिन तेंदुलकर का स्लेजिंग में शामिल होने से इनकार करना क्रिकेट में अल्पकालिक लाभ की तुलना में नैतिकता को उजागर करता है। प्रयास को स्वीकार करने से सहानुभूति, सहयोग और एकता जैसे मूल्य पैदा होते हैं, जो एक परिपक्व और नैतिक समाज में योगदान करते हैं। 2019 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के प्रयासों का जश्न मनाने वाले प्रशंसकों ने परिणामों से ज़्यादा प्रयास की सराहना करने की ओर एक बदलाव दिखाया। परिणामों से ज़्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा मिलता है, खेलों में निष्पक्षता और समावेशिता की संस्कृति का पोषण होता है। यह दीर्घकालिक चरित्र निर्माण को बढ़ावा देता है और अनैतिक शॉर्टकट को रोकता है। हालांकि, एक सूक्ष्म दृष्टिकोण महत्त्वपूर्ण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रयास कौशल विकास और प्रदर्शन लक्ष्यों के साथ संरेखित हों, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बनाए रखा जा सके और साथ ही खेल कौशल और अखंडता को बढ़ावा दिया जा सके। कभी-कभी हम अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हैं। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर आगे बढ़ते हैं, पूरे जी जान से मेहनत करते हैं ताकि कुछ अच्छा हो लेकिन यह जरूरी नहीं कि आप सफल हो ही जाएँ। सफलता और असफलता दोनों के मौके समान रहते हैं। आप सफल हुए तो आपके अबतक के संघर्ष पर पूर्ण विराम लग जाएगा लेकिन दूसरी स्थिति बहुत विकट होती है जब आप अपनी मेहनत को डूबता हुआ देखते हैं। युवाओं के लिए यह स्थिति और भी ज़्यादा खराब होती है क्योंकि वह ऐसी स्थिति का सामना जीवन में पहली बार कर रहे होते हैं। ऐसे समय में धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ना ही सर्वोत्तम उपाय है। ऐसे व्यक्ति को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे ही हिम्मती और धैर्यवान लोगों के लिए लिखा गया है—कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

# तुलसी की खेती



## परिचय

तुलसी की ओसिमम प्रजाति को तेल उत्पादन के लिए उगाया जाता है। तुलसी की इस प्रजाति की भारत में बड़े पैमाने पर खेती होती है। उत्तर प्रदेश में बरेली, बादयूं, मुरादाबाद और सीतापुर जिलों में तथा बिहार के मुंगेर जिला में इसकी खेती की जाती है। इसका प्रयोग परफ्यूम व कास्मेटिक इंडस्ट्रीज में अधिक होता है। तूलसी की ओसीमस सेंक्टेम प्रजाति के सारभूत तेल की अधिक कीमत होती है, किन्तु तेल की मात्रा कम मिलती है।

## तुलसी की विभिन्न प्रजतियां

भारत में तुलसी का पौधा धार्मिक एवं औषधीय महत्व का है। इसे हिंदी में तुलसी, संस्कृत में सुलभा, ग्राम्या, बहूभंजरी एवं अंग्रेजी में होली बेसिल के नाम से जाना जाता है। लेमिएसी कूल के इस पौधे की विश्व में 150 से ज्यादा प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इसकी मूल प्रकृति एवं गुण एक समान हैं।

प्रमुख प्रजातियाँ निम्न प्रकार हैं

## बेसिल तुलसी या फ्रेंच बेसिल

डाउनलोड करें किसान समाधान एंड्राइड एप्प और जाने अन्य व्यापारिक फसलों की जानकारी

स्वीट फेंच बेसिल या बोबई तुलसी
कर्पूर तुलसी
काली तुलसी
वन तुलसी या राम तुलसी
जंगली तुलसी
होली बेसिल

## श्री तुलसी या श्यामा तुलसी

तुलसी अत्यधिक औषधीय उपयोग का पौधा है। जिसकी महत्ता पुरानी चिकित्सा पद्धति एवं आधुनिक चिकित्सा पद्धति दोनों में है। वर्त्तमान में इससे अनेकों खाँसी की दवाएँ साबुन, हेयर शैम्पू आदि बनाए जाते लगे हैं। जिससे तुलसी के उत्पाद की मांग काफी बढ़ गई है। अतः मांग की पूर्ति बिना खेती के संभव नहीं हैं।



## मृदा व जलवायु

इसकी खेती, कम उपजाऊ जमीन जिसमें पानी की निकासी का उचित प्रबंध हो, अच्छी होती है बलूई दोमट जमीन इसके लिए बहुत उपयुक्त होती हैं। इसके लिए उष्ण कटिबंध एवं कटिबंधीय दोनों तरह जलवायु होती है।

## भूमि की तैयारी

जमीन की तैयारी ठीक तरह से कर लेनी चाहिए। जमीन जों के दूसरे सप्ताह तक तैयार हो जानी चाहिए।

## बुवाई / रोपाई

इसकी खेती बीज द्वारा होती है लेकिन खेती में बीज की बुवाई सीधे नहीं करनी चाहिए। पहले इसकी नर्सरी तैयार करनी चाहिए। बाद में उसकी रोपाई करनी चाहिए।

## पौध तैयार करना

जमीन की 15 - 20 सेमी. गहरी खुदाई कर के खरपतवार आदि निकाल तैयार करा लेना चाहिए। 15 टन प्रति हे. की दर से गोबर की सड़ी खाद अच्छी तरह से मिला देना चाहिए। 1 मी. ङ्ग 1 मी. आकार की जमीन सतह से उभरी हुई क्यारियां बना कर उचित मात्र में कंपोस्ट एवं उर्वरक मिला दिन चाहिए। 750 ग्रा. - 1 किग्रा. बीज एक हेक्टयेर के लिए पर्याप्त होता है। बीज की बुवाई 1ः10 के अनुपात में रेत या बालू मिला कर 8-10 सेमी. की दूरी पर पक्तियां में करनी चाहिए। बीज की गहराई अधिक नहीं होनी चाहिए। जमाव के 15-20 दिन बाद 20 कि./ हे. की दर से नेत्रजन डालना उपयोगी होता है। पांच- छह सप्ताह में पौध रोपाई हेतु तैयार हो जाती है।



## रोपाई

सूखे मौसम में रोपाई हमेशा दोपहर के बाद करनी चाहिए। रोपाई के बाद खेत को सिंचाई तुरंत कर देनी चाहिए। बादल या हल्की वर्षा वाले दिन इसकी रोपाई के लिए बहुत उपयुक्त होते हैं। इसकी रोपाई लाइन में लाइन 60 से. मी. तथा पौधे से पौधे 30 से. मी. की दूरी पर करनी चाहिए।

## खरपतवार नियंत्रण

इसकी पहली निराई गुड़ाई रोपाई के एक माह बाद करनी चाहिए। दूसरी निराई - गुड़ाई पहली निराई के 3-4 सप्ताह बाद करनी चाहिए। बड़े क्षेत्रों में गुड़ाई ट्रैक्टर से की जा सकती है।

## उर्वरक

इसके लिए 15 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद जमीन में डालना चाहिए। इसके अलावा 75-80 किग्रा. नेत्रजन 40-40 किग्रा. फास्फोरस व पोटाश की आवश्यता होती है। रोपाई के पहले एक तिहाई नेत्रजन तथा फस्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा खेत में डालकर जमीन में मिला देने चाहिए। शेष नेत्रजन की मात्रा दो बार में खड़ी फसल में डालना चाहिए।

## कटाई

जब पौधे में पूरी तरह से फूल आ जाए तथा नीचे के पत्ते पीले पड़ने लगे तो इसकी कटाई कर लेनी चाहिए। रोपाई के 10-12 सप्ताह के बाद यह कटाई के लिए तैयार हो जाती है।

## आसवन

तुलसी का तेल पूरे पौधे के आसवन से प्राप्त होता है। इसका आसवन, जल तथा वाष्प, आसवन, दोनों विधि से किया जा सकता है। लेकिन वाष्प आसवन सबसे ज्यादा उपयुक्त होता है। कटाई के बाद तुलसी के पौधे को 4-5 घंटे छोड़ देना चाहिए। इससे आसवन में सुविधा होती है।

## पैदावार

इसके फसल की औसत पैदावार 20 - 25 टन प्रति हेक्टेयर तथा तेल का पैदावार 80-100 किग्रा. हेक्टेयर तक होता है।



### आय - व्यय विवरण

प्रति हेक्टेयर व्यय - रू. 10,500
तेल का पैदावार - 85 किलो प्रति हेक्टेयर
टेल की कीमत - 450 - रूपया प्रति किलो - 8/5 ङ्ग 450 = 38,250
**शुद्ध लाभ :** रू. 38, 250 - 10,500 = 27,750



# गुडमार औषधीय पौधे की खेती

### गुडमार की खेती

**विश्व में पाये जाने वाले अनेकों बहुमूल्य औषधीय पौधों में गुडमार एक बहुउपयोगी औषधीय पौधा है। यह एस्कलपिडेसी कुल का सदस्य है। इसका वानस्पतिक नाम जिमनिमा सिलवेस्ट्री है। गुडमार के पत्ते तथा जड़ औषधीय रूप में उपयोग किये जाते हैं।**



## वानस्पतिक विवरण

गुडमार बहुवर्षीय लता है। गुडमार की शाखाओं पर सूक्ष्म रोयें पाये जाते हैं। पत्ते अभिमुखी मृदूरोमेश अग्रभाग की तरफ नोकदार होते हैं। एस पर पीले रंग के गुच्छेनुमा फूल अगस्त - सितम्बर माह में खिलते हैं। गुडमार के फल लगभग 2 इंच लम्बे एवं कठोर होते हैं तथा बीज छोटे एवं काले - भूरे रंग के होते हैं।

## भौगोलिक वितरण

यह भारत वर्ष के विभिन्न भागों जैसे - मध्य भारत, पशिचमी घाट, कोकण, त्रवनकोर क्षेत्र के वनों में पाया जाता हैं। गुडमार मध्य प्रदेश के विभिन्न वन क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से काष्ठीय रोयेंदार लता के रूप में पाये जाने वाली वनस्पति हैं।

## औषधीय उपयोग

गुडमार की पत्तियों का उपयोग मुख्यतः मधुमेह - नियंत्रण औषधीयों के निर्माण में किया जाता है। इसके सेवन से रक्तगत शर्करा की मात्रा कम हो जाती है, साथ ही पेशाब में शर्करा का आना स्वतः बंद हो जाता है। सर्पविष में गुडमार की जड़ को पीसकर या काढ़ा पिलाने से लाभ होता है। पत्ती या छाल का रस पेट के कीड़े मारने में उपयोग करते हैं। गुडमार यकृत को उत्तेजित करता है और अप्रत्यक्ष रूप से अग्नाशय की इन्सुलिन स्राव करने वाली ग्रंथियों की सहायता करता है। जड़ों का उपयोग खांसी, हृदय रोग, पुराने ज्वार, वात रोग तथा सफ़ेद दाग के उपचार हेतु किया जाता है।



## रासायनिक संगठन

पत्तियों में जिम्नेमिक अम्ल, फ्वेरसियल, एन्थ्रान्वोनोन, जिम्नोसाइडस, सेपोनिन तथा कैल्सियम आक्जेलेट रसायन पाये जाते हैं।

## भूमि

गुडमार की खेती के लिए उचित जल निकास वाली दोमट मिटटी अच्छी होती है। गर्मियों में दो बार आड़ी - खड़ी जुताई कर एवं पाटा चलाकर खेत तैयार कर लेना चाहिए। पाटा चलाकर मिटटी को भुरभुरी व समतल कर लेना चाहिए।

## बीज

बीजों से खेती करने के लिए रोपनी में पौधा तैयार करना चाहिए। बीज बोने से पूर्व 3 ग्राम डायथेन एम 45 या बावेस्टीन नामक फफूंदनाशक से बीजों को उपचारित करना चाहिए। उपचारित बीजों को पहले से भरी पालीथीन की थैलियों में बो देना चाहिए। बीजों को बोने व रोपणी बनाने का सही समय अप्रैल - मई माह होता है। माह जुलाई - अगस्त तक पौधे खेत में रोपित करने योग हो जाते है।



## कलम द्वारा पौध बनाकर

गुडमार की खेती पुराने पौधों की कलम से पौध बनाकर भी की जा सकती है। इसके लिए जनवरी - फ़रवरी माह उत्तम होता है। पालीथीन बैग में पौध तैयार कर जुलाई - अगस्त माह में खेत में रोपित किया जा सकता है। गुडमार एक बहुवर्षीय लता है। यह लगभग 20 - 30 वर्षों तक उपज देती रहती है।

## रोपण

रोपण हेतु 1 म 1 मी. की दुरी पर तैयार किये गये गड्ढों में बारिश प्रारम्भ होने के पश्चात् जुलाई - अगस्त माह में रोपित कर दिए जाते हैं प्रति गड्ढा 5 किलोग्राम गोबर की पक्की खाद एवं 50 ग्राम नीम की खली डालनी चाहिए। गुडमार की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 10,000 पौधों की आवश्यकता होती है।

## आरोहन व्यवस्था

गुडमार एक लता है। आरोहन व्यवस्था के लिए बांस, लोहे के एंगल एवं तारों का उपयोग करना चाहिए।

## सिंचाई

गर्मी के समय 10 15 दिन तथा सर्दियों में 20 - 25 दिन के अंतराल में एक बार सिंचाई की जाय तो इसकी बढवार के लिए काफी अच्छा रहता है।

## फसल सुरक्षा

कभी - कभी अधिक बारिश के कारण पौधों में पीलेपन की समस्या आती है। इसके लिए बोनी के समय 10 कि.ग्रा. फ़र्स सल्फेट का प्रयोग प्रति हेक्टेयर की दर से किया जाना चाहिए।

## फसल कटाई

गुडमार की खेती मुख्य रूप से इसकी पत्तियों के लिए की जाती है। रोपण के प्रथम वर्ष से ही पत्ते प्राप्त होना प्रारम्भ हो जाते हैं। समय बढ़ने के साथ - साथ इसकी लताए बढती रहती हैं तथा फसल की उपज भी बढती जाती है। गुडमार की फसल एक बार लगाने के बाद लगभग 20 - 25 वर्षों तक फसल देती रहती है। सिंचित अवस्था में दो बार पत्तों की तुडाई की जा सकती है।



पहली सितम्बर - अक्तूबर में तथा दूसरी अप्रैल - मई में 7 गुडमार की परिपक्व एवं चयनित पत्तियों को तोड़कर उन्हें छायादार स्थान में सुखाना चाहिए। ग्रीष्म ऋतू में पौधों की परिपक फलियाँ एकत्र कर सुखाई जाती है। फलियों को एकत्र करते समय ध्यान रखना चाहिए की फलियाँ चटक न गई हो अन्यथा बीज उड़ जायेंगे, क्योंकि इनपर रुई लगी रहती है। एस प्रकार प्रति वर्ष पत्तियों को दो बार तुडाई करने पर तीसरे वर्ष से प्रत्येक पौधे से लगभग 5 कि.ग्रा. गीली पत्तियां अथवा एक किलोग्राम सुखी पत्तियां प्राप्त होती है। एक हेक्टेयर में लगभग 4 - 6 किवंटल सुखी पत्तियां प्राप्त होती है।

## संग्रहण काल

माह दिसम्बर - जनवरी में गुडमार की पत्तियों को चुनकर एकत्र करना चाहिए एवं इनकी जड़ों को ग्रीष्म ऋतू में उखड़ना चाहिए।

## विनाश विहीन विदोहन प्रक्रिया

माह दिसम्बर - जनवरी में इसके पत्तों को हाथ से चुनकर एकत्र करना चाहिए। पत्तियां एकत्र करने के लिए पौधे को नहीं काटना चाहिए।

## कुल प्राप्तियां

गुडमार की खेती से किसान 25 से 30 हजार रु, प्रति हेक्टेयर आय अर्जित कर सकता है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## दिल्ली में फिलहाल लागू नहीं होगी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने एक आदेश में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिलहाल लागू करने पर रोक लगा दी है। दरअसल दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के बीच एक समझौता करने का निर्देश दिया था। इस समझौते के तहत प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचा मिशन को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लागू किया जाना था। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। दिल्ली सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए।




सिंघवी ने दलील दी कि राज्य सूची की 1,2 और 18 एंट्री के तहत केंद्र की शक्तियां सीमित हैं, लेकिन उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में सरकार की शक्तियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में फिर से परिभाषित किया है। सिंघवी ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली सरकार को केंद्र सरकार के साथ समझौते के लिए मजबूर किया जा रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी। गौरतलब है कि दिल्ली में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना लागू नहीं है। साल 2017 में दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें दिल्ली में सरकारी अस्पतालों में आईसीयू बेड और वेंटीलेटर्स की उपलब्धता पर चिंता जाहिर की थी। साथ ही याचिका में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना को दिल्ली में भी लागू कराने की मांग की गई थी। ऐसे में उच्च न्यायालय ने योजना को पूरी तरह से लागू करने की बजाय केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच समझौता करने का आदेश दिया था।

## डल्लेवाल का वजन 20 किलो घटा



चंडीगढ़ । पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 53 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ के मुताबिक डल्लेवाल का वजन 20 किलो कम हो गया है। जब वे आमरण अनशन पर बैठे थे, तब उनका वजन 86 किलो 950 ग्राम था, जबकि अब यह घटकर 66 किलो 400 ग्राम रह गया है। वहीं, डल्लेवाल के समर्थन में खनौरी बॉर्डर पर 111 लोगों के आमरण अनशन को आज 3 दिन हो गए हैं। एक दिन पहले प्रशासन व पुलिस के अधिकारी डल्लेवाल से मिलने पहुंचे थे। डल्लेवाल की लेटेस्ट मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक किडनी और लिवर से संबंधित टेस्ट का रिजल्ट 1.75 है, जो सामान्य परिस्थितियों में 1 से भी कम होना चाहिए। किसान नेताओं ने बताया कि सरकार जानबूझकर सुप्रीम कोर्ट को उन टेस्ट के रिजल्ट बताती है, जिनमें गिरावट आने में ज्यादा समय लगता है।

## कंगना की फिल्म इमरजेंसी का विरोध

अमृतसर। बॉलीवुड एक्टर एवं हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी शुक्रवार को रिलीज हो गई है। लेकिन पंजाब में सिख संगठन इसके विरोध में उतर आए हैं। अमृतसर, जालंधर, लुधियाना और मोहाली में थिएटर्स के बाहर सिख संगठनों के सदस्य काले झंडे लेकर विरोध कर रहे हैं। यहां पुलिस तैनात है। फिलहाल किसी भी थिएटर में फिल्म दिखाई नहीं जा रही है। सभी शो रोक दिए गए हैं। पीवीआर ग्रुप के 70 से 80 थिएटरों पर ये फिल्म दिखाई जानी थी विरोध के बाद इन थिएटरों पर फिल्म लगी ही नहीं।

## चिराग के बयान से नीतीश को टेंशन, पीके के अनशन का किया समर्थन

पटना। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बीपीएससी के खिलाफ जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर के प्रदर्शन का समर्थन किया है। चिराग ने कहा है कि पीके ने क्या किया, वे क्या कह रहे हैं इसपर बिना टिप्पणी किए मैं कहूंगा कि मैं उनके अनशन के मुद्दे से सहमत हूं। बीपीएससी के छात्रों के साथ कोई अन्याय ना हो इसकी जिम्मेदारी बिहार की नीतीश सरकार की है। बीपीएससी के द्वारा जिस तरह से री एग्जामिनेशन कराए गए वे गलत है। आयोग के द्वारा जिस तरह से एक सेंटर के अभ्यर्थियों का री-एग्जामिनेशन कराया गया, वह गलत है। चिराग ने कहा कि दो परीक्षा से कहीं ना कहीं गलत लाभ मिलता है। यह गलत परंपरा की शुरुआत होगी। गठबंधन के अंदर भी मैंने नीतिश जी के सामने विषय को कई बार रखा है। किसी छात्र के साथ कोई अन्याय ना हो हमारी सरकार जरूर प्रयास करेगी। चिराग ने कहा कि सबसे पहले उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और जो दोषी हो उनपर कार्रवाई कर सभी अभ्यर्थियों का फिर से परीक्षा कराना चाहिए। वहीं केंद्रीय मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा हैं कि तेजस्वी को इसका डर है कि विनिंग कंडीशन के साथ एनडीए बिहार में आगे बढ़ रहा है। इसकी घबराहट मेरे छोटे भाई के मन में है। विधानसभा उप चुनाव जो कि सेमीफाइनल बताया गया। उस उपचुनाव में एनडीए को 100 प्रतिशत जीत मिली।

## कुंभ पहुंचे राकेश टिकैत, लोगों को महाकुंभ में गुटखा खाने की आदत छोड़ देना चाहिए

प्रयागराज । संगमनगरी में 13 जनवरी से महाकुंभ का महापर्व शुरू हुआ है। जहां साधु-संत, कथावाचक, फिल्म अभिनेता और नेता के साथ देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु पहुंचकर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत भी 4 दिनों के लिए महाकुंभ पहुंचे हैं। टिकैत ने गुटके का जिक्र करते हुए एक चिंता जाहिर की है। बता दें किसान नेता टिकैत ने गुटखा खाने वाले लोगों से परेशान हैं। उन्होंने कहा, लोगों को महाकुंभ में गुटके वाली बुराई को छोड़ देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कुंभ की बेहतरह व्यवस्थाओं को लेकर सीएम योगी की दिल खोलकर तारीफ भी की। साथ ही कहा कि मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। इतना ही नहीं टिकैत ने बताया कि शनिवार को महाकुंभ क्षेत्र में किसानों की महापंचायत होगी। जहां कुछ फैसले लिए जाएंगे।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार की टक्कर

दौसा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार नीलगाय से टकरा गई। घटना में दिल्ली पुलिस की एस्कॉर्ट कार क्षतिग्रस्त हुई, हालांकि फारूक पूरी तरह सुरक्षित रहे। दरअसल फारूक अजमेर दरगाह की जियारत के लिए जा रहे थे। काफिले में शामिल पांच कारों में से, उनके पीछे चल रही दिल्ली पुलिस की गाड़ी नीलगाय से भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी के दोनों एयरबैग खुल गए और कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। पुलिस के मुताबिक, हादसे में किसी को चोट नहीं आई। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को दौसा सदर थाने में खड़ा किया गया है। कार में सवार ड्राइवर और हेड कॉन्स्टेबल पप्पूराम मीणा को दौसा में ही रुकना पड़ा, जबकि अन्य पुलिसकर्मी काफिले की अन्य गाड़ियों में सवार होकर अजमेर के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि फारूक अब्दुल्ला, राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के पूर्व ससुर हैं। हालांकि, पायलट और फारूक अब्दुल्ला की बेटी सारा का तलाक हो चुका है।

## अपने बयान पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने माफी मांगी

नई दिल्ली । ऋतुराज झा के उपनाम के साथ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने माफी मांग ली है। भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने कहा कि वे बिना कोई तर्क वितर्क किए हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं। वे पूर्वांचली समाज का बहुत सम्मान करते हैं। पूनावाला ने अपने एक्स हैंडल पर माफीनामे वाला वीडियो शेयर किया। पूनावाला ने कहा,



जय श्री राम, नमस्कार। मैं सभी पूर्वांचली भाइयों से हाथ जोड़कर माफी मांगना चाहता हूं। मेरे शब्दों से आपको दुख हुआ, आपको पीड़ा पहुंची। मैं कोई भी तर्क नहीं देना चाहता हूं। आपके साथ मेरा बहुत गहरा रिश्ता है। प्यार, सम्मान, स्नेह का रिश्ता है। मैं यूपी बिहार के लोगों को खासकर जो हमारे मेहनतकश हैं उन्हें बहुत सम्मान देता हूं। यह मेरे चरित्र और जिंदगी से बहुत स्पष्ट है। फिर भी मेरे शब्दों से चोट पहुंची है। मैं उन शब्दों के लिए बहुत-बहुत क्षमा मांगता हूं। दरअसल डिबेट शो के दौरान शहजाद और ऋतुराज झा के बीच तीखी बहस हो गई थी। बहस के दौरान झा ने पहले शहजाद को दो बार 'चूनावाला' कहकर संबोधित किया। इसके बाद गुस्साए पूनावाला ने झा के उपनाम को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। आप ने बयान को पूर्वांचल के लोगों का अपमान बताते हुए बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की।

## संगम में डुबकी लगाने आ रहे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा



**-साधु-संतों से मिलकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी हिस्सा लेने पहुंचे रहे हैं। दोनों नेता कांग्रेस के सेवा दल के शिविर में पहुंचने वाले है। सेवादल से जुड़े एक पदाधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी का कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन वे संगम में स्नान करने और साधु-संतों से मिलकर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त करने वाले है। महाकुंभ का शुक्रवार को पांचवां दिन है और इस दौरान 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। अब तक कुल 7 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को संगम पहुंचने वाले और 29 जनवरी को होने वाली मौनी अमावस्या की तैयारियों का जायजा लेने वाले है। यह तिथि महाकुंभ में विशेष महत्व रखती है और लाखों श्रद्धालु इस दिन संगम में स्नान करने वाले है। लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने महाकुंभ को लेकर योगी सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी आंकड़े फर्जी हैं और कुछ ट्रेनें खाली जा रही हैं। इसके जवाब में भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अखिलेश के बयान का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनियाभर में लोकप्रिय है और लोग केवल भारत से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी यहां आ रहे हैं।

# दिल्ली में घने कोहरे की चादर; अगले हफ्ते फिर बारिश की संभावना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** (ईएमएस)। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में शुक्रवार सुबह घने कोहरे की चादर ने वाहन चालकों को परेशानी में डाल दिया है। दिल्ली समेत आस-पास के क्षेत्रों का मौसम लगातार बदल रहा है। इससे पहले बुधवार की रातभर हुई बारिश के बाद गुरुवार को दोपहर में धूप खिल गई थी, जिससे लोगों ने ठंड से राहत महसूस की। गुरुवार को कोहरे से राहत रही, लेकिन शुक्रवार को घने कोहरे ने सभी को हैरान कर दिया।

गौरतलब है कि बारिश का दौर बुधवार रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक जारी रहा, जिससे न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक 10.3 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री रहा। बारिश ने गुरुवार को कोहरे से राहत दी, लेकिन शुक्रवार को घने कोहरे ने फिर चौंकाया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 और 22 जनवरी को फिर से बारिश की संभावना है। सफदरजंग, पालम, लोदी रोड, और नोएडा समेत विभिन्न इलाकों में बारिश दर्ज की गई, जिसमें पालम में 10.1 मिमी और रिज में 9.7 मिमी बारिश सबसे अधिक रही।



कोहरे और ठंड को लेकर अलर्ट जारी

शुक्रवार को अधिकांश इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी मौसम विभाग ने दी। अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 8 डिग्री रहने की संभावना व्यक्त की गई है। शुक्रवार को कोहरा छाया हुआ है, ऐसे में 18 और 19 जनवरी को भी घने कोहरे का असर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने 17-19 जनवरी के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

### प्रदूषण में सुधार


बारिश के चलते प्रदूषण स्तर में गिरावट दर्ज की गई है। इसके चलते जीआरएपी-4 की पाबंदियां हटा ली गई हैं, हालांकि ग्रेप-3 के तहत प्रतिबंध अभी लागू रहेंगे। स्कूलों में हाइब्रिड मोड और निर्माण कार्यों पर रोक जारी रहेगी।

स्काईमेट के अनुसार, अगले सप्ताह हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम का यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का नतीजा है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी की अखिलेश का सलाह, गंगा जी में डुबकी लगाएं..भीतर की नकारात्मकता खत्म हो जाएगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव को एक सलाह दी है। नकवी के मुताबिक सपा प्रमुख को भी महाकुंभ में जाकर गंगा जी में डुबकी लगानी चाहिए ताकि उनके भीतर की नकारात्मकता खत्म हो जाए। नकवी ने कहा, अखिलेश के ये बयान उनकी बौखलाहट दिखा रहे है। अखिलेश का कहना कि महाकुंभ में लोग नहीं पहुंच रहे हैं, वह गलत है। महाकुंभ में बड़े पैमाने पर लोग पहुंच रहे हैं। जो लोग महाकुंभ पर सवाल खड़े कर रहे हैं, ये वे लोग हैं जो हर काम के रंग में भंग डालने की कोशिश करते हैं। आज आस्था के सबसे बड़े पर्व कुंभ का पर्व मनाया जा रहा है। स्वच्छता और सुरक्षा के साथ यह पूरी सुविधाओं से भरपूर है।

भाजपा नेता नकवी ने कहा, इतना बड़ा आयोजन दुनिया के किसी भी क्षेत्र में, चाहे धार्मिक, आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से, देखने को नहीं मिलेगा। करोड़ों लोग कुंभ में



सुरक्षित पहुंचे और यहां की स्वच्छता की दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं। इतना ही नहीं करोड़ों लोग इसमें भागीदारी कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं। मेरी उन सभी लोगों से अपील है कि वे महाकुंभ में जाकर डुबकी लगाएं, जिससे उनके मन में भरी नकारात्मकता खत्म होगी।

अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने पर नकवी ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, ममता ऐसा दावा करेंगी, अगर बात निकलेगी तो बहुत दूर तक जाएगी। जहां तक मुंबई की बात है, वहां पर जांच एजेंसी और पुलिस काम कर रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

# विवादास्पद बयान देने वाले जस्टिस शेखर कॉलेजियम के सामने हुए पेश

### कहा-वह अपनी बात पर कायम, किसी समुदाय के खिलाफ घृणा पैदा करना उद्देश्य नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव अपने विवादास्पद बयान को लेकर फिर चर्चा में हैं। विश्व हिंदू परिषद के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर तीखी टिप्पणी की थी। इस बयान के बाद उन्हें चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी थी। कॉलेजियम ने मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण भांसाली से रिपोर्ट मांगी थी।

जस्टिस यादव ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर अपने बयान पर सफाई दी और कहा कि वह अपनी टिप्पणियों पर कायम हैं। उन्होंने लिखा कि उनका बयान संविधान में निहित मूल्यों के अनुरूप था और किसी भी समुदाय के खिलाफ घृणा पैदा करने का उद्देश्य नहीं रखता। जस्टिस यादव ने



अपने पत्र में यह भी कहा कि न्यायपालिका के सदस्यों को, जो सार्वजनिक रूप से खुद का बचाव करने में असमर्थ हैं, वरिष्ठों द्वारा समर्थन और संरक्षण की जरुरत होती है।

उन्होंने साफ कहा कि उनकी टिप्पणी न्यायिक आचरण के किसी भी सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करती है। 8 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने समान नागरिक संहिता पर बोलते हुए कहा था कि हिंदू समाज ने अपनी प्रथाओं में सुधार लाने का साहस दिखाया है। उन्होंने सती प्रथा, छुआछूत, जौहर, और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को खत्म करने का उदाहरण दिया। इसके विपरीत, उन्होंने मुस्लिम समाज से सवाल किया कि वे अपने पर्सनल लॉ में सुधार क्यों नहीं कर रहे हैं। जस्टिस यादव ने कहा कि आपको यह गलतफहमी है कि समान नागरिक संहिता आपके शरीयत, इस्लाम या कुरान के खिलाफ है। मुस्लिम समाज को भी बहुविवाह और तीन तलाक जैसी प्रथाओं को खत्म करना चाहिए। जस्टिस यादव के इस बयान पर देशभर में बहस छिड़ गई है। जहां कुछ लोगों ने इसे समाज सुधार की दिशा में बताया है, इस मामले में आगे कॉलेजियम क्या कदम उठाएगा, इस पर सबकी नजरें हैं।

# दिल्ली चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने रेस्तरां में लोगों को खाने पर मिलेगी छूट

**-मतदान करने के बाद अंगुली पर लगी स्याही का निशान दिखाना होगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देजनर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए नगर निगम भी लोगों को लुभाने का प्रयास कर रहा है। इसके तहत निगम जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही मतदान करने वालों को खाने के लिए रेस्तरां में छूट देने की घोषणा की है। निगम के दक्षिणी जोन ने होटल व रेस्तरां संचालकों से समन्वय करके मतदान करने के बाद 5 से 9 फरवरी तक 25 फीसदी की छूट देने की घोषणा की है।

दक्षिणी जोन के निगम उपायुक्त ने बताया कि जोन के क्षेत्राधिकार में आने वाले डीएलएफ साकेत मॉल, सेलेक्ट सिटी वाक मॉल, पीवीआर अनुपम साकेत के साथ ही अरविंदो मार्ग, मालवीय नगर मार्केट, डीएलएफ वंसत कुंज मॉल, जीके, ग्रीन पार्क की विभिन्न मार्केट की दुकानों पर खाने पर 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। निगम उपायुक्त के मुताबिक इसके लिए नागरिकों को मतदान करने के बाद अंगुली पर मतदान की स्याही का निशान दिखाना होगा।

उन्होंने बताया कि अभी मतदान जागरूकता अभियान के तहत छूट देने के लिए 47 रेस्तरां को जोड़ा गया है। आगे भी जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन में अब दो ही दिन बाकी हैं। ऐसे में नामांकन की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को सर्वाधिक नामांकन दाखिल किए गए। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, नई दिल्ली क्षेत्र से उनके प्रतिद्वंदी बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा, कालकाजी से बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी, समयपुर बादली से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और रोहिणी से बीजेपी उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता सहित कई चर्चित प्रत्याशियों ने बुधवार को पर्चा दाखिल किया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक बुधवार को कुल 256 नामांकन दाखिल किए गए। इसके साथ ही 235 उम्मीदवार अब तक कुल 341 नामांकन दाखिल कर चुके हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को ही चुनेगी। आम आदमी पार्टी से पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन, कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन और गोपाल राय के साथ साथ सुरेंद्र सिंह बिट्टू व सहीराम पहलवान ने तुगलकाबाद से नामांकन दाखिल किया। बीजेपी के कुल 32 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया।



# ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए तैयार है रिलायंस इंडस्ट्रीजः मुकेश अंबानी

**- कंपनी का मुनाफा 17,265 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,540 करोड़ रुपये रहा**

**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी तीसरी तिमाही के रिजल्ट जारी करके अपने उच्च स्तरीय वित्तीय प्रदर्शन की गरिमा को साबित किया है। इस दौरान कंपनी ने आय और मुनाफे में वृद्धि दर्ज की है, जिससे उसकी स्थिति मजबूत हुई है। कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 17,265 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,540 करोड़ रुपये रहा है। नतीजों पर बात करते हुए कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि आरआईएल ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए तैयार है। मुकेश अंबानी ने कहा कि हमारी जामनगर रिफाइनरी की 25वीं वर्षगांठ पिछले महीने मनाई गई। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि रिलायंस तेजी से आगे बढ़ रहा है और नित नए मानक स्थापित कर रहा है। इससे हमारे व्यवसायों में निहित ताकत और लचीलेपन की भी झलक मिलती है। मुकेश अंबानी ने बढ़ते डिजिटल सेवा व्यवसाय और रिटेल सेगमेंट के सफलतापूर्वक प्रदर्शन पर जोर दिया है। जियो की टीम ने नए भारत की टेक्नोलॉजी क्षमताओं में भूमिका निभाई है, जो उसके ग्राहकों को उत्कृष्ट डिजिटल अनुभव प्रदान करने में मदद करता है। रिटेल सेगमेंट में रिलायंस ने भी अपने अच्छे प्रदर्शन के साथ कई उपयोगी प्रस्तुतियाँ की है। उनकी ग्राहक-केंद्रित इनोवेशन और व्यापक पहुंच द्वारा, वे ग्राहकों को उत्तम खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत रही हैं। ओ2सी व्यवसाय ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है, जिससे रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार हुआ और पेट्रोकेमिकल डेल्टा में भी सुधार देखा गया है। रिलायंस के चेयरमैन का कहना है कि कंपनी तैयार है ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए, जो उसके उच्च स्तरीय वित्तीय प्रदर्शन की गरिमा को साबित करता है। इससे स्पष्ट होता है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए ऊर्जा और क्रियाशीलता की दिशा में उच्च स्तर पर प्रगति की है और निकट भविष्य में भी यहाँ अच्छे परिणाम की उम्मीद की जा सकती है।

# जापान में नया फोल्डेबल फोन नूबिया फलीप 2 लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

जापान में नूबिया ने अपना नया फोल्डेबल फोन नूबिया फलीप 2 पेश कर दिया है। नूबिया फलीप 2 का सबसे बड़ा बदलाव इसका कवर स्क्रीन है, जिसे गोल स्क्रीन से बदलकर अब रेक्टेंगुलर डिस्प्ले में बदल दिया गया है।

यह नया फोन पिछले मॉडल की तुलना में कई सुधारों के साथ आया है, जिससे यह उपयोगकर्ताओं के लिए और भी आकर्षक बन गया है। इसमें 3 इंच का डिस्प्ले है, जो 422गुणा682 पिक्सल के रिजॉल्यूशन के साथ आता है, जिससे यूजर्स को बिना फोन खोले ऐप्स और नोटिफिकेशन पर त्वरित एक्सेस मिलता है। इसमें 6.9 इंच का ओलेड पैनल है, जो 120एचझेड रिफ्रेश रेट और फुल एचडी प्लस रिजॉल्यूशन के साथ आता है। फोन में 4300 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो फास्ट चार्जिंग का समर्थन करती है। इसके अलावा, यह फोन आईपीएक्स 2 वॉटर रेजिस्टेंट और आईपी4एक्स डस्ट रेजिस्टेंट रेटिंग के साथ आता है, जिससे यह हल्के पानी और धूल से सुरक्षित रहता है।



यह फोन करीब 35,000 रुपये की कीमत में उपलब्ध है और यह ब्लैक, व्हाइट और ब्लू रंगों में उपलब्ध है। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है, जबकि ड्यूल कैमरा सेटअप में 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर है। नूबिया फलीप 2 में मीडियाटेक डाइमेंसिटी डी7300एक्स प्रोसेसर है, जिसे 6जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ जोड़ा गया है।

## भारत अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी- विश्व बैंक

**- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.7 फीसदी पर स्थिर रखा गया**

**नई दिल्ली ।** विश्व बैंक ने कहा है कि भारत अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.7 फीसदी पर स्थिर रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार और विनिर्माण गतिविधियों में मजबूती की उम्मीद है। सरकार की लॉजिस्टिक्स इंफास्ट्रक्चर सुधार और कर सुधारों की पहल इन क्षेत्रों को बढ़ावा देगी। विश्व बैंक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2025 और 2026 में 2.7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो 2024 के समान रहेगा। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अगले दो वर्षों में 4 फीसदी की स्थिर वृद्धि का अनुमान है। विश्व बैंक के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि अगले 25 साल विकासशील देशों के लिए पिछले 25 वर्षों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण होंगे। उच्च ऋण, कमजोर निवेश और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती लागत जैसी चुनौतियां इन देशों के सामने होंगी। इन चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू सुधारों पर जोर देना होगा। विश्व बैंक ने कहा कि भारत की निजी खपत वृद्धि मजबूत श्रम बाजार, विस्तारित क्रेडिट और घटती मुद्रास्फीति से बढ़ेगी। हालांकि, सरकारी खपत वृद्धि सीमित रह सकती है। भारत की विकास दर 2023-24 के 8.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेश में कमी और कमजोर विनिर्माण गतिविधियों के कारण यह गिरावट देखी जाएगी। हालांकि, सेवा क्षेत्र स्थिर है और कृषि क्षेत्र में सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आय में सुधार के चलते निजी खपत लचीली बनी हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में उच्च मुद्रास्फीति और धीमी क्रेडिट वृद्धि ने खपत को प्रभावित किया है। विश्व बैंक ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र में राजकोषीय नीतियां कड़ी रहेंगी। भारत में कर राजस्व में वृद्धि से राजकोषीय घाटा कम होने की उम्मीद है। हालांकि, नीतिगत अनिश्चितताएं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार नीतियों में बदलाव क्षेत्र के लिए जोखिम बने रहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि संरक्षणवादी नीतियों में वृद्धि, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोप में, दक्षिण एशियाई देशों के निर्यात को प्रभावित कर सकती है।

## मेटा में फिर होगी छंटनी, करीब 3,600 कर्मचारियों को दिखाया जाएगा बाहर का रास्ता




**मुंबई ।**

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मालिकाना हक रखने वाली कंपनी मेटा में जल्द ही छंटनी होने वाली है। दरअसल, मेटा इस साल अपने सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले 5 फीसदी कर्मचारियों को बाहर करने की योजना बना रही है। ताकि उनकी जगह नए कर्मचारियों को रखा जा सके। यह जानकारी आंतरिक मेमो के द्वारा कर्मचारियों को दी गई है। सितंबर तक मेटा में करीब 72 हजार लोग काम कर रहे थे। इसके बाद 5 फीसदी की कटौती से करीब 3,600 नौकरियों पर असर पड़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मार्क जुकरबर्ग ने पोस्ट में कहा, मैंने परफॉर्मेंस का पैमाना को ऊंचा करने और लो परफॉर्मर को तेजी से हटाने का फैसला लिया है.

जुकरबर्ग ने कहा, हम आमतौर पर उन लोगों को एक साल के दौरान बाहर कर देते हैं जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। लेकिन अब हम इस साइकिल में परफॉर्मेंस-बेस्ड कटौती को और व्यापक रूप से करने वाले है। अपने ताजा मेमो में जुकरबर्ग ने साफ किया कि परफॉर्मेंस-बेस्ड कटौती का मकसद मेटा के परफॉर्मेंस मैनेजमेंट प्रोसेस को तेज करना है और इन रोल को 2025 में फिर से भरा जाएगा।

बता दें कि साल 2022 से ही दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में लगातार छंटनी चल रही है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब मेटा ने नौकरियों में कटौती का ऐलान किया है। बता दें कि जुकरबर्ग ने साल 2023 को कंपनी का 'ईयर ऑफ एफिशिएंसी' घोषित किया था और तब मेटा ने 10 हजार कर्मचारियों को नौकरियों से निकलाने की घोषणा की थी। मेटा ने साल 2022 से लगभग 21 हजार नौकरियों में कटौती की थी।

# नोएडा में 18 नई कंपनियां 5 हजार करोड़ का करेंगी निवेश

**- 16 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे**

**नोएडा ।**


नोएडा में विकास की रफ्तार को नई दिशा देने के लिए 18 नई कंपनियां तैयार हैं, यह कंपनियां जल्द ही करीब 4800 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। यह निवेश उद्योग, संस्थागत, व्यावसायिक और आवासिय क्षेत्रों में होगा, जो न केवल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, बल्कि 16 हजार से अधिक लोगों के लिए नए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। नोएडा प्राधिकरण ने इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने 90 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सर्टिमोनी की योजनाएं बनाई थीं। अब तक 315 परियोजनाओं से 78,563 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 87.29 प्रतिशत है। हाल ही में पांच नई कंपनियों ने 1517 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनसे 4,240 लोगों को नई रोजगार की संभावना है। अगले कुछ सप्ताहों में, 13 अन्य कंपनियां भी 3253 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे 11,770 और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। नोएडा में निवेश के लिए 315 कंपनियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया है, जिसमें 159 औद्योगिक, 118 संस्थागत, 22 व्यावसायिक कंपनियां और 16 हाउसिंग परियोजनाएं शामिल हैं। प्राधिकरण ने इन सभी कंपनियों को भूखंड आवंटित कर दिया है, जिससे नोएडा के विकास में नई ऊंचाइयां स्थापित होंगी।




## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 86.60 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रही जिसका प्रभाव भी भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले यह 86.58 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ ही 108.80 पर रहा।




## एनसीएलएटी ने एटिवो में आईएफआईएन के 593 करोड़ रुपये के दावे को किया बहाल

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) ने आईएलएंडएफएस फाइनेंशियल सर्विस (आईएफआईएन) के 593 करोड़ रुपये के दावों को बहाल कर दिया है। इस फैसले से एटिवो इकोनॉमिक जोन्स की मौजूदा दिवाला समाधान प्रक्रिया में ऋणदाताओं की समिति के मतदान अधिकार भी बहाल कर दिए गए हैं। इससे पहले, कोलकाता स्थित श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस (एसआईएफएल) का हिस्सा और औद्योगिक पार्कों के विकास, प्रबंधन व विपणन के व्यवसाय में शामिल एटिवो इकोनॉमिक जोन्स के अंतरिम समाधान पेशेवर ने 12 सितंबर 2023 को आईएलएंडएफएस समूह इकाई के दावों को खारिज कर दिया था। एनसीएलएटी ने यह निर्णय लेते समय कहा कि इससे आईएफआईएन के 593 करोड़ रुपये के दावे को खारिज करने वाले 12 सितंबर 2023 के पत्र को जारी करने की आवश्यकता नहीं है। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने इस निर्णय का समर्थन किया। एनसीएलएटी ने आईआरपी द्वारा 12 सितंबर 2023 का पत्र रद्द कर दिया गया है और 39.14 प्रतिशत मतदान अधिकार को एटिवो इकोनॉमिक जोन (मुंबई) प्राइवेट लिमिटेड के सीआईआरपी में बहाल किया गया है। आईएलएंडएफएस ने करीब 593 करोड़ रुपये का दावा दायर किया था, जिसे एटिवो इकोनॉमिक जोन के आईआरपी ने स्वीकार किया और ऋणदाताओं के समिति में 39.14 प्रतिशत की हिस्सेदारी आवंटित की।

## वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी

**- बीएसई में कंपनी के शेयर शुक्रवार को 1044.70 रुपए पर खुले, कुछ देर बाद गिरे**

**नई दिल्ली ।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी है, जिससे निवेशकों में चिंता की लहर दौड़ रही है। शुक्रवार को बीएसई में कंपनी के शेयर 1044.70 रुपए पर खुले और कुछ ही देर बाद 7 फीसदी से अधिक गिरकर 1001.05 रुपए तक पहुंच गए। इंट्रा-डे हाई 1058.70 रुपए पर दर्ज किया गया, जो निवेशकों को एक सामान्य स्थिति में देखने के लिए आशंकायुक्त था। कंपनी की आर्थिक स्थिति भी विवादित है, क्योंकि दिसंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 17 फीसदी घटकर 53.5 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 64.20 करोड़ रुपए था। हालांकि, कंपनी की इनकम में 12 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। निवेशकों के लिए एक राहत की खबर यह है कि कंपनी ने हाल ही में प्रत्येक शेयर पर 1 रुपए का डिविडेंड घोषित किया है, जिसके लिए 24 जनवरी को रिकॉर्ड डेट तय की गई है। कंपनी के शेयरों में बीते 6 महीनों में 46 फीसदी की गिरावट आई है, जो निवेशकों को चिंताजनक लग रही है। हालांकि, लंबी अवधि में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है, पिछले 5 वर्षों में 31,000 फीसदी से अधिक का रिटर्न देकर निवेशकों को आकर्षित किया था।




# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 423 , निफ्टी 108 अंक गिरा**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। सप्ताह के अंतिम कारोबरी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से बाजार नीचे आया। इसके साथ ही बैंकिंग व आईटी स्टॉक्स में हुई बिकवाली के कारण भी बाजार नीचे आया। वहीं गत दिवस बाजार बढ़त पर बंद हुआ था।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 423 अंक करीब 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ ही 76,619 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 108 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी की गिरावट लेकर 23,203 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 30 कंपनियों में से इंफोसिस तथा एक्सिस बैंक के शेयर में पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। कोटक बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे।

दूसरी ओरी जोमैटो और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में दो फीसदी से अधिक की तेजी रही। नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एलएंडटी, सनफार्मा के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।

बाजार जानकारों के अनुसार दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक जैसे आईटी स्टॉक्स में भारी बिकवाली की वजह से आज शेयर बाजार टूटा। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। वहीं इससे पहले आज सुबह बैंक और आईटी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार गिरा। जबकि इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से बाजार को सपोर्ट मिला है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 485 अंक गिरकर 76,557.79 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 144.75 अंक गिरकर 23,167.05 अंक पर पहुंच गया। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। एएसएक्स 200 सपाट रहा, जबकि निक्केई में 0.21 फीसद की गिरावट और टोपिक्स में 0.48 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। कोस्पी लगभग स्थिर रहा। चीन के दिसंबर औद्योगिक उत्पादन, रिटेल बिक्री और चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 5 फीसदी सालाना रहने की संभावना है, जो पिछली तिमाही के 4.6 फीसदी से बेहतर है। इसके अलावा सिंगापुर के दिसंबर गैर-तेल निर्यात आंकड़े भी निवेशकों की रुचि का केंद्र बने हुए हैं। वहीं अमेरिका में शुरुआती बढ़त के बाद बाजार लाल निशान में दिखे। एसएंडपी 500 तीन दिन की तेजी को तोड़ते हुए 0.21 फीसदी गिरा। नेस्डेक में 0.89 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। डाओ जोंस 0.16 फीसदी गिरकर 43,153.13 पर बंद हुआ



## ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री में गिरावट, बजाज और टीवीएस में बढ़त

**टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल की**

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक, जिसे पहले भारतीय बाजार में नंबर वन पर देखा जाता था, अब गिरती बिक्री का सामना कर रही है। ग्राहकों ने ओला की गुणवत्ता और आफ्टर सेल सर्विस की वजह से उससे दूरी बनानी शुरू कर दी है। पिछले महीने के बिक्री आंकड़ों के मुताबिक ओला की बिक्री में 18 फीसदी की गिरावट आई है। इसी बीच बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी बढ़त दिखाई है। टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है, जबकि बजाज ने 25 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे पायदान पर जगह बनाई है। ओला को अपनी बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दूसरी कंपनियां अपनी बढ़त के साथ बाजार में अच्छी पोजीशन बना रही हैं। यह स्थिति ओला के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है और दरअसल बाजाज और टीवीएस इस सेगमेंट में अपनी प्रतिष्ठा बनी हुई हैं।

# इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या भारत में 900 मिलियन के पार

**- ग्रामीण भारत बना मुख्य केंद्र**

**नई दिल्ली ।**

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इंटरनेट के उपयोगकर्ताओं की संख्या इस साल 900 मिलियन को पार करने वाली है। अनुमानों के अनुसार, 2024 में सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 886 मिलियन तक पहुंच गई है, जिसमें वर्ष-ब-वर्ष 8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वृद्धि के पीछे मुख्य कारण माना जा रहा है भारतीय भाषाओं में उपलब्ध डिजिटल कंटेंट का बढ़ता हुआ उपयोग है, जिससे क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण भारत, जहां 488 मिलियन उपयोगकर्ता हैं, कुल इंटरनेट जनसंख्या का 55 फीसदी हिस्सा बनाता है। इन क्षेत्रों में इंटरनेट की मांग तेज़ी से बढ़ रही है और इसकी वृद्धि दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में दोगुनी है। ग्रामीण भारत में महिलाएं भी इस डिजिटल क्रांति का अहम हिस्सा बन रही हैं, क्योंकि कुल महिला उपयोगकर्ताओं का 58 फीसदी हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों से आता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 98 फीसदी इंटरनेट उपयोगकर्ता भारतीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग कर रहे हैं, तमिल, तेलुगु, और मलयालम जैसी भाषाएं सबसे अधिक लोकप्रिय हैं। शहरी क्षेत्रों में भी 57 फीसदी उपयोगकर्ता क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो विभिन्न प्लेटफार्मों पर स्थानीय भाषा के कंटेंट की मांग को दर्शाता है। देश में कुल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में महिलाओं की भागीदारी 47 फीसदी तक पहुंच गई है, जो अब तक का सबसे अधिक है।



## ट्रम्प के व्यापार प्रतिबंधों से भारतीय निर्यात को मिल सकती है चुनौतियां



**नई दिल्ली ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा व्यापार प्रतिबंधों की चपेट में आने के कारण भारत सहित अन्य एशियाई बाजारों में चीन द्वारा अपने निर्यात को और आक्रामक बनाने की संभावना है। एक रिपोर्ट में इस विषय पर जानकारी दी है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय निर्यात क्षेत्र में कठिनाई आ सकती है और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका द्वारा चीन के ऊपर भारी टैरिफ लगाने की संभावना है जिससे चीन की अर्थव्यवस्था में प्रमुख अस्तित्वहानि हो सकती है। इसका असर उनके निर्यात से जुड़े दूसरे बाजारों, जैसे भारत पर भी हो सकता है। रिपोर्ट में भारत के व्यापारिक निर्यात की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। दिसंबर 2024 में भारत के व्यापारिक निर्यात में 4.8 प्रतिशत की गिरावट थी। इसका मुख्य कारण रत्न और आभूषण तथा तेल निर्यात में कमी दिखी। रिपोर्ट में उभरते चुनौतियों के बारे में सामग्री प्रस्तुत की गई है जिससे भारत के व्यापार क्षेत्र में अवसरों और चुनौतियों की स्थिति स्पष्ट होती है।

## फर्जी एसबीआई रिवार्ड मैसेज साइबर धोखाधड़ी का खतरा

**- मैसेज नहीं भेजने की स्पष्ट चेतावनी जारी**

**नई दिल्ली ।** एक गंभीर साइबर सुरक्षा खतरे को लेकर भारतीय साइबर सुरक्षा ने चेतावनी जारी की है। एक फर्जी मैसेज जो एसबीआई` रिवार्ड का दावा कर रहा है, उसमें एक फर्जी एपीके फाइल को डाउनलोड करने के लिए कहा जा रहा है। फार्जी मैसेज में दावा किया जा रहा है कि एसबीआई रिवॉर्ड ऽ वाइंट मिलने के लिए एपीके फाइल डाउनलोड की जानी है, लेकिन यह सच नहीं है। एसबीआई ने भी इस पर विचार करते हुए इस तरह के मैसेज नहीं भेजने की स्पष्ट चेतावनी जारी की है। एसबीआई एक एंड्रॉइड पैकेज किट (एपीके) फाइल एसएमएस या व्हॉट्सएप के माध्यम से नहीं भेजता है, और इनकी रिवॉर्ड लेने के लिए कोई भी एपीके डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं है। फर्जी एपीके फाइल को डाउनलोड करने से आपके पर्सनल डेटा और वित्तीय सुरक्षा पर खतरा हो सकता है। इस तरह के लिंकों से बचें और अनजान स्रोतों से इनस्टॉलेशन न करें। साइबर अपराधियों की इस धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहें और ऐसे मैसेजों को तुरंत रिपोर्ट करें। सुरक्षित रहें, साइबर अपराधियों से बचें।

# राष्ट्रपति ने गुकेश, हरमनप्रीत, मनु और प्रवीण को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स),नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग),एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# पेशेवर मुक्केबाज बनने के बाद भी ओलंपिक को सबसे अहम मानते हैं निशांत




**–लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मुक्केबाजी शामिल रही तो उसमें खेलना चाहेंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुक्केबाज निशांत देव ने कहा है कि पेशेवर सर्किट में उतरने के बाद भी ओलंपिक में खेलना अब भी उनके लिए बेहद अहम है। ऐसे में अगर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अगर मुक्केबाजी को शामिल किया जाता है तो वह अवश्य ही उसमें भाग लेंगे। निशांत पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में मिली करीबी हार और ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण पेशेवर मुक्केबाज बने हैं। इस मुक्केबाज ने एडी हर्न की 'मैचरूम बॉक्सिंग से करार किया है।

उनकी पहली पेशेवर भिड़ंत 25 जनवरी को लॉस एंजिलिस में होगी। निशांत आजकल लॉस एंजिलिस में पेशेवर मुक्केबाज रोनाल्ड सिम्स से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने लॉस एंजिलिस से कहा, 'मैं ओलंपिक में खेलने का अपना सपना पूरा करना चाहता था जो मैं कर चुका हूं। लेकिन अब मैं पेशेवर मुक्केबाजी में खेलने के अपने दूसरे सपने को पूरा करना चाहता हूं। देव को अब भी पेरिस ओलंपिक में मिली करीबी हार सालती है जिसमें वह मेक्सिको के मार्को वर्डे से विवादास्पद क्वार्टरफाइनल हार गये थे। उन्होंने कहा, 'मैं टूट गया था। इतने बड़े मंच पर इस तरह का झटका चुनौतीपूर्ण था। ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य की अनिश्चितता इस निराशा को और भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, 'अभी तक मुक्केबाजी की ओलंपिक के लिए पुष्टि नहीं की गई है। मैं यह जानने के लिए तीन साल तक इंतजार नहीं करना चाहता कि यह ओलंपिक में शामिल नहीं है। इसलिए इस समय का उपयोग मेरे पेशेवर मुक्केबाजी के सपने को पूरा करने में किया जा सकता है। निशांत का कहना है कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में सभी मुख्य बेल्ट जीतकर विश्व चैम्पियन बनना चाहता हूं।

# भारत की नजरें अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप बरकरार रखने पर

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** विश्व स्तर पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश में जुटे भारत के अगली पीढ़ी के क्रिकेटर शनिवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य खिताब बरकरार रखने का होगा। भारत को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला विश्व कप जीता था जिसमें फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी थी। पहले दिन पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप डी में स्कॉटलैंड से होगा जबकि 2023 उपविजेता इंग्लैंड की टक्कर आयरलैंड से होगी। रविवार को होने वाले अन्य मैचों में समोआ का सामना ग्रुप सी में नाइजीरिया से, ग्रुप डी में बांग्लादेश का सामना नेपाल से, ग्रुप बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से और ग्रुप सी में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमों को चार चार के चार समूहों में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। वहां से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी और फाइनल दो फरवरी को होगा। भारत ने 2023 में शेफाली वर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका में यह टूर्नामेंट जीता था। उस टीम में टिटास साधू, श्वेता सेहरावत, पार्श्वी चोपड़ा और अर्चना देवी जैसे खिलाड़ी थे जो सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं। इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए निकी प्रसाद की कप्तानी वाली टीम इस मौके को भुनाने की पूरी कोशिश करेगी। प्रमुख खिलाड़ियों में हैदराबाद की तृषा जी शामिल है जिन्होंने शीर्षक्रम में शानदार प्रदर्शन करके पिछले महीने अंडर 19 विश्व कप में भारत की जीत की नींव रखी थी। उनके अलावा टीम में स्पिनर पारूनिका सिसोदिया, सोनम यादव और आयुषी शुक्ला भी हैं।

**भारतीय टीम :** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका छाल्के, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी दृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एम डी शबनम, वैष्णवी एस,

# अनुशासन भंग करने पर खिलाड़ियों पर लग सकता है प्रतिबंध : बीसीसीआई




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम में 'अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल' को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व क़दम उठाते हुए 10 बिंदुओं वाली नियामावली जारी करते हुए कहा कि इसका पालन नहीं वाले खिलाड़ियों का अनुबंध समाप्त कर उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और घरेलू क्रिकेट खेलने पर रोक लगा दी जाएगी।

'पोलिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया' नामक यह नियमावली गुरुवार को खिलाड़ियों को भेज दी गई, इसे पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक की सलाह पर शामिल हैं। नियमावली में कहा गया है कि दौरे, मैच और अभ्यास के लिए खिलाड़ी अलग से यात्रा नहीं कर सकेंगे। बैठक में कहा गया कि कुछ खिलाड़ी मैच या अभ्यास के लिए टीम बस की जगह अपनी अलग से वाहन से यात्रा करते हैं, जिससे टीम का अनुशासन भंग होता है। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास सत्रों में ग्रुप के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, जिससे टीम का माहौल खराब होता है। बीसीसीआई ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में मैच या अभ्यास के लिए अलग से यात्रा करनी है तो उन्हें मुख्य कोच या मुख्य चयनकर्ता से पहले से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा उन्हें किसी अभ्यास सत्र में पूरे समय तक रहना होगा, भले ही उनका अभ्यास पहले समाप्त हो जाये। विदेश दौरों पर भी खिलाड़ियों को परिवार के साथ अलग से यात्रा करने की बजाय टीम के साथ ही यात्रा करने का सुझाव दिया गया है, ताकि टीम में अनुशासन और संगठन को बल मिले। इसमें बताया गया है कि अगर कोई सीरीज या दौरा तय समय से पहले समाप्त होने पर भी खिलाड़ी अपने मन से अलग से यात्रा न करें, इससे टीम की एकता प्रभावित होती है। बीसीसीआई ने कहा है कि 45 दिनों या उससे अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य - साथी और बच्चे (18 वर्ष तक) 14 दिनों से अधिक उनके साथ नहीं रह सकते हैं।

खिलाड़ी का परिवार केवल एक बार ही उसके साथ आ सकते हैं और उनकी यात्रा की व्यवस्था कोच, कप्तान और बीसीसीआई के संचालन महाप्रबंधक की मंजूरी के बाद संबंधित खिलाड़ी को करनी होगी। बीसीसीआई आगंतुकों की अवधि के लिए खिलाड़ी के साथ साझा आवास का खर्च उठाएगा। जारी दस्तावेज में कहा, 'अन्य सभी खर्च खिलाड़ी द्वारा वहन किए जाएंगे।' बीसीसीआई ने यह भी कहा कि परिवार के लिए पूर्व-अनुमोदित अवधि के बाहर अतिरिक्त लागत खिलाड़ी द्वारा वहन किया जायेगा।


गौरतलब है कि बीसीसीआई ने भारत के खराब प्रदर्शन का आकलन करने के लिए समीक्षा बैठक बुलाई थी, जिसकी शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार से हुई, जहां भारत 3-0 से हारा था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से हार हुई। समीक्षा बैठक में मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया मौजूद थे।

# अक्षर को मिल सकती है दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी



मुम्बई । आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल को मिलना तय माना जा रहा है। आईपीएल 21 मार्च से शुरू होगा। गत वर्ष इसके लिए हुई नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने केएल राहुल को 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। जिससे माना जा रहा था कि राहुल को कप्तानी मिल सकती है क्योंकि वह लखनऊ सुपर जायंट्स में भी कप्तान रहे थे। वहीं अब कहा जा रहा है कि दिल्ली की कप्तानी अक्षर पटेल को मिल सकती है। इसका कारण है कि अक्षर टीम के साथ काफी समय से हैं और कई बार ऑलराउंडर की भूमिका निभा चुके हैं। दिल्ली अक्षर को आईपीएल 2025 के लिए 16.50 करोड़ रुपये वेतन देगी। अक्षर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ के राहुल को खरीदा जबकि लखनऊ ने दिल्ली के ही ऋषभ पंत को सबसे बड़ी रकम देकर खरीदा था। ऋषभ भी दिल्ली के कप्तान थे। अक्षर ने आईपीएल में अभी तक कुल 150 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 1653 रन बनाए हैं। अक्षर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 123 विकेट लिए हैं।

# रोहित के बचाव में उतरे युवराज



नई दिल्ली । पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने खराब फार्म के कारण आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बचाव किया है। युवराज ने कहा कि भले ही रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को जीत नहीं दिला पाये हैं पर उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल नहीं उठाये जा सकते हैं। युवराज ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, रोहित की कप्तानी में ही टीम टी20 विश्व कप जीती और एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल तक पहुंची। रोहित की कप्तानी में ही मुंबई इंडियंस ने 5 आईपीएल जीते। उन्होंने किसी और को अवसर देने के लिए सिडनी टेस्ट से बाहर रहने का फैसला किया था। पूर्व में किसी कप्तान ने ऐसा किया है क्या? मैं देखता हूं कि उन्होंने पिछले 3 से 5 सालों में क्या किया है, एक या दो टूर्नामेंट से उन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। मेरे लिए, घरेलू सीरीज हार ज्यादा निराशाजनक थी क्योंकि भारत का न्यूजीलैंड से 3–0 से हारना ज्यादा कठिन था। रोहित की कप्तानी में ही टीम ने 2023 में हुए विश्व कप के दौरान लगातार 10 मैच जीते थे। उनके नेतृत्व में ही टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में भी प्रवेश किया था पर उसे वहां ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। युवराज ने ये भी कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर को और समय दिया जाना चाहिये क्योंकि वह कुछ समय पहले ही टीम के कोच बने हैं। अभी उन्हें पूरी तरह से प्रक्रिया में आने दिया जाये।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले ईडन गार्डन्स में 3 दिवसीय शिविर लगाएगा भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले 3 दिवसीय शिविर लगा रही है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा कि टीम 18 जनवरी को कोलकाता में एकत्रित होगी और ईडन गार्डन्स स्टेडियम में सीरीज का पहला मैच खेलने से पहले 3 दिन अभ्यास करेगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम इस प्रारूप में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद करेगी। यादव की अगुआई में भारत ने श्रीलंका, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीती हैं जिनमें से कुछ मैचों में कई रिकॉर्ड टूटे हैं।

संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में शामिल करना टीम प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण खोज रही है जिससे उन्हें इस स्थान पर अपनी ताकत बढ़ाने में मदद मिली है। 5 मैचों की सीरीज में अभिषेक शर्मा से लेकर नितीश कुमार रेड्डी तक भारतीय खिलाड़ियों की नई पीढ़ी मौजूद है। भारत से घरेलू परिस्थितियों में इंग्लैंड के लिए मुश्किलें खड़ी करने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के बेहद व्यस्त दौरे के बाद जसप्रीत बुमराह को इस सीरीज से आराम दिया गया था, जहां वह सीरीज के अंतिम टेस्ट मैच के बीच में चोटिल हो गए थे। चोटिल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक साल से अधिक समय के बाद टीम में वापसी की है, जबकि संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल को ऋषभ पंत से आगे रखा गया है। इस बीच क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) ने दिग्गज महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी को विशेष श्रद्धांजलि देने की योजना बनाई है जिसके तहत प्रतिष्ठित स्टेडियम में उनके सम्मान में एक स्टैंड का नाम रखा जाएगा। यह श्रद्धांजलि मैच ब्रेक के दौरान दी जाएगी। मैच के दिन से पहले सीएबी जूनियर महिला बंगाल क्रिकेट टीम को भी सम्मानित करेगा जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज मुख्य अतिथि होंगी।

**इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारत की टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

# बोपन्ना और झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के दूसरे दौर में पहुंची



मेलबर्न । भारत के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6.4, 6.4 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। पुरूष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। अब बोपन्ना और झांग का सामना अमेरिका के टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के हुगो निस और ऑस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक मेडिसन इंगलिस और जैसन कुबर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ यहां फाइनल में पहुंचे थे। बोपन्ना 2024 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैथ्यू एबडेन के साथ खिताबी जीत के बाद युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। वह 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीतने के साथ यह कारनामा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे।

# भारतीय टीम का बल्लेबाजी कोच बनना चाहते हैं पीटरसन



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने भारतीय क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच बनना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौर के बाद भारतीय बोर्ड को टीम इंडिया के लिए एक बल्लेबाजी कोच की जरूरत महसूस हुई है। इसी को देखते हुए पीटरसन ने टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच बनने में रुचि जताई है। भारतीय टीम पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद ही बल्लेबाजी कोच के बिना खेल रही है। विश्वकप तक मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ के समय विक्रम राठौर मुख्य कोच थे। वहीं द्रविड़ के बाद जगह गौतम गंभीर मुख्य कोच बने। गंभीर के साथ अभिक नायर टीम इंडिया के सहायक कोच बने, जबकि द अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मौर्न मोर्कल गेंदबाजी कोच के रुप में जुड़े। टी दिलीप टीम इंडिया के फील्डिंग कोच बने हे, जबकि रेयान टेन डेशखाटे को टीम इंडिया का दूसरा असिस्टेंट कोच बनाया गया। गंभीर के कार्यकाल में भारतीय टीम की बल्लेबाजी खराब रही है। सोशल मीडिया पर टीम इंडिया के नए बल्लेबाज कोच की तलाश को लेकर कई गई एक पोस्ट के जवाब में पीटरसन ने लिखा कि, भारतीय टीम का प्रदर्शन पिछळे कुछ समय में बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहा है और अन्य बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ऐसे में टीम को बल्लेबाजी कोच की जरुरत है जो बल्लेबाजों को सलाह देकर उनकी गलतियां सुधार सके।

# 2026 विश्व कप जीतना चाहते हैं हरमनप्रीत




नई दिल्ली । भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं। हरमनप्रीत ने कहा कि उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान

# भारत के लिए खेलने का सपना अभी भी जिंदा है : करुण नायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क - लंबे समय तक मैदान से दूर रहने और करीब तीन साल पहले सोशल मीडिया पर एक उदास पोस्ट के बाद करुण नायर ने क्रिकेट में सनसनीखेज वापसी की है। उन्होंने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतक बनाए और अब वह आठ साल बाद भारतीय जर्सी पहनने को लेकर आशावादी हैं। करुण ने विदर्भ के लिए 756 की शानदार औसत से 756 रन बनाए हैं, अब रनों के भूखे दिखते हैं, और वे उस निराश खिलाड़ी से बिल्कुल अलग हैं, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'प्रिय क्रिकेट, कृपया मुझे एक और मौका दें।'

क्या वह अवसर उनके पास तब आएगा जब चयनकर्ता इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय मैचों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की एकदिवसीय टीमों की घोषणा करेंगे? केवल समय ही बताएगा, लेकिन उनके पास 'सपने' देखने के अच्छे कारण हैं। करुण ने कहा, 'मेरा सपना हमेशा देश के लिए खेलना होता है। इसलिए, हां, सपना अभी भी जिंदा है। यही कारण है कि हम यह खेल खेलते हैं, अपने देश के लिए खेलना। इसलिए, मेरा एकमात्र लक्ष्य देश के लिए खेलना था।'

अपने करियर में कई बार बड़ी असफलताओं और करीबी हार का सामना करने वाले करुण बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरी तीसरी वापसी है (हंसते हुए)। और मुझे वही करना जारी रखना होगा जो मैं इस समय कर रहा हूं। मैं जितने भी मैच खेलता हूं, उसमें जब भी संभव हो रन बनाता रहूंगा। मैं यही कर सकता हूं। बाकी सब मेरे नियंत्रण में नहीं है। लेकिन जब तक यह (चयन) नहीं हो जाता, यह सिर्फ एक सपना है। यह अभी भी नहीं हुआ है। लेकिन फिर से, जैसा कि मैंने कहा, मैं एक बार में एक पारी पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा।' अपने रन बनाने के तरीके पर वापस आने के लिए उन्होंने अतीत से अलग क्या किया है? उन्होंने कहा, 'मैंने कुछ भी अलग नहीं किया है। कोई रहस्य नहीं है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ सालों की कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है, आप जानते हैं, यह सब एक साथ मिलकर हुआ है। शायद आप कह सकते हैं, हर दिन को एक नए दिन की तरह लेना और यह सुनिश्चित करना कि मैं अपनी हर पारी का सम्मान करूं।' ऐसे भी दिन थे जब 33 वर्षीय खिलाड़ी अपने क्रिकेट भविष्य को लेकर आशंकित था, जब घरेलू मैचों और आईपीएल में रन पूरी तरह से खत्म हो गए थे। उन्होंने कहा, 'अगर मैं कहूं कि मुझे डर नहीं था तो मैं झूठ बोलूंगा। मुझे लगता है कि किसी के मन में भी ऐसी भावनाएं आ सकती हैं। लेकिन मुझे कभी नहीं लगा कि मेरा करियर खत्म हो जाएगा। मुझे बस यह सोचना था कि यह कहां जा रहा है? मैं क्या कर रहा हूं? यह कैसे हुआ? आपको उस दौर से बाहर आने और यह समझने में थोड़ा समय लगता है कि क्या हो रहा है और फिर आपको क्या करना चाहिए। इसलिए, मैंने खुद से कहा कि मुझे फिर से शून्य से शुरुआत करने की जरूरत है। और खुद को कुछ साल दें और देखें कि यह कहां जाता है। और फिर मैं तय कर सकता हूं कि मुझे क्या करना है। तो, यही मेरी सोच थी।'

इस कठिन दौर ने उन्हें खुद के और अपने खेल के बारे में ज़्यादा जागरूक बना दिया। उन्होंने कहा, 'यह एक कठिन परिस्थिति थी। भावनात्मक रूप से, मानसिक रूप से। लेकिन हां, इसने मुझे एक व्यक्ति के रूप में और मेरे क्रिकेट के बारे में बहुत कुछ सिखाया। इसलिए मैं उन सीखों के लिए वास्तव में आभारी हूं। इसके बिना, मुझे नहीं लगता कि मैं इस समय इस स्थिति में होता।'



**संक्षिप्त खबरें**

## सीमा सुरक्षा बल त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू ग्रैफिटी का विमोचन

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप, हजारीबाग में के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में सीमा सुरक्षा बल मेरू परिवार पर संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू ग्रैफिटी के सत्रहवें ई-संस्करण अवधि 01 अक्टूबर 2024 से 31 दिसम्बर 2024 का विधिवत विमोचन किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक, राकेश रंजन लाल, उपमहानिरीक्षक, डी0के0 प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह पत्रिका सीमा सुरक्षा बल के आई0पी0पी0 नेटवर्क/ई-मेल व अन्य डीजिटल प्लेटफार्म द्वारा निर्गत की जाएगी। इस संस्करण में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा गत तीन माह (01 अक्टूबर 2024 से 31 दिसम्बर 2024) की अविध में किए गए क्रियाकलापों विशेषकर प्रशिक्षण, सांस्कृतिक, उच्च अधिकारियों का दौरा, बावा गतिविधियाँ, विभिन्न धार्मिक आयोजन, रोजगार मेला, व नमामि गंगे कार्यक्रम की गतिविधियाँ, आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यों में से कुछ की झलकियाँ दिखाई गई है। इस पत्रिका का सोलहवां ई-संस्करण दिनांक 05 नवंबर 2024 को जारी किया जा चुका हैं। वर्तमान संस्करण पत्रिका सभी पाठकों तक पहुंचे इसलिए इसे पुनः ई-स्वरूप में जारी किया गया है।



## अष्टमूलगुण संस्कार समारोह का भव्य आयोजन 19 जनवरी को

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा दिनांक 19 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे से स्थानीय जैन भवन बड़ा बाजार में परम पूज्य वाक्केशरी आचार्य 108 श्री विनिश्चय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 प्रज्ञान सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 प्रसिद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में अष्टमूलगुण संस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है! कार्यक्रम को लेकर पुरुष महिलाओं समेत बच्चों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है !यह कार्यक्रम मघ,मांस,मधु, बड़,पीपल, पाकर, उमर, कठूमर का सीधे सेवन का त्याग जिसको जैन धर्म की प्रथम सीढ़ी माना जाता है पर आधारित है।बताते चलें कि इस तरह का समारोह हजारीबाग में प्रथम बार हो रहा है। जिसे लेकर समाज के लोगों में काफी जिज्ञासा देखी जा रही है। कार्यक्रम से संबंधित सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।जैन समाज के सदस्यगण जिन्होंने कार्यक्रम में भाग लिया है उन सभी लोगों ने आवेदन पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन भर कर कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। संस्कार शिविर में भाग लेने वाले पुरुषों को सफेद अथवा पीली धोती, महिलाओं को समाज की पारंपरिक पीली साड़ी, बच्चों के लिए सफेद कुर्ता पायजामा एवं बच्चियों के लिए पूर्ण सफेद कुर्ती पायजामा का ड्रेस कोड दिया गया हैं। उक्त सभी जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश लुहाड़िया द्वारा दी गई।



## सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरुकता संबंधी कई कार्यक्रमों का आयोजन

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** हजारीबाग जिले में सड़क सुरक्षा माह 2025 अंतर्गत विभिन्न जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को लेकर राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत इचाक तथा डेमोटांड़ में गाड़ी चलाने के प्रशिक्षण को लेकर इच्छुक अभ्यर्थियों को निः शुल्क हल्के मोटर वाहन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जो एक सप्ताह तक निरन्तर जारी रहेगा। इसके अलावा जिले में विभिन्न स्थानों में सड़क सुरक्षा संबंधी नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जा रहा है साथ ही विभिन्न स्थानों में जागरूकता रथ के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जा रही है और पम्पलेट भी वितरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सड़क सुरक्षा टीम यातायात पुलिस के साथ मिल कर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों की काउंसलिंग भी कर रही है।जिले में सड़क सुरक्षा माह 2025 को लेकर आदर्श +2 उच्च विद्यालय हजारीबाग में सड़क सुरक्षा टीम तथा यातायात पुलिस प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा यातायात नियमों के पालन के बारे में बताया गया। साथ ही इसके उल्लंघन करने पर लगने वाले दंड , हिट एंड रन मामले में मिलने वाली मुआवजा राशि तथा गुड समरितन आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।



## राघव पंडित अपनी टीम के साथ कराएंगे वर- वधू का फेरा

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 में प्रमुख आकर्षण का केंद्र कोलकाता के यूनिक म्यूजिकल फेरे के लिए विश्वविख्यात राघवेंद्र कुमार गौतम उर्फ़ राघव पंडित और उनकी टीम रहेगी। उनके साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाके से पंडितों की टीम वर- वधू को सात फेरे लगायेंगे और उनका विवाह संपन्न कराएंगे ।आपको बताते चले कि एक साथ 101 दुल्हा का बारात गाजे- बाजे के साथ निकलेगा। बारात में शहनाई बजेगी, ढोला - तासे बजेंगे, आतिशबाजी होंगी तो सड़कों पर 101 दूल्हे के गाड़ियों के काफिले के साथ उनके परिजन और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लाखों लोग बाराती में शामिल होंगे और इस क्षण का गवाह बनेंगे। बारात और शादी में कई गणमान्य अतिथियों के भी आने की संभावना है। हजारीबाग स्टेडियम (कर्ज़न ग्राउंड) में एंट्री गेट के साथ पैसेज को आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा।



केमिकल डिज़ास्टर से संबंधित टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन

# सिलेंडर लेते समय अवश्य कराएं गैस लिकेज की जांच : उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में केमिकल डिज़ास्टर से संबंधित जिला स्तरीय मॉक अभ्यास हेतु टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। टेबल टॉप एक्सरसाइज में सर्वप्रथम एनडीआरफ के पदाधिकारी ने केमिकल डिज़ास्टर और उसके फ्रेमवर्क पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह भारत की एक विशेष टीम है जो आपदाओं से निपटने और उनके बाद के कामों को मैनेज करने के लिए काम करती है। यह प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिए त्वरित, पर्याप्त, और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में माहिर है। उन्होंने बताया कि भारत मे कुल 16 एनडीआरफ की टीम काम कर रही है। वंही झारखंड में कुल 04 टीम काम कर रही है। हज़ारीबाग में एनडीआरफ के 9वीं बटालियन काम कर रही है।टेबल टॉप एक्सरसाइज़ में एलपीजी भराई सयंत्र के प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि केमिकल डिज़ास्टर से संबंधित जिला स्तरीय मॉक अभ्यास में सिखाया जाता है कि कैसे स्वयं को और अपने आस-पास के लोगों को बचाया जाए, आपातकालीन स्थिति को नियंत्रित करने के तरीके, क्या करें, क्या न करें, पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान करना, अस्पताल पहुंचना आदि। तैयारी और अभ्यास करने से कई लोगों की जान, संपत्ति और आसपास की सुरक्षा होगी। अभ्यास से ऐसी घटनाओं का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। अभ्यास से मैन पावर, रिसोर्स में कितना गैप है इसका पता चलता है।उन्होंने सिलेंडर सेफ्टी से संबंधित जानकारी दी और बताया कि लोगों को या विद्यार्थियों को बाजार या खुले में बिक रहे सिलेंडरों के इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। सिलेंडर में लिकेज संबंधित मामलों को लेकर टोल फ्री नंबर 1906 पर कॉल कर तुरंत जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सिलेंडर बॉय से सिलेंडर लेते समय सिलेंडर लिकेज की जांच जरूर करवाएं। उन्होंने बताया कि शनिवार को बरही एलपीजी प्लांट सिनेरियो पर केमिकल डिज़ास्टर से संबंधित जिला स्तरीय मॉक अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास के दौरान स्थानीय प्रशासन को अलर्ट मोड़ पर रहने की जरूरत है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि केमिकल डिज़ास्टर से संबंधित टेबल टॉप एक्सरसाइज हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी सीधे तौर पर इससे जुड़े हुए हैं। केमिकल डिज़ास्टर और सिलेंडर लिकेज की रोकथाम के लिए हमे लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सिलेंडर बॉय से सिलेंडर लेते समय गैस लिकेज की जांच अवश्य करवानी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि स्थानीय पदाधिकारी और एजेंसी को लोगो में जागरूकता लाने की दिशा में काम करें।




## पंचायत सेवक अबुआ आवास में ले रहा था घुस एसीबी ने दबोचा

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग ने पंचायत सेवक को घुस लेते गिरफ्तार किया! आवेदिका चमेली देवी, पति-जानकी रविदास, ग्राम-करगालो, पो०-अचलजामो, थाना-विष्णुगढ़, जिला-हजारीबाग के द्वारा इस आशय का आवेदन दिया गया था कि, इन्हें अबुआ आवास योजना से आवास पास हुआ है। उस आवास योजना में इन्हें दो किस्तों में 80,000 /- रूपया मिल चुका है। इन्के द्वारा आवास निर्माण का काम चालू कर दिया गया है। तीसरे किस्त के लिये जब ये पंचायत सेवक दीपक दास से मिली तो उनके द्वारा बोला गया कि इसके लिये आपको 11,000 /- रूपया देना होगा। जबतक 11 हजार रूपया नहीं दीजियेगा तबतक आपके खाते में तीसरा किस्त नहीं जाएगा। ये घूस देना नहीं चाहती थी, इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, भ्र०नि० ब्यूरो, हजारीबाग के पदनाम से आवेदन दिया गया था।उक्त आवेदन के संबंध में सत्यापनकर्ता द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया, तथा सत्यापन प्रतिवेदन में 11,000 /- रूपया रिश्वत माँगने की बात सत्य पाया गया। परिवादिनी के आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्र०नि० ब्यूरो, हजारीबाग थाना कांड सं0-01/2025, दिनांक-16.01.2025 पंजीकृत किया गया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं दो सरकारी गवाह के उपस्थिति में भ्र०नि० ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप टीम ने शुक्रवार को प्राथमिकी अभियुक्त दीपक दास, पिता-श्रीराम दास, सा०-नरैना, थाना-चलकुशा, जिला-हजारीबाग, सम्प्रति पंचायत सचिव, करगालो एवं अचलजामों पंचायत, अंचल-विष्णुगढ़, जिला-हजारीबाग को वादिनी से 11,000 /- रूपया रिश्वत लेते हुए रंगे हाँथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## जीवन अनमोल है यातायात नियमों का पालन करें : पुलिस अधीक्षक

बिभा संवाददाता



**रामगढ़।** 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार शहर के बीचो-बीच सुभाष चौक में यातायात नियमों का पालन करने हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ अजय कुमार,हजारीबाग क्षेत्रीय प्राधिकार के सचिव विजय कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स, पुलिस उपाधीक्षक चंदन वत्स, सीडीपीओ रामगढ़, यातायात प्रभारी,टैक्सी मेन्स यूनियन अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा सहित अन्य की उपस्थिति में नेत्र जॉच शिविर का विधिवत रूप से दीप प्रज्जित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर नुक्कड़ दल के द्वारा यातायात के नियमों का पालन करने हेतु लाभ एवं यातायात नियमों का नहीं पालन करने हेतु होने वाले दुर्घटनाओं आदि समस्याओं की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा आम लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए बिना हेलमेट वाले दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण कर प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया। वहीं बिना सीट बेल्ट धारक चालको एवं बिना हेलमेट पहन दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। आम नागरिकों के बीच सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार में सभी वाहन चालकों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने का अपील किया साथ ही उन्होंने कहा कि अगर सभी लोग यातायात नियमों का पालन करते हैं तो हो रही रोज की सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है यातायात नियमों का पालन कर हम अपने जीवन की रक्षा तो करेंगे ही साथ ही अन्य परिवार के सदस्यों की जीवन की भी रक्षा की जा सकती है वहीं उन्होंने बड़े वाहन चालकों को वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिव स्टीकर चिपकाने का अपील किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, रामगढ़, डॉ संजय सिंह,समाज सेवी अरूण कुमार सिन्हा, राकेश गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## केसीसी ऋण चुकाओ, ऋण पाओ, 70 से 90% तक की छूट




बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** एनपीए केसीसी ऋण खातों में बीओआई समझौता स्कीम के तहत भारी राहत – 70 से 90% तक की भारी छूट। किसान भाइयों का केसीसी खाता किसी कारणवश एनपीए (खराब) हो गया है और वे अपने केसीसी खाते में पैसा जमा करने में असमर्थ हैं साथ ही उनके खाते को खराब हुए दो साल से अधिक हो चुका है उन पुराने केसीसी खातों मे 70 से 90% तक की भारी छूट बीओआई स्टार संजीवनी स्कीम के अन्तर्गत किसानों को दी जानी है। सभी ऐसे किसानों से आवाहन किया जाता है कि अपने नजदीकी बीओआई शाखा में जाकर पुराने केसीसी ऋण को चुकाकर नए केसीसी लिमिट नए वित्तीय पैमाने के तहत 3 लाख रुपये तक राशि निम्न प्रकार से प्राप्त करें: एक लाख रुपये से कम की राशि बिना किसी प्रतिभूति सिक्योरिटी और बिना एलपीसी के, एक लाख से दो लाख रुपये की राशि – एल पी सी के साथ दो लाख रुपये से अधिक की राशि – एल पी सी व प्रतिभूति बंधक के साथ! प्रबंधक नरेन्द्र कुमार (आंचलिक प्रबंधक) अजीत पोद्दार (उप आंचलिक प्रबंधक) लक्ष्मी नारायण डागरा (उप आंचलिक प्रबंधक), विमल कांत झा (मुख्य प्रबंधक, ऋण निगरानी विभाग) मधु मिश्रा (वरिष्ठ प्रबंधक, कृषि विभाग) मनोज कविराज (विपरण प्रबंधक) प्रेस वार्ता शामिल रहे।

## पूर्व एसडीओ का अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**हजारीबाग।** पत्नी की हत्या के आरोपी हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। व्यवहार न्यायालय के अपर न्यायाधीश छः की अदालत में एबीपी न. 133/2025 में पूर्व एसडीओ के अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राज कुमार राजू ने दलील पेश की। अधिवक्ता ने पूर्व एसडीओ की गिरफ्तार पर रोक लगाने का प्रार्थना न्यायालय से किया। उन्होंने न्यायालय में दलील पेश करते हुए कहा कि प्रथम दृष्ट्या में इस मामले के अभियुक्त बेगुनाह है। दुर्घटना के कारण उनकी पत्नी जल गई थी। पत्नी को बचाने के क्रम में उनके दोनों हाथ भी जल गए थे। न्यायालय में यह भी कहा गया कि एसडीओ ने बड़े अस्पताल में अपनी पत्नी का ईलाज भी कराया। न्यायालय ने अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद पूर्व एसडीओ की गिरफ्तारी पर रोक लगाने की प्रार्थना को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मामला संगीन है। अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनाई 29 जनवरी को होगी।

## दुधारू गाय योजना अंतर्गत 17 लाभुकों के बीच गाय का वितरण



**हजारीबाग।** झारखंड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग) द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत दुधारू गाय की योजना के कुल 17 महिला लाभुकों को दुधारू गाय का वितरण आज 17 जनवरी को उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद एवं अन्य जन प्रतिनिधि द्वारा किया गया। ज़िला गव्य विकास कार्यालय हज़ारीबाग़ द्वारा ज़िला स्तरीय दुधारू पशु मेला का आयोजन ज़िला गव्य विकास कार्यालय के समीप आयोजित किया गया। पशु मेला का उद्घाटन हज़ारीबाग़ ज़िला के उप विकास आयुक्त के द्वारा किया गया। दुधारू पशु मेला में डॉ.न्यूटन तिर्की ज़िला गव्य विकास पदाधिकारी एवं ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

## डेंटल कॉलेज में 22 जनवरी को लगेगा रक्तदान शिविर



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में श्रीनिवास ब्लड सेंटर द्वारा आगामी 22 जनवरी को समय सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का लगाया जाएगा। मरीज एवं थैलेसीमिया पीड़ित के सहयोगार्थ में यह शिविर लगाया जाएगा। शिविर में एकत्र रक्त से थैलेसीमिया पीड़ित एवं मरीजों को ससमय रक्त उपलब्ध करवाया जाएगा। श्रीनिवास ब्लड सेंटर टीम रक्तदाताओं से रक्त संग्रह में अपना सरहानीय योगदान देंगी। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने हजारीबाग जिला के स्वैच्छिक रक्तदाताओं को शिविर में पहुंचकर अवश्य रक्तदान करने का अपील किया है। रक्त पीडितो के मदद में आगे आने का आव्हान की है। उन्होंने कहा है कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक करना है।

## पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिया दिशानिर्देश

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग।** पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए.5/10 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया. सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया !जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया.सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया.अवैध पोस्ता एवं अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्घ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उनके विरुद्घ सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया. महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया.नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया.विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्घ कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया.नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया.संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सी सी ए एवं एन एस ए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया.सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया.अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

# अबुआ आवास समेत कई योजनाओं के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना अबुआ आवास योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 -25 के पूर्व लंबित आवासों में जिन लाभुकों के द्वारा राशि के भुगतान के उपरांत भी निर्माण कार्य नहीं कराया गया है उन सभी लोगों को एक सप्ताह के अंदर आवास निर्माण पूर्ण करने अथवा सर्टिफिकेट केस किए जाने को लेकर नोटिस देने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिन लाभुकों को आवास निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है उन्हें 22 जनवरी तक प्रथम किस्त का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। अबुआ आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2023- 24 में जिन अवसान का निर्माण कार्य ढ़लाई स्तर तक पूर्ण कर लिया गया है उन सभी आवासों में बाकी बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए 3 फरवरी को सरस्वती पूजा के दिन एक साथ सभी आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। मनरेगा अंतर्गत पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायत में निर्मित किए जाने वाले खेल मैदानों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन पंचायत में अब तक खेल विकास योजना के तहत मैदान का निर्माण नहीं हो पाया है उनसे संबंधित प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों से प्राप्त करने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन लोगों के द्वारा राशि के भुगतान के उपरांत भी निर्माण कार्य नहीं कराया गया उन्हें नोटिस देने का निर्देश दिया साथ ही उपायुक्त ने लंबित कूप निर्माण योजनाओं को 15 फरवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा योजनाओं के जियो टैगिंग, एरिया ऑफिसर एप, सोशल ऑडिट, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट, पीएम जनमन योजना, मल्टीपरपज हॉल निर्माण योजना, जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित बिरहोर टोला में सोलर लाइट लगाने, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, सहित अन्य योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला स्तरीय अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



**सांसद, विधायक एवं सीएसआर मद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा**

## अप्रैल 24 से पुर्व की योजनाओं को 31 जनवरी तक पूर्ण करें

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत सांसद, विधायक एवं सीएसआर मद अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान के उपायुक्त के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 –25 के पूर्व लंबित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के पूर्व ली गई योजनाओं को अभियान मोड में कार्य करते हुए 31 जनवरी तक सभी योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया वहीं जिन योजनाओं को पूर्ण किया जाना संभव नहीं है उनसे संबंधित प्रतिवेदन 25 जनवरी तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024– 25 में ली गई योजनाओं की समीक्षा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए गए। सीएसआर के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन एजेंसियों के द्वारा अब तक उनके द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों से संबंधित सीएसआर प्लान उपलब्ध नहीं कराया गया है उनसे तत्काल सीएसआर प्लान प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने रामगढ़ जिला अंतर्गत ड्राइविंग ट्रैक के निर्माण हेतु भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला स्तरीय अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## सियालदह मंडल अंतर्गत आरयूबी के निर्माण के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

**हाजीपुर(बिभा):** सियालदह मंडल अंतर्गत बालीघाट-बालीहाल्ट रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के मद्देनजर ट्रैफिक ब्लॉक लिए जाने के कारण निम्न ट्रनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है:

**परिचालन रद्द की गयी ट्रेनें:** गाड़ी संख्या 12359 कोलकाता-पटना गरीब रथ एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 21, 23 एवं 25 जनवरी को रद्द रहेगा । गाड़ी संख्या 12360 पटना-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 22, 24 एवं 26 जनवरी को रद्द रहेगा । गाड़ी संख्या 15234 दरभंगा-कोलकाता एक्सप्रेस का परिचालन 22.01.2025 को रद्द रहेगा । गाड़ी संख्या 15233 कोलकाता-दरभंगा एक्सप्रेस का परिचालन 23.01.2025 को रदद रहेगा । गाड़ी संख्या 03347 पटना-आरा स्पेशल का परिचालन 22, 24 एवं 26 जनवरी को रद्द रहेगा । गाड़ी संख्या 03348 आरा-पटना स्पेशल का परिचालन 22, 24 एवं 26 जनवरी को रद्द रहेगा ।

**मार्ग परिवर्तन ( दमदम जं.-नैहाटी के रास्ते):** दिनांक 23.01.2025 से 26.01.2025 तक कोलकाता से खुलने वाली 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 एवं 26.01.2025 को सियालदह से खुलने वाली 12259 सियालदह-बीकानेर एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 12315 कोलकाता-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 22323 कोलकाता-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 12325 कोलकाता-नांगलडेम एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 से 26.01.2025 तक सियालदह से खुलने वाली 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 13167 कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 से 26.01.2025 तक सियालदह से खुलने वाली 12313 सियालदह-नई दिल्ली एक्सप्रेस। दिनांक 24.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 12496 कोलकाता-बीकानेर एक्सप्रेस। दिनांक 24.01.2025 को सियालदह से खुलने वाली 12379 सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस। दिनांक 25.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 13165 कोलकाता-सीतामढ़ी एक्सप्रेस। दिनांक 25.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस। दिनांक 26.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 12317 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस। दिनांक 26.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 13121 कोलकाता-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस।

**मार्ग परिवर्तन ( नैहाटी-दमदम जं के रास्ते):** दिनांक 21.01.2025 से 24.01.2025 तक जम्मूतवी से खुलने वाली 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 एवं 24.01.2025 को बीकानेर से खुलने वाली 12260 बीकानेर-सियालदह एक्सप्रेस। दिनांक 24.01.2025 को गाजीपुर सिटी से खुलने वाली 22324 गाजीपुर सिटी-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 25.01.2025 को नांगलडेम से खुलने वाली 12326 नांगलडेम-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 22.01.2025 से 25.01.2025 तक अजमेर से खुलने वाली 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस। दिनांक 22.01.2025 से 25.01.2025 तक नई दिल्ली से खुलने वाली 12314 नई दिल्ली-सियालदह एक्सप्रेस। दिनांक 22.01.2025 को आनंद विहार से खुलने वाली 12330 आनंद विहार-सियालदह एक्सप्रेस। दिनांक 22.01.2025 को जम्मूतवी से खुलने वाली 22318 जम्मूतवी-सियालदह एक्सप्रेस। दिनांक 22.01.2025 को अहमदाबाद से खुलने वाली 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 को अमृतसर से खुलने वाली 12358 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 को ग्वालियर से खुलने वाली 12320 ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 23.01.2025 को बीकानेर से खुलने वाली 12495 बीकानेर-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 24.01.2025 को अमृतसर से खुलने वाली 12318 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 25.01.2025 को आगरा कैंट से खुलने वाली 13168 आगरा कैंट-कोलकाता एक्सप्रेस। दिनांक 26.01.2025 को दरभंगा से खुलने वाली 15234 दरभंगा-कोलकाता एक्सप्रेस।

## ट्रैक का निरीक्षण करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आया रेलकर्मी, मौत

**डालटनगंज(बिभा):** डालटनगंज रेलवे स्टेशन से करीब 2 किलोमीटर दूर सुदना रेलवे क्रॉसिंग पर शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। रेलवे में ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत 30 वर्षीय अभिषेक कुमार ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अभिषेक कुमार बिहार के गया जिले का निवासी था। मिली जानकारी के अनुसार अभिषेक की ड्यूटी रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक थी। हादसे के दौरान वह रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर रहे थे। सुबह करीब 3:30 बजे, जब वह पटरियों पर चलकर जांच कर रहे थे, तभी गढ़वा की ओर से तेज गति से आ रही अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद रेलवे अधिकारियों ने अभिषेक के परिवार को सूचना दी। डालटनगंज रेलवे क्वार्टर में रहने वाले उनके परिजनों के पहुंचने के बाद ही पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। वहीं डालटनगंज रेलवे स्टेशन के सुपरीटेंडेंट उमेश कुमार ने इसे ड्यूटी के दौरान असावधानी का मामला बताया। हालांकि, मृतक के सहकर्मियों का कहना है कि यदि ट्रैकमैन को जीपीएस ट्रैकर जैसी सुरक्षा सुविधाएं दी गई होतीं, तो यह हादसा टाला जा सकता था।

## धनबाद रेलवे स्टेडियम में स्पोर्ट्स मीट का किया गया सफलतापूर्वक समापन




**धनबाद(बिभा) :** धनबाद रेलवे स्टेडियम में चले स्पोर्ट्स मीट-2025 का आज सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा द्वारा विभिन्न स्पोर्ट्स मीट इवेंट्स के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा गरिमा सिन्हा सहित महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अन्य सदस्याएं, मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### झारखंड दौरे के दूसरे दिन केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल. मुरूगन ने चाईबासा में आकांक्षी जिला विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

# सरकार को अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है : मंत्री

### डॉ. मुरुगन ने जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आईटीआई केंद्र और करंजिया केज कल्चर मछली पालन केंद्र, तथा जिले के पीएम विद्यालय का किया निरीक्षण

बिभा संवाददाता

**चाईबासा:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण (राज्य) मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार डॉ एल मुरुगन अपने चाईबासा यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को उपायुक्त सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रमों जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।




इस समीक्षा बैठक में मंत्री के साथ चाईबासा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर और उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा और विभिन्न विभागो और योजनाओं से जुड़े जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन से जुड़े चाईबासा में चलाए जा रहे अभियानों और इनसे जुड़े आंकड़ों की समीक्षा कर अपने विचार और सुझाव साझा किए।

मंत्री ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, कुपोषित बच्चों से जुड़े आंकड़ों, टीबी के इलाज और प्रबंधन, आंगनवाड़ी केंद्रों को स्थिति, सड़क, बिजली, पानी, विद्यालयों की संख्या और वर्तमान स्थिति, सेल्फ हेल्प ग्रुप की स्थिति, जन धन खातों की संख्या, मृदा स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े, एक जिला एक उत्पाद से जुड़े कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और अपने सुझाव दिए।

मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है, सबका साथ सबका विकास का प्रधानमंत्री का लक्ष्य है, इसी ध्येय से ही हम विकसित भारत का 2047 तक निर्माण कर सकते हैं। समीक्षा बैठक से पूर्व आज सुबह मा. केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ.एल.मुरुगन ने जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आईटीआई केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मा.मंत्री ने आईटीआई में विभिन्न ट्रेड आधारित वर्कशॉप का अवलोकन क्रम में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस प्रखंड के करंजिया में स्थानीय लाभुक समिति द्वारा केज कल्चर के माध्यम से किए जा रहे हैं मछली पालन कार्य का अवलोकन कर लाभुकों संग संवाद भी किया गया। मंत्री ने चाईबासा सदर स्थित पीएम स्कूल टाटा कॉलेज कॉलोनी, मध्य विद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान मा.मंत्री ने साइंस लैब, कंप्यूटर लैब व संचालित क्लासरूम का अवलोकन करते हुए अध्यनरत विद्यार्थियों संग वातार्लाप भी किया।

उनके द्वारा जिला अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्कूल में ड्रॉप आउट के दर को कम करना जरूरी है। आयुष्मान भारत योजना के लाभर्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया जाय, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के तहत मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाया जाय और अधिक रोजगार पैदा किया जाय। सेल्फ हेल्प ग्रुप की गतिविधियों को बेहतर बनाने और इसे ' एक जिला एक उत्पाद' से जोड़ा जाए।

मंत्री ने जिले में ड्रोन दीदी योजना को और बेहतर बनाने का सुझाव दिया तथा श्रम विभाग के अधिकारियों को बाल श्रम को रोकने के लिए विशेष कैंपेन चलने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आवास आवंटन के लक्ष्यों को पूरा करने और जल जीवन मिशन के तहत लक्ष्य को त्वरित कार्रवाई कर प्राप्त करने का भी निर्देश दिया।

मंत्री ने स्थानीय डिविजनल प्रबंधक से भी मीटिंग कर रेलवे की संदर्भित समस्याओं का निवारण करने हेतु जरूरी निर्देश दिए। उनके इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में जिले के जन प्रतिनिधि, योजनाओं के लाभार्थी और आम जन भी उनसे मिलने आए।

आज आयोजित किए गए सभी कार्यक्रमों के जरिए जिला प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, कृषि आदि में जिला में योजनाओं के क्रियान्वयन की एक तस्वीर मंत्री के सामने रखा।

# चांगडू में नीलगिरि व दोसीमा में मुन्गा बुरु मेला लगा, लोग गाजे बाजे के साथ पहुंचे



बिभा संवाददाता

**सिल्ली :** शुक्रवार को सिल्ली के चांगडू में नीलगिरि व दोसीमा में नाग देव मुन्गा बुरु मेला लगा. बड़ी संख्या में लोग अपने पारंपरिक टुसू चौड़ल के साथ गाजे-बाजे के साथ नृत्य करते हुए मेला में शामिल हुए. मेला कमिटी की ओर से नृत्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय विधायक मेला में शामिल हुए कहा वैसे तो झारखंड के सभी पर्व-त्योहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं, लेकिन टुसू पर्व का महत्व कुछ और ही है। मुन्गा बुरु मेला में महिला पाता नाच और पांचपरगनिया झूमर गीत ने लोगों का मन मोह लिया। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि कई गन्यमान्य लोग समेत बड़ी संख्या में मेला प्रेमी मौजूद थे।

## शिवटँगरा टुसु मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**राहे(बिभा)।** प्रखंड के महेशपुर-पूरनानगर गांव में शुक्रवार को शिवटँगरा टुसु मेला का आयोजन किया गया। लोग मेला में चौड़ल के साथ नाचते गाते आये। मेले में झारखंड लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। मेले में कई तरह के स्टॉल लगे थे। लोग मेला परिसर में स्थित शिवलिंग की पूजा अर्चना भी किये। चौड़ल दल लोक नृत्य प्रस्तुत किया।भेलकी टुसु दल, ताऊ टुसू दल, पोवादीरी दल, फुलवार दल के आकर्षक चौड़ल लाये गये थे। अतिथियों द्वारा चौड़ल-टुसु दल को पुरस्कृत किया गया। मौके पर अक्षय महतो,सुचाँद महतो,राधामोहन महतो, वीरेंद्र महतो, शिव प्रसाद महतो,लालू गोंझु आदि मौजूद थे।

## नई दिल्ली में सम्मानित हुए 25 नौसेना नागरिक, ईयर ऑफ नवल सिविलियन कार्यक्रम में शामिल हुए राजनाथ सिंह और संजय सेठ




बिभा संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली:** ईयर ऑफ नवल सिविलियन के तहत नवल सिविलियन के योगदान को लेकर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल हुए. इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन और उद्बोधन प्राप्त हुआ. कार्यक्रम की शुरूआत फोटो और पेंटिंग प्रदर्शनी से हुई, जिसमें नौसेना के नागरिकों की कलात्मक प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया. कलाकृतियों में कार्यस्थल पर जीवन के दृश्य और नौसेना के परिचालन समर्थन में नागरिकों के विभिन्न योगदानों को दशार्या गया.

प्रदर्शनी में न केवल नौसेना के नागरिकों द्वारा निभाई गई तकनीकी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला गया, बल्कि उनकी रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी दिखाया गया, जो नौसेना के मिशन में उनके योगदान को दशार्ती हैं. श्रम पुरस्कार प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं, जिन्होंने अपनी-अपनी भूमिकाओं में असाधारण समर्पण और उत्कृष्ट योगदान दिखाया है.

अनुकरणीय सेवा और योगदान के सम्मान में, राजनाथ सिंह ने 9 सराहनीय पुरस्कार और 16 नकद पुरस्कार नौसेना के उन नागरिकों को प्रदान किए, जिन्होंने अपने कर्तव्य के दौरान उत्कृष्ट समर्पण और व्यावसायिकता का प्रदर्शन किया है. रक्षा मंत्री ने पुरस्कार विजेताओं की उनकी प्रतिबद्धता, दृढ़ता और अपने-अपने कर्तव्यों से परे योगदान के लिए सराहना की. इस अवसर पर सीडीएस अनिल चौहान भी उपस्थित रहे. नौसेना के नागरिकों के महत्वपूर्ण योगदान पर परिचर्चा हुई. सबने पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम सबने पूर्ण कौशल और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया.

## सीसीरटांड में हाथियों ने घर तोड़ धान खाया

बिभा संवाददाता

**राहे।** थाना क्षेत्र के सीसीटांड़ गांव के दिलीप महली के घर के छप्पर ओर एस्बेस्टस को तोड़ कर हाथियों के झुंड ने मन भर धान को खाया है। घटना गुरुवार रात की है। हाथियों के झुंड बांस वन से निकल कर सीसीटांड़ गांव पहुंचे और दिलिप महली के घर में रखे 50 क्विंटल धान को मन भर खाया है। धान खाने के बाद हाथियों का झुंड सुमानडीह



गांव के किसान सुरेश अहीर के खेत में लगे लौकी ओर आलू को नष्ट कर दिया है। हाथियों के झुंड लगातार राहे आसपास के गांव में उत्पात मचा रखा है। ग्रामीणों ने हाथियों को भागने के मांग किया है।

## दो बाइक की सीधी टक्कर से दो घायल, विधायक ने अपने गाड़ी में उठाकर अस्पताल पहुंचाया

**सिल्ली( बिभा):** शुक्रवार को शाम के करीब 5 बजे सिल्ली पतराहातु सड़क पर बंता हजाम के समीप दो बाइक की सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी की एक बाइक में सिल्ली थाना क्षेत्र के कारियाडीह निवासी लुपुंग पंचायत के रोजगार सेवक युधिष्ठिर महतो गंभीर रूप से घायल हुए है वही दूसरी बाइक में सवार एक युवक घायल हुआ है जो बंगाल का गोसाईडीह निवासी बताया जाता है। दोनों घटनास्थल पर पड़ा हुआ था.और काफी खून बह रहा था. विधायक नीलगिरि मेला जा रहे थे यह देख उन्होंने गाड़ी रोका और अपने गाड़ी में उठाकर दोनों घायलों को सामुदायिक अस्पताल सिल्ली पहुंचाया।

## ग्रामीणों ने अवैध पोस्ते के खेती को किया नष्ट

बिभा संवाददाता



**राहे।** थाना क्षेत्र के बेहराबेड़ा गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर जंगल के बीच पांच एकड़ से अधिक जमीन में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया है। राहे पुलिस थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार गांव गांव जाकर ग्रामीणों को नशीली पदार्थ का खेती और सेवन से होने वाले बुराइयों की जानकारी लोगों के बीच दिए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बेहराबेड़ा गांव में ग्रामीणों के साथ राहे पुलिस ने बैठक कर अफीम से होने वाले नुकसान की जानकारी लोगों को दिया। पुलिस के सक्रिय भूमिका से प्रभावित होकर ग्रामीण एकजुट होकर जंगल में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया है। ग्रामीणों ने अपील किया है कि जिसने भी चोरी छुपे खेती कर रहे हुए समय रहते नष्ट करें नहीं तो ग्राम सभा में उन्हें दंडित करने का काम करेगा। पुलिस के पहल और ग्रामीणों के जागरूकता से एक गांव से पोस्ते की खेती को पूर्ण रूप से नष्ट किया गया है।

## पीडीएस दुकानदार राशन का शत प्रतिशत वितरण करें अन्यथा कार्रवाई होगी:चंदन कुमार


**चंदवा(बिभा)।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सामग्रियों का उठाव एवं वितरण की समीक्षा की गई उन्होंने सभी दुकानदारों से सत प्रतिशत वितरण करने का निर्देशित किया।यह भी कहा दुकानदार उठाओ वितरण में लापरवाही ना बरते अपने कार्यशाली पर सुधार लाएं। उन्होंने राशन कार्ड धारकों का सत प्रतिशत ई केवाईसी एंट्री करने का निर्देशित किया। मौके पर सहायक गोदाम प्रबंधक पवन सिंह,प्रखंड ऑपरेटर संजय यादव,शाहिद खान,रमेश प्रसाद, संतोष प्रसाद, गणेश चौरसिया समेत सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

# मुखिया एवं झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने जमीरा में जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

बिभा संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के जमीर पंचायत सचिवालय में बुधवार को बढ़ते ठंड को लेकर कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष सित मोहन मुंडा एवं मुखिया दुर्गावती देवी ने पंचायत के विभिन्न वार्डों से चयनित दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। जिला उपाध्यक्ष ने कहा बढ़ते ठंड में किसी असहाय एवं गरीबों की सरकार एवं प्रशासन तत्पर है। वहीं मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा पंचायत के प्रत्येक लोगों तक लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका है। सभी वार्ड सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधि क्षेत्र में ध्यान रखें की कोई भी जरूरतमंद सरकार की कल्याणकारी योजना से वंचित न रहें। इधर कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर ग्रामीण में उत्साह दिखा। मौके पर झामुमो युवा अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, वार्ड सदस्य पुनीता उरांव, दिलीप मुंडा, किशन मुंडा समेत ग्रामीण मौजूद थे।






**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com